ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 29 मई 2024
वर्ष 34, अंक 122, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमयी ग्रह 16
अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे 15

रणजीत मर्डर केस में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम बरी

- हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत सीबीआई कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

सिरसा। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी। डेरे के पूर्व मैनेजर रणजीत हत्याकांड मामले में डेरा प्रमुख सहित पांच अन्य आरोपियों को सीबीआई कोर्ट के फैसले को रद करते हुए बरी कर दिया है। यह मामला 22 साल पुराना है। मामले में 19 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने डेरा प्रमुख राम रहीम को दोषी करार दिया था। राम रहीम फिलहाल, पत्रकार रामचंद्र छत्रपति, साध्वी यौन शोषण मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है और उस मामले में सजा बरकरार रहेगी। कुरुक्षेत्र के कोलिया गांव निवासी डेरा साधु रणजीत सिंह की 10 जुलाई 2002 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। डेरा प्रबंधन को शक था कि जो गुमनाम चिठी डेरा प्रमुख के खिलाफ जारी हुई वह रणजीत सिंह ने अपनी बहन से लिखवाई थी।

वोट जिहाद के लिए तृणमूल ने छीने ओबीसी के अधिकार : मोदी

प. बंगाल के बारासात में चुनावी रैली में ममता बनर्जी पर बरसे प्रधानमंत्री

- मोदी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीशों पर सवाल उठाने के लिए ममता बनर्जी की आलोचना की

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और वोट जिहाद को बढ़ावा देने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं के अधिकार छीनने का आरोप लगाया।

बारासात में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम लिए बिना कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर सवाल उठाने के लिए उनकी आलोचना की और आश्चर्य जताते हुए कहा कि क्या तृणमूल कांग्रेस प्रतिकूल फैसलों के बाद अब न्यायधीशों के पीछे भी अपने गुंडे छोड़ देगी?

उन्होंने कहा बंगाल में तृणमूल ने ओबीसी को जो धोखा दिया, उसकी पोल अदालत ने खोल दी है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है कि 77 मुसलमान जातियों को ओबीसी घोषित करना गैर-कानूनी और असंवैधानिक है। यानी तृणमूल ने लाखों ओबीसी नौजवानों का हक रातों-रात वोट जिहाद वालों की मदद के लिए लूट लिया। तृणमूल ने राज्य के ओबीसी समुदाय को धोखा दिया है। मोदी ने कहा तृणमूल से सच बर्दाश्त नहीं होता। जो कोई भी तृणमूल के गुनाह सामने लाता है, वह उनको निशाना बनाती है।



दुमका में आयोजित रैली में प्रधानमंत्री को सम्मानित करते भाजपा पदाधिकारी।

झारखंड में घुसपैठ बड़ा संकट

दुमका (झारखंड)। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा घुसपैठ के कारण संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी कम हो रही है। उन्होंने झामुमो के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। दुमका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने सुना है कि लव जिहाद शब्द का ईजाद झारखंड के लोगों ने किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के एक जिले में ईसाई समुदाय से जुड़े साप्ताहिक अवकाश का दिन रविवार से बदलकर शुक्रवार करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा अब झारखंड में एक बड़ा संकट घुसपैठियों का हो गया है।

बम की सूचना पर यात्रियों को इमरजेंसी गेट से निकाला

- दिल्ली से वाराणसी के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में बम होने की सूचना अफवाह निकली

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई2211) में मंगलवार सुबह टेकऑफ से पहले बाथरूम में एक कागज का टुकड़ा मिला, जिसमें 30 मिनट में बम ब्लास्ट लिखा हुआ था। यह खबर विमान में बैठे यात्रियों में फैल गई और अफरातफरी मच गई। जिसके बाद क्रू मेंबर्स ने पैसेंजर्स को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला। कई यात्री विंग के जरिए प्लेन से उतरे गए। फ्लाइट में 176 पैसेंजर्स थे। इसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर क्यूआरटी और बम डिस्पोजल टीम बुलाई गई। प्लेन की तलाशी ली गई, लेकिन अधिकारियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 5 बजे वॉशरूम में पायलेट को टिशू पेपर मिला था। यह पेपर वॉशरूम में कैसे पहुंचा, इसकी जांच चल रही है।

ज्येष्ठ का सितम, पांच की मौत

प्रदेश के कई शहरों में टूटा रिकार्ड, दो दिन तपिश से राहत मिलने के आसार नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ज्येष्ठ माह शुरू होते ही गर्मी ने प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। अलग-अलग जिलों से मरने वालों की पांच घटनाएं सामने आयीं हैं। इनमें इटावा में दो और हमीरपुर, महोबा एवं जालौन में एक-एक की मौत हुई है।

हालांकि स्थानीय राहत आयुक्त कार्यालय ने इसकी पुष्टि नहीं की। भीषण गर्मी और लू के बीच झांसी में पारा 49 डिग्री को छू गया है, जो पिछले 32 साल में सबसे ज्यादा है। आगरा में पारा 47 साल के रिकार्ड को तोड़ते हुए 48.6 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। संगम नगरी प्रयागराज पारा 48.4 डिग्री को छू गया है। वाराणसी एयरपोर्ट में दिन का तापमान 47.6 डिग्री रिकार्ड किया गया है जिसने पिछले 58 साल के रिकार्ड को तोड़ दिया है। भीषण गर्मी और लू के चलते उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। लखनऊ में दिन का अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम आंचलिक केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक दानिश ने बताया कि तापमान में अचानक आयी तेजी की वजह पश्चिमी हवाओं का चलना है। यह हालात अभी कम से कम दो दिन और रहने की संभावना है। इसके बाद गर्मी से मामूली राहत मिलने का अनुमान है।

बिजली की मांग पहुंची 29,261 मेगावाट पर

प्रदेश में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। मंगलवार को अधिकतम मांग 29,261 मेगावाट पर पहुंच गई। बंद चल रही इकाइयों के बीच उप्र. पावर कारपोरेशन ने एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन सिर्फ कागजों में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। स्थानीय खराबी के कारण पूरे प्रदेश में बिजली संकट से लोग बेहाल हैं।

बिजली उपलब्ध होने के बाद भी लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा व जवाहरपुर परियोजनाओं की 660-660 मेगावाट की एक-एक इकाई व ओबरा की 200 मेगावाट की एक इकाई बंद चल रही हैं। इससे प्रदेश में बिजली का उत्पादन घट गया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है।

मंगलवार का तापमान

झांसी	49.0	महोबा	46.5
आगरा	48.6	कानपुर	45.2
प्रयागराज	48.4	मेरठ	44.4
वाराणसी	47.6	लखनऊ	43.7
हमीरपुर	47.0	मुरादाबाद	43.5
इटावा	46.0	बरेली	42.8



देश में चुरू सबसे गर्म, 50^0 पहुंचा दिल्ली का पारा

नई दिल्ली। राजस्थान में चुरु देश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 50.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा में सिरसा-एडब्ल्यूएस में 50.3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में तापमान 50 डिग्री के पास जा पहुंचा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार कम से कम अगले दो दिनों तक भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञानियों ने कहा कि बृहस्पतिवार को भारत के उत्तर-पश्चिम हिस्सों में एक नये पश्चिमी विक्षोभ की संभावना है, जिससे सप्ताहांत में क्षेत्र में छिटपुट बारिश हो सकती है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार कि भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में पानी का भंडारण पिछले सप्ताह उनके कुल भंडारण का केवल 24 प्रतिशत रह गया, जिससे कई राज्यों में पानी की कमी बढ़ गई और जलविद्युत उत्पादन पर असर हुआ है।

एक नजर

राजकोट अग्निकांड में एक और साझेदार गिरफ्तार

अहमदाबाद। राजकोट अग्निकांड में जान गंवाने वाले 27 लोगों के मामले में गुजरात पुलिस ने टीआरपी गेम जोन के एक और साझेदार को गिरफ्तार किया है। बनासकांठा के पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना ने बताया कि धवल कॉर्पोरेशन के मालिक धवल ठक्कर को पड़ोसी राजस्थान के आबू रोड से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह रेसवे इंटरप्राइज के पांच साझेदारों के साथ मिलकर टीआरपी गेम जोन चलाता था। मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

जम्मू कश्मीर में राजस्व अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

जम्मू। सीबीआई ने मंगलवार को कहा कि उसने जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में एक राजस्व अधिकारी को जमीन संबंधी एक आवेदन पर कार्रवाई करने के एवज में एक व्यक्ति से कथित रूप से 18000 रुपये रिश्वत लेने को लेकर गिरफ्तार किया है।

अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा रेमल का असर

मिजोरम में बारिश और भूस्खलन से 25 की मौत

आइजोल, एजेंसी

मिजोरम में चक्रवाती तूफान रेमल के प्रभाव के चलते मूसलाधार बारिश और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। जिनमें से 14 लोगों की मृत्यु पत्थर की खदान धंसने से हुई है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन के बाद से कई अन्य लोग लापता हैं। राज्य की राजधानी का अधिकतर हिस्सा कई घंटों तक देश के बाकी हिस्सों से कटा रहा और शहर को प्राकृतिक आपदा का खामियाजा भुगतना पड़ा।

मिजोरम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एमएसडीएमए) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एक भीषण भूस्खलन के कारण आइजोल जिले में पत्थर की खदान धंसने से दो नाबालिगों समेत कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य लापता हो गए।। असम में मंगलवार को चक्रवात के बाद तेज हवा के साथ भारी बारिश हुई और इनसे जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। नगालैंड में, चार लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा, जबकि मेघालय में भारी बारिश के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 500 से अधिक अन्य घायल हो गए।

आइजोल में राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी।

मुख्यमंत्री ने बुलाई आपात बैठक

मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने स्थिति का जायजा लेने के लिए गृह मंत्री के सपडांगा, मुख्य सचिव रेनू शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री ने खदान धंसने और बारिश के कारण हुई आपदाओं में मारे गए लोगों के परिवारों को 4-4 लाख अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

केजरीवाल की जमानत पर तत्काल सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दिल्ली सीएम ने मेडिकल ग्राउंड पर एक जून तक मिली अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग की थी।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने कहा कि अंतरिम जमानत बढ़ाने का फैसला सीजेआई करेंगे, क्योंकि मुख्य मामले में केजरीवाल के खिलाफ फैसला सुरक्षित है। केजरीवाल की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखीं। केजरीवाल को ईडी ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

बिभव को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली कोर्ट ने स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपी बिभव को 31 मई तक हिरासत में भेज दिया है। कुमार के वकील ने हिरासत में लेकर उनके मुवक्किल से पूछताछ करने की दिल्ली पुलिस की याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि उसके पास कोई सबूत नहीं है।

दोस्त के साथ मिलकर ड्राइवर ने की थी मोहिनी की हत्या

पूर्व आईएएस की पत्नी की हत्या का मामला

- दोनों ड्राइवर भाइयों समेत तीन गिरफ्तार, डीवीआर बरामदगी के दौरान पुलिस पर फायर झोंका
- मुख्य आरक्षी को लगी गोली, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पूर्व आईएएस अफसर देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की हत्या कर लूटपाट के मामले में पुलिस ने उनके ही दो ड्राइवर और उनके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार रात गिरफ्तारी के बाद डीवीआर की बरामदगी के लिए मंगलवार दोपाहर उनके बताए स्थान पर ले जाने पर एक ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। गोली गाजीपुर थाने के मुख्य आरक्षी को लगी। जवाबी फायरिंग में वह आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने उनके पास से एक करोड़ के जेवरात, 1500 अमरीकी डॉलर, सिंगापुर के 7 डॉलर, इंग्लैंड के 10 पाउंड, मलेशिया के 10 यूरो, 10 स्विस डॉलर, नीले रंग की स्कूटी और सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर बरामद की है।

पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के मुताबिक पूरी साजिश पूर्व आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे के 13 साल पुराने ड्राइवर रवि और अखिलेश यादव ने रची थी। साजिश के तहत 25 मई शनिवार सुबह 7 बजे रवि पूर्व आईएएस अफसर को लेकर गोल्फ क्लब चला गया। इसके बाद उसका भाई अखिलेश और दोस्त रंजीत घर में दाखिल हुए। अंदर जाने के बाद सबसे पहले मोहिनी का गला घोंटा और पेंचकस से पांच वार किए।

संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध आकाश कुलहरि के मुताबिक मोहिनी की हत्या करने के बाद आरोपी रंजीत और अखिलेश ने चाबियों का गुच्छा लिया और 45 मिनट तक कमरे की आलमारी खंगाली।उसमें रखी गई नकदी और जेवरात निकालकर बैग में भरा और स्कूटी से निकल गए। उन्होंने आलमारी और बैग से मिले दस्तावेज, पासपोर्ट व पर्स बाथरूम में टब में डाल दिया ताकि पुलिस को कोई फिंगर प्रिंट न मिल सके।

कुकरैल बंधे के पास छिपाया था लूट का माल

जेसीपी आकाश कुलहरि के मुताबिक आरोपियों से पूछताछ की तो सारे राज उगल दिये। लूटे गए सामान और डीवीआर के बारे में जानकारी ली तो बताया कि डीवीआर व नकदी सर्वोदयनगर स्थित कुकरैल बंधे के पास झाड़ियों में छिपा रखा है। पुलिस टीम तीनों को लेकर ढाई बजे के करीब बंधे के पास पहुंची। उनके बताए गए स्थान पर गई। जहां से अखिलेश ने बैग निकाला। इसी बीच अखिलेश ने बैग खोलकर उसमें रखा तमंचा निकाला और पुलिस पर फायर झोंक दिया। इससे गाजीपुर में तैनात मुख्य आरक्षी घायल हो गया। पुलिस फायरिंग में अखिलेश के दाहिने पैर में गोली लगी।

जल्द ही एसी की हवा लेंगे कूलर में रह रहे रामलला

- हल्के सूती कपड़े पहनाए, लस्सी व रसीले फलों का लग रहा भोग
- नौतपा में रामलला की सेवा में बदलाव, की जा रही शीतल आरती

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : नौतपा में अभी तक कूलर में रह रहे रामलला अब एसी की ठंडी हवा में रहेंगे। इसके अलावा उन्हें सूती वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। रामनगरी में चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी का असर आम जनमानस के साथ-साथ मठ मंदिरों सहित राममंदिर में भी देखने को मिल रहा है।

राम मंदिर में रामलला पांच वर्ष के बालक के रूप में विराजमान हैं। उन्हें गर्मी से बचाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। रामलला को भोग में शीतल व्यंजन परोसे जा रहे हैं और हर रोज चांदी की थाली में चारों तरफ फूल बिछाकर शीतल आरती की जाती है। साथ ही भोग में उन्हें सुबह और शाम दही दी जाती है। इसके अलावा फलों का जूस व लस्सी के साथ साथ भोग में मौसमी फल भी दिए जा रहे हैं। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र ने बताया कि गर्मी में श्रीराम लाल को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसका विशेष ख्याल रखा जा रहा है। यूनियन बैंक की तरफ से दो टॉवर एसी दिए गए हैं, जो जल्द ही गर्भगृह में लगा दिए जाएंगे।

कार के अंदर दम घुटने से दो बच्चों की मौत

- बिना पुलिस को सूचना दिए दफना दिए गए बच्चे

संवाददाता, परशदेपुर(रायबरेली)

कौनेन

अब्दुल्ला (फाइल फोटो)

अमृत विचारः घर के पीछे खड़ी सफारी कार के अंदर बंद हो जाने से दो बच्चों की मौत हो गई। बच्चों की मौत से मोहल्ले में मातम छा गया है। परिजनों ने पुलिस को सूचना न देकर बच्चों को दफना दिया है।

अमेठी जिले के जायस कोतवाली निवासी चांद की पत्नी चांदनी अपने पुत्र अब्दुल्ला(4) को लेकर परशदेपुर कस्बे के कजियाना मोहल्ला निवासी मो. राशिद के घर अपने मायके आई थी। राशिद का पुत्र कौनेन (6)व चांदनी (4) पुत्र अब्दुल्ला दोनों साथ में खेल रहे थे। खेलते हुए दोनों बच्चे घर के पीछे खड़ी सफारी कार में जाकर बैठ गए। बताते हैं कि कार अचानक लॉक होने से दोनों बच्चे उसके अंदर ही फंस गए। परिजनों को काफी देर तक बच्चे नहीं दिखे तो परिजन बच्चों की खोज करने लगे। बच्चों को ढूंढते हुए घर के पीछे गए तो देखा कार के अंदर की लाइट जल रही थी। परिजनों ने जैसे ही गाड़ी का गेट खोला तो अंदर का मंजर देख होश उड़ गए। कार के अंदर ही अब्दुल्ला की सांसे थम गई थीं। कौनेन की सांसें चल रही थी और वो पसीने से लथपथ था। परिजन तुरंत सलोन के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में हालत में कोई सुधार न होने पर चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते मे ही कौनेन ने भी दम तोड़ दिया। चौकी प्रभारी मोहित कुमार ने बताया कि परिजनों ने घटना की कोई सूचना नहीं दी है। दोनों मासूम बच्चों की मौत से पूरे मोहल्ले में मातम छा गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बेटे की मौत के बाद पिता मो. रासिद व मां कैसरून बानो सहम से गए हैं।

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच फिर से मुठभेड़ हुई। हार्डकोर नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवान मौके के लिए निकले थे। मंगलवार सुबह दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हुई है। मुठभेड़ रुकने के बाद जवान इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। सूचना मिली थी कि गोगुंडा की पहाड़ी पर भारी संख्या में हथियारबंद नक्सली हैं। इसी सूचना पर सुकमा से डीआरजी के जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया था। जवान जब इलाके में पहुंचे तो नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

रिटेल डायरेक्ट एप से खरीद सकेंगे सरकारी प्रतिभूतियां

- आरबीआई ने शुरू किया मोबाइल ऐप, सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रवाह पोर्टल भी लांच

मुंबई, एजेंसी

रिजर्व बैंक ने सरकारी प्रतिभूति बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी के लिए मंगलवार को रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप और सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन को लेकर प्रवाह पोर्टल शुरू किया गया।

खुदरा निवेशक अब अपने स्मार्टफोन पर मोबाइल ऐप का उपयोग करके सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री कर सकते हैं। प्रवाह पोर्टल से विभिन्न नियामकीय मंजूरियों के लिए सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि यह पोर्टल रिजर्व बैंक की तरफ से नियामकीय मंजूरी देने से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को सुगम बनाएगा।

गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा शुरू की गई इस तीसरी पहल का मकसद नियामकीय दृष्टिकोण से क्षेत्र की बेहतर समझ के लिए भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के आंकड़ों का भंडारण करना और उचित नीति दृष्टिकोण तैयार करने में सुविधा प्रदान करना है। आरबीआई ने बयान में पोर्टल की विशेषताओं को साझा करते हुए कहा कि विभिन्न नियामक और निगरानी विभागों से जुड़े 60 आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा किये जा सकते हैं। संबंधित इकाई पोर्टल पर आवेदन की स्थिति को देख सकती है। साथ ही आरबीआई किसी आवेदन से संबंधित निर्णय समयबद्ध तरीके से भेज सकता है। इसमें कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर और आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री से जुड़े रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप के संबंध में बयान में कहा गया है कि इसके जरिये खुदरा निवेशक अब अपने स्मार्टफोन पर मोबाइल ऐप का उपयोग करके सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री कर सकते हैं।

यूजर ऐप को कर सकते हैं डाउनलोड

मोबाइल ऐप को एंड्रॉयड यूजर प्ले स्टोर और आईओएस यूजर ऐप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। वर्तमान में, रिटेल डायरेक्ट पोर्टल खुदरा निवेशकों को आरबीआई के साथ खुदरा प्रत्यक्ष सरकारी प्रतिभूति खाते खोलने की सुविधा प्रदान करता है। पोर्टल नवंबर, 2021 में शुरू किया गया था। यह खुदरा निवेशकों को प्राथमिक नीलामी में सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने के साथ-साथ द्वितीयक बाजार में उसे खरीदने और बेचने की सुविधा देता है।

एक नजर

चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे ने जीता रजत पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को जैव विविधता के संरक्षण और प्रकृति-आधारित समाधान अपनाने के लिए सिल्वर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल एशिया-पेसिफिक और मध्य पूर्व की ओर से दिया गया है। हवाई अड्डा प्रशासन की ओर से आसपास के गांवों में 25,000 से अधिक सहजन के पौधे लगाए गए थे। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया के ग्रामीणों के सहयोग से उपलब्धि मिली है।

बैंक मैनेजर बताकर ठगे 3.49 लाख रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र निवासी युवक से साइबर अपराधी ने खुद को एसबीआई बैंक का मैनेजर बता लाखों की ठगी कर ली। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र के मुताबिक, निलमथा निवासी सुरेश चंद्र ने 22 मई को एक चेक की जानकारी के लिये गूगल से एसबीआई के बैंक मैनेजर का नंबर निकाला था। उक्त नंबर पर काल की तो दूसरी तरफ से बोल रहे आरोपी ने खुद का परिचय बैंक मैनेजर के रूप में दिया। उसने सुरेश चंद्र से उसकी चेक की जानकारी देने के नाम पर पूरी बैंक डिटेल हासिल की। इसके बाद उसके बैंक खाते से 3.49 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिये।

ग्राम न्यायालय में छह महीने में निपटेंगे वाद

तहसील स्तर पर ग्राम न्यायालय बनाकर गांवों में न्याय दिलाने की प्रकिया को आसान बनाने की कवायद

अजय दयाल, लखनऊ

- नौ न्यायाधिकारियों की नियुक्ति के साथ राज्य सरकार ने रखा मील का पत्थर
- सिर्फ दो वर्ष के कारावास वाले मामलों की ग्रामीण न्यायालय में होगी सुनवाई
- विशेष मौके पर मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भी होगी संबंधित गांव की सुनवाई

अमृत विचार: न्याय की आस में अब पीड़ित ग्रामीणों की शहर की अदालतों में चक्कर लगाते-लगाते चप्पल नहीं घिसेगी। गांव में ही तहसील व पंचायत स्तर पर बने ग्राम न्यायालय में उन्हें न्याय दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लायी जा रही है। किसी भी सूरत में छह माह की समय सीमा में वाद का निपटारा कर दिया जाएगा। ऐसे में घर बैठे ग्रामीणों को त्वरित और सुगम न्याय मिलेगा। हाल ही में नौ न्यायाधिकारियों की नियुक्ति के साथ राज्य सरकार ने इस दिशा में मील का पत्थर रख दिया है।

दरअसल, शहर से दूर गांवों में न्याय दिलाने की प्रकिया को आसान बनाने के लिए भारत सरकार ने ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 पारित किया था। इसके लिए सरकार ने सभी राज्यों को निर्देशित भी किया था। इनको तहसील स्तर पर बनाने का प्रावधान था। इसी कड़ी में लगभग डेढ़ दशक बाद ही सही अब तेजी से गांव स्तर पर एक के बाद बाद कोर्ट स्थापित किए जा रहे हैं। 22 मई को नौ जिलों के तहसील मुख्यालयों पर स्थापित गांव न्यायालय में न्यायाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये सभी सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग के अधिकारी हैं।

वहीं ग्राम न्यायालयों में दीवानी मामलों में आपसी समझौतों और फौजदारी मामलों में 'प्ली बार्गेनिंग' के माध्यम से मामलों का निपटारा करने की व्यवस्था भी की गई है।

मुकदमों की बढ़ती संख्या का बोझ कम किया जा सकेगा

इस कवायद के पीछे उद्देश्य यह है कि किसी भी ग्रामीण को आर्थिक, सामाजिक या किसी और कारण से न्याय से वंचित न रहना पड़े। इससे जिला स्तरीय अदालतों पर मुकदमों की बढ़ती संख्या का बोझ कम किया जा सकेगा और लंबित पड़े मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी। साथ ही किसी पीड़ित को इंसाफ पाने के लिए घर से बहुत दूर बने अदालतों के चक्कर नहीं लगना पड़ेंगे।

इन न्यायाधिकारियों को किया गया नियुक्त

तहसील मुख्यालय बिल्सी (बदायूं) में अर्जित वर्मा, चकरनगर (इटावा) में रजत शर्मा, जखनिया (गाजीपुर) में जीशान मेहदी, कैम्पियरगंज (गोरखपुर) में दीक्षा त्यागी, शाहगंज (जौनपुर) में विपिन कुमार चौरसिया, बदलापुर (जौनपुर) में आशुतोष सिंह, मरिहान (मीरजापुर) में प्रीति द्वितीय, बिलारी (मुरादाबाद) में अशोक कुमार-चतुर्दश और बिलासपुर (रामपुर) में कु. श्वेता को नियुक्त किया गया है। ये सभी सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग से हैं।

इस तरह और ऐसे मामलों की हो सकेगी सुनवाई

ग्रामीण न्यायालय की स्थापना की मंशा लोगों के घर तक न्याय को पहुंचाने की है। इतना ही नहीं, उद्देश्य होगा कि त्वरित व सुलभता से न्याय मिल सके। खास बात यह कि मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भी संबंधित गांव में विशेष मौके पर सुनवाई हो सकेगी। हालांकि ग्राम न्यायालयों में सिर्फ उन्हीं मामलों की सुनवाई की जाएगी जिनमें अधिकतम सज़ा दो वर्ष का कारावास (ज़ुर्माने के साथ या बगैर) या इससे कम हो, अपराध क्षमायोग्य हो आदि। इस इसके अलावा इस कोर्ट में बिजली चोरी, 125-सीआर पीसी, बाइक चालान सहित सिविल केस आदि की सुनवाई भी की जा सकेगी।



"ग्राम पंचायत स्तर पर न्यायालयों की तक पहुंच से लोगों के लिये समय और धन की बचत होगी। लंबित मामलों में एक बड़ी संख्या उन मामलों की भी है जिनका आपसी सुलह या मध्यस्थता से निस्तारण किया जा सकता है, ग्राम न्यायालयों के गठन से ऐसे मामलों में भारी कमी आएगी। जनता में विधि व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

–**राघवेंद्र प्रताप सिंह**, वरिष्ठ अधिवक्ता, फखरपुर, बहराइच

"न्यायाधिकारियों की ग्रामीण स्तर पर नियुक्तियां करने के साथ उनकी व्यवहारिक सुविधाओं और सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। उनके आवागमन और रहने के स्थान की क्या व्यवस्था होगी। –**शैलेन्द्र टंडन**, सेवानिवृत्त न्यायाधीश, लखनऊ

बीमा कंपनी देगी 35 लाख रुपये का क्लेम और ब्याज भी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्य उपभोक्ता आयोग ने सुनवाई कर 2.25 लाख का हर्जाना लगाया
- आर्मी साइकिल स्टोर बरेली में आग लगने पर निरस्त किया था दावा

अमृत विचार : आर्मी साइकिल स्टोर, शाहजहांपुर रोड नकटिया बरेली में आग लगने पर चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी बीमाधारक को 35 लाख रुपये क्षतिपूर्ति व ब्याज देगी। साथ ही 2.52 लाख रुपये हर्जाना भी अदा करेगी। यह आदेश राज्य उपभोक्ता आयोग ने कंपनी द्वारा निरस्त दावा पर दिया है।

प्रोपराइट जयदेवी पत्नी स्व. सुखदेव सिंह ने 21 मई 2017 को अपने आर्मी साइकिल स्टोर का कंपनी से बीमा कराया था। बीमित राशि 65.42 लाख रुपये थी। कुछ दिन बाद स्टोर में आग लगने से सामान जलकर काफी नुकसान हो गया। उन्होंने पुलिस के साथ फायर बिग्रेड को सूचना दी। इसके बाद 35 लाख रुपये क्षतिपूर्ति का दावा किया। कंपनी ने सर्वे में आर्मी साइकिल स्टोर के बगल स्थित आर्मी मोटर्स कंपनी में आग लगना दर्शाया और इसी आधार पर नो क्लेम बताकर दावा निरस्त कर दिया। मनमानी पर जयदेवी ने कंपनी के खिलाफ राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। मामले की सुनवाई मंगलवार को न्यायमूर्ति/अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा दिया गया शपथ पत्र, पुलिस व फायर ब्रिगेड की रिपोर्ट, फोटोग्राफ के आधार पर आग आर्मी साइकिल स्टोर में लगना पाया। बीमा कंपनी को आदेश दिया कि 35 लाख रुपये क्षतिपूर्ति व इस राशि पर वाद दायर करने से सुनवाई की तिथि तक नौ प्रतिशत ब्याज 60 दिन के अंदर अदा करेगी। इसके अलावा मानसिक प्रताड़ना के दो लाख रुपये व वाद व्यय 25 हजार रुपये भी कंपनी बीमाधारक को देगी।

सरकार के खिलाफ सड़कों पर दिख रही नाराजगी

बांसगांव मे आयोजित जनसभा के दौरान अखिलेश यादव और राहुल गांधी।

- अखिलेश ने कुशीनगर में इंडी गठबंधन प्रत्याशी अजय प्रताप की चुनावी सभा को किया संबोधित
- बांसगांव लोस क्षेत्र में संयुक्त जनसभा में अखिलेश के साथ राहुल गांधी भी रहे मौजूद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को कुशीनगर में इंडी गठबंधन प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह पिन्टू तो वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बासगांव में प्रत्याशी सदल प्रसाद और वाराणसी से इंडिया गठबंधन कांग्रेस के प्रत्याशी अजय राय के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया।

सपा मुख्यालय से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, अखिलेश यादव ने कुशीनगर की जनसभा में कहा है कि भाजपा सरकार के खिलाफ जनता की नाराजगी सड़कों पर दिख रही है। भाजपा ने दस सालों में सभी के साथ धोखा किया है। किसी को भी नहीं छोड़ा है। हर वर्ग के साथ भेदभाव किया है। भाजपा संविधान बदलना चाहती है।

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में संयुक्त चुनावी जनसभा को अखिलेश के साथ राहुल गांधी ने भी सम्बोधित किया। यहां राहुल गांधी ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। संविधान बचाने की लड़ाई है। भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है।

भाजपा नेता कहते हैं। उनकी सरकार आएगी संविधान रद्द कर देंगे। मै कहता हूं कि भाजपा सरकार नहीं आयेगी। इस संविधान को बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने बनाया है। उन्होंने इसके लिए पूरा जीवन लगा दिया। संविधान ने देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, महिलाओं को अधिकार और सम्मान दिलाया है। भाजपा की सरकार से सबकुछ दर किनार कर दिया है।

भाजपा नेताओं की भाषा लड़खड़ा रहीः अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादियों ने कुशीनगर को एयरपोर्ट दिया है लेकिन भाजपा सरकार इसे नहीं चला रही है। आने वाले समय में अन्य एयरपोर्ट की तरह भाजपा सरकार इसे भी बेच देगी। सपा प्रमुख ने दावा किया कि भाजपा पश्चिम से लेकर पूरब तक सब जगह हार रही है। भाजपा नेताओं की भाषा लड़खड़ा रही है।

गरीब महिलाओं की सूची बनेगीः राहुल

राहुल गांधी ने दावा किया कि चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। गरीब महिलाओं की सूची बनेगी। परिवार की महिला के खाते में हर साल एक लाख रुपये देंगे। हर महीने उनके खाते में रुपया डालेंगे। किसानों का कर्ज माफ करेंगे। तीस लाख सरकारी नौकरियों की भर्ती करेंगे। राहुल गांधी के मुताबिक वह देश की अर्थव्यवस्था को जम्प स्टार्ट करने जा रहे हैं।

प्रदेश में 10 हजार से ज्यादा अवैध शस्त्र जब्त

अमृत विचार, लखनऊः प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट संचालित किए जा रहे हैं। 16 मार्च से 27 मई तक पुलिस विभाग ने आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए हैं। वहीं, 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए हैं। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 28,28,174 लोगों को पाबंद किए जाने के नोटिस किए गए, जिनमें से 26,82,469 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 10099 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10258 कारतूस, 3099.32 किलोग्राम विस्फोटक व 604 बम बरामद कर जब्त किए गए हैं। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5289 केंद्रों पर रेड डाली गई और 188 केंद्रों को सीज किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 27 मई सोमवार को भी बड़ी संख्या में पुलिस द्वारा एक्शन लिया गया है।

जीएनएम एकीकृत प्रवेश परीक्षा शासन के लिए बनी समस्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः जनरल नर्स मिडवाइफरी (जीएनएम) कोर्स में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिला लेने के निर्णय के खिलाफ नर्सिंग कॉलेजों की आपत्तियां दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। आनन-फानन में नर्सिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए एकीकृत प्रवेश परीक्षा कराने के निर्णय के खिलाफ शासन प्रशासन में शिकायतों का पुलिंदा बढ़ता जा रहा है। इस प्रक्रिया को लागू न करने के पीछे कॉलेजों द्वारा अपने-अपने तर्क भी दिये जा रहे हैं।

आपत्ति दर्ज कराने वालों में बरेली स्थित चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के सुधांशु मिश्रा का कहना है कि मिशन निरामया के अंतर्गत बीएससी नर्सिंग व जीएनएम आदि पाठ्यक्रमों के प्रति लड़कियों में आकर्षण बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर हम मेंटर को विभिन्न इंटर कॉलेजों में भेजा गया था। हम लोगों ने नर्सिंग पाठ्यक्रम की उपयोगिता और उज्जवल भविष्य की संभावनाओं को लेकर काउंसिलिंग की थी, दाखिले के लिए छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बताया था कि 12 वीं के प्राप्तांक की मेरिट से लिए जाते हैं, उसी को आधार पर फार्म देकर कॉलेज स्तर पर रजिस्ट्रेशन किये गए थे।

प्रवेश परीक्षा का औचित्य नहीं

प्रवेश परीक्षा के औचित्य पर सवाल उठाते हुए सुधांशु मिश्रा ने बताया कि वर्तमान सरकार में 10 वीं व 12 वीं परीक्षाएं नकल विहीन हो चुकी हैं, यानि शिक्षित बच्चे ही उत्तीर्ण हो रहे हैं, ऐसे में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा कराने से छात्र-छात्राओं की योग्यता के साथ ही कॉलेजों में आवंटित सीटों पर शत-प्रतिशत दाखिले होने पर भी संकट गहरा जायेगा, गत वर्ष नई व्यवस्था से बीएससी नर्सिंग में सीटे खाली रह जाने का परिणाम भुगत रहे हैं।

दो साल पहले जारी करें गाइड लाइन

कॉलेज प्रबन्धक का कहना है कि अगर दाखिले के लिए नई नीति लागू करनी है तो को सत्र शुरू करने के कम से कम दो साल पहले ही गाइड लाइन के साथ सूचना जारी कर देनी चाहिए, ताकि कॉलेज प्रबन्धन के साथ छात्र और अभिभावक भी मानसिक रूप से तैयार रहें।

शासन के निर्णय से बनी असमंजस की स्थिति

दाखिले को लेकर नई नीति की जानकारी न ही उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट पर दी गई और न ही कॉलेज प्रबन्धकों को पत्राचार द्वारा सूचित किया गया है। समाचार पत्रों के माध्यम से मिली जानकारी से दाखिला ले चुके छात्र के साथ ही अभिभावक परेशान हैं और लगातार नर्सिंग कॉलेज प्रबन्धक व प्रधानाचार्यो से संपर्क कर रहे हैं, जबकि कॉलेज प्रशासन के पास भी संबन्धित स्पष्ट और समुचित जानकारी नहीं है। असमंजस की इस स्थिति खत्म नहीं हो रही है।

निवेशकों और उद्यमियों के लंबित प्रकरणों पर शासन सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समय सीमा निर्धारित कर मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को भेजा पत्र
- निस्तारण में देरी से निवेश मित्र पोर्टल पर दिख रहे कई प्रकरण लंबित

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता- 2006 की धारा- 80, 89, 98 एवं 101 के अंतर्गत तहसीलों और कलेक्ट्रेट से की जाने वाली कार्रवाइयों का समय से निस्तारण न होने से शासन सख्त हो गया है। शासन ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर इन मामलों का त्वरित निस्तारण कराने को कहा है। साथ ही पुनः समय सीमा निर्धारित की है। अधिकारियों का कहना है कि निस्तारण में देरी के कारण निवेश मित्र पोर्टल पर कई प्रकरण लंबित दिख रहे हैं, जिसके कारण निवेशकों और उद्यमियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

डीएम, एसडीएम इतने दिनों में निपटाएं मामलेः राजस्व संहिता की धारा-80 का निस्तारण एसडीएम स्तर का अधिकारी करता है। निस्तारण की समय सीमा 45 दिन निर्धारित की गई है। धारा-89 का निस्तारण (20.2344 हेक्टेयर तक) जिलाधिकारी करता है। इसकी समय सीमा भी 45 दिन रखी गई है। शासन ने जिलाधिकारी के प्रस्ताव प्राप्त होने पर राजस्व परिषद एवं संबंधित विभाग की संस्तुति प्राप्त करने की प्रक्रिया (40.4688 हे.) के लिए 30 दिन निर्धारित किया है। धारा-98 के लिए (कलेक्टर की अनुज्ञा प्राप्त करने के लिए) कुल 45 दिन निर्धारित किया है।

जबकि धारा-101 के (सामान्य श्रेणी की भूमि) निस्तारण के लिए एसडीएम के लिए 45 दिन का समय निर्धारित किया गया है। इसके अलावा आरक्षित श्रेणी की भूमि के लिए 60 दिन का समय दिया गया है। मंडलायुक्तों को निर्देश है कि धारा-101 (आरक्षित श्रेणी की भूमि) के लिए भारत सरकार व राज्य सरकार के वाणिज्यिक विभाग के लिए 40 लाख से अधिक की वस्तु की अनुज्ञा के लिए 60 दिन तथा निजी उद्योगों, संस्था एवं न्यास के लिए भी 60 दिन निर्धारित किया गया है।

30 दिनों में हो निर्णय

आवास एवं शहरी नियोजन, नगर विकास विभाग तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास में धारा-80 के अंतर्गत कार्रवाही को लेकर निर्देश दिया गया कि इन विभागों में अनापत्ति के लिए 30 दिन की समय निर्धारित किया गया है। तीन दिनों के भीतर आपत्ति अथवा अनापत्ति का निर्णय नहीं होने की स्थित में इसे डीम्ड टू नो आब्जेक्शन मानकर निस्तारित कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने की गोसेवा बच्चों में बांटी टॉफी

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव अंतिम चरण की संसदीय सीटों पर प्रचार के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रात्रि प्रवास अकसर गोरखनाथ मंदिर में ही हो रहा है। चुनाव प्रचार के बाद योगी सोमवार रात भी गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। मंगलवार सुबह उनकी दिनचर्या परंपरागत रही। पार्टी मुख्यालय से साझा की गई जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह योगी ने वहां गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने के बाद हमेशा की तरह वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। भ्रमण के दौरान ही उनकी नजर उन बच्चों पर पड़ गई जो अपने परिवार के साथ बाबा गोरखनाथ का दर्शन करने आए थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट देते हुए आशीर्वाद दिया। बाद में गोशाला पहुंचकर गायों को रोटी-गुड खिलायी।

मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में दर्शन करने आये बच्चों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

खरीफ के बीजों की ई-पॉस से होगी बिक्री

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में खरीफ फसल के 757.54 क्विंटल बीज कृषि विभाग को मिले हैं। इसकी बिक्री ई-पॉस से की जाएगी। मौके पर किसानों से अनुदान काटकर शेष धनराशि ली जाएगी। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि धान के 532 क्विंटल, ढैंचा 184 क्विंटल, उड़द 42.68 क्विंटल, मूंग 3 क्विंटल व तिल के 4.86 क्विंटल बीज मिले हैं। इसमें मोटा धान 4,330 रुपये क्विंटल व महीन का मूल्य 4,360 रुपये क्विंटल है। ढैंचा के दाम 8,210, उड़द 14,450, मूंग 15,040 व तिल के 24,850 रुपये प्रति क्विंटल हैं। इन बीजों को खरीदने पर किसानों को 50 फीसद अनुदान मिलेगा। बिक्री ई-पॉस मशीन से की जाएगी। इस दौरान अनुदान राशि काटकर शेष रुपये लिए जाएंगे। जबकि इसके पहले पंजीयन और अभिलेखों के आधार पर बीज मिलते थे। अनुदान राशि 15 दिन बाद किसानों के खातों में आती थी।

कुर्मी समाज के लोगों को प्रताड़ित करने का आरोप

अमृत विचार, लखनऊः सरदार वल्लभ भाई पटेल संस्थान ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एसआर सिंह पटेल ने प्रदेश सरकार पर कुर्मी समाज के लोगों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मंगलवार को प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी का विरोध करने वाले समाज के लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में 7वें चरण के मतदान में हम लोग इंडी गठबन्धन का समर्थन करेंगे। पटेल ने कहा कि ट्रस्ट के नाम एक कार्यालय भवन आवंटन के लिए 2017 राज्य सम्पत्ति विभाग में प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन अभी तक आवंटन नहीं किया गया। 3 साल पहले प्रतापगढ़ के पट्टी में कुर्मी समाज के 8-10 लोगों से मारपीट कर घरों को जला दिया गया। महिलाओं से अभद्रता की गई। तब भी प्रशासन ने सुनवाई नहीं की। भाजपा की नीतियां किसान, ओबीसी, एससी एवं एसटी विरोधी हैं।

महिला को पीट, गहने लूटकर भागे आरोपी

लखनऊ/ आलमबाग: कृष्णाानगर क्षेत्र में महिला से मारपीट कर रुपये और गहने लूटने का मामला सामने आया है। महिला घर में अकेली थी, इस बीच आरोपी जबरन घर में घुसे थे। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ लूट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी करने का दावा किया है।

इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह के मुताबिक, थाना अंतर्गत एलडीए कॉलोनी निवासी नीलम पत्नी राजू ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 23 मई को शाम करीब 6 बजे वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान ज्योति श्रीवास्तव, सोनू खान अपने दो अज्ञात साथियों के साथ जबरन घर में घुस आये। उसे उनकी मंशा ठीक नहीं लगी। घर में घुसने का विरोध किया तो आरोपियों ने पीटकर अलमारी की चाबी छीन कर अंदर रखे 10 हजार रुपये, सोने-चांदी के गहने और मोबाइल लूट लिया। नीलम ने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंच गये। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

चुनावी रण — सातवें चरण में सर्वाधिक चर्चा का विषय बना गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र

न विकास, न रोजगार, यहां का मुद्दा है मुख्तार

विनय सिंह, लखनऊ

- मौत के दो महीने बाद भी गाजीपुर के चुनाव में जिंदा है मुख्तार अंसारी
- मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी तीसरी बार लड़ रहे चुनाव

अमृत विचारः छह चरणों का चुनाव समाप्त हुआ अब पहली जून को सातवें चरण का चुनाव होना है। सातवें चरण की सबसे हॉट सीट गाजीपुर इस समय सर्वाधिक चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां पर मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

यह सीट चर्चा का विषय इसलिए भी है, क्योंकि गाजीपुर मुख्तार अंसारी का गढ़ रहा है। इस चुनाव में मुख्तार अंसारी की मौत को विक्टिम के रूप में दर्शा कर वोटों की फसल काटने का भी प्रयास हो रहा है। हालांकि भाजपा मुख्तार की मौत को माफिया उन्मूलन से जोड़ते हुए अपने लक्षित वोटों पर निशाना साध रही है। खासबात यह है कि अपनी मौत को दो महीने बाद भी मुख्तार अंसारी गाजीपुर के चुनाव में जिंदा है। विकास अथवा रोजगार यहां मुद्दा नहीं है।

गाजीपुर संसदीय सीट पर चल रहा चुनाव प्रचार चरम पर है। आश्चर्य की बात यह है कि यहां पर विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि पर चर्चा ही नहीं हो रही। यहां पर चर्चा सिर्फ मुख्तार अंसारी की है।

भाजपा भी जोर-शोर से दे रही है जवाब

मुख्तार अंसारी को लेकर इंडी गठबंधन की ओर से विक्टिम कार्ड भी खेला जा रहा है। गठबंधन से जुड़े कार्यकर्ता मुख्तार की मौत को भाजपा की ज्याजती बताकर वोट मांग रहे है। उधर, मुख्तार की मौत का जवाब भाजपा भी जोर-शोर से दे रही है। कार्यकर्ता मुख्तार की मौत को माफिया उन्मूलन से जोड़ते हुए वोट मांग रहे हैं। मुख्तार की मौत सही अथवा गलत, इस सोच पर मतदाता दो भागों में बंट गए हैं। आश्चर्य की बात यह है कि गाजीपुर के विकास लिए केंद्र की वर्तमान सरकार अथवा पूर्व की सरकारों ने क्या किया, क्या नहीं किया, यह चर्चा का विषय ही नहीं है। रोजगार जैसा सार्वभौमिक मुद्दा भी यहीं पर नहीं गूंज रहा है। यह अलग बात है कि चुनाव प्रचार के लिए गाजीपुर पहुंचने वाले भाजपा और इंडी गठबंधन के बड़े नेता इन मुद्दों को जरूर अपने-अपने भाषणों में शामिल करते हैं। अब प्रत्याशी की जीत ही बताएगी कि मुख्तार का मुद्दा प्रासंगिक था य जनता ने इस मुद्दे को नकार दिया।

शिक्षा के लिए राजनाथ को भी जाना पड़ा था बाहर

संवाददाता, मीरजापुर

मुख्यमंत्री ने मीरजापुर से प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के पक्ष में की जनसभा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक चुनावी जनसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह का उदाहरण देते हुए गैरभाजपा सरकारों में मीरजापुर के पिछड़ेपन का हवाला दिया। योगी ने कहा कि यहां का नौजवान पढ़ने बाहर जाता था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हों या भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, इन्हें भी पढ़ने मीरजापुर से बाहर जाना पड़ा था। कोई दूसरे जनपद तो कोई रिश्तेदार के घर और छात्रावास रहने जाता था। साधन का अभाव था, फिर भी मेहनत से पढ़ते थे पर अब मीरजापुर वाले भी कह सकेंगे कि यहां विश्वविद्यालय है। रिश्तेदार आकर यहां अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री व मीरजापुर से राजग (अपना दल एस) प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के पक्ष में मंगलवार को महाशक्ति इंटर कॉलेज के सामने बिहसड़ा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मीरजापुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्मानित करतीं केंद्रीय मंत्री व अपना दल (सोनेलाल) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और मीरजापुर सीट से लोकसभा उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल।

दंगाइयों की रीढ़ तोड़ने वाली पीएसी को सपा ने कर दिया था खत्म

योगी ने कहा कि सपा ने दंगाइयों की रीढ़ तोड़ने वाली पीएसी की 54 कंपनियों को समाप्त कर दिया था। हमने फिर सभी कंपनियों को बहाल किया। देश में कहीं भी दंगा होता है तो दंगाइयों की ठुकाई के लिए यूपीपीएसी को बुलाया जाता है। इनका नाम सुनकर दंगाई घरों में दुबक जाते हैं। दंगा शांत हो जाता है तो जनता कहती है कि पीएसी तो आ गई है, योगी जी बुलडोजर भी भेज दीजिए।

शहर में आज



- जयपुरिया इन्स्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में जयपुरिया स्कूल की ओर से सीबीएसई और सीआईएससीई के मेधावियों का अभिनंदन समारोह- सुबह 9 : 00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में सूर्या थियेटर कल्चरल आर्ट्स सोसाइटी की ओर से चौरी चौरा कांड पर आधारित संगोष्ठी और नाटक स्वराज का मंचन- शाम 6 : 30 बजे।

एक नजर

बिजली आपूर्ति बाधित होने से रुकी मेट्रो

अमृत विचार, लखनऊ : बिजली आपूर्ति बाधित होने से मंगलवार को दोपहर 3 :15 मिनट पर हनुमान सेतु के पास दो मिनट के लिए मेट्रो के पहिए थम गए। इसका वीडियो भी सामने आया है। मेट्रो की तरफ से ज्येष्ठ के मंगल को यात्रियों से मेट्रो से यात्रा करने की अपील की गई थी। लखनऊ मेट्रो के पीआरओ पंचानन मिश्रा ने बताया कि यूपीपीसीएल की बिजली आपूर्ति बाधित होने से समस्या उत्पन्न हुई। मेट्रो रुकने के अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है।

नगर निगम ने बनाए कूलिंग प्वाइंट

अमृत विचार, लखनऊ : तेज धूप और गर्मी को देखते हुए मंगलवार को नगर निगम ने सभी जोन में कूलिंग प्वाइंट बनाए। जहां राहगीरों को गर्मी से राहत देने के लिए कूलर लगाए गए तो प्यास बुझाने के लिए घड़ा रखकर शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। इससे लोगों को राहत मिली। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कूलिंग प्वाइंट पर कर्मियों को तैनात किया। इसी तरह अन्य स्थानों पर कूलिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे।

पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने ज्ञापन देकर पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएन कुशवाहा और महामंत्री ओपी त्रिपाठी ने बताया कि राशिकृत पेंशन की वसूली ब्याज सहित 10 वर्ष की अवधि में पूरी हो जाती है, लेकिन सरकार 15 वर्ष तक जबरन वसूली करती है। हाल में ही पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने 10 वर्ष के पश्चात् वसूली पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार को 10 वर्ष के बाद वसूली रोकनी चाहिए।

समाचार पत्र वितरक के निधन से शोक

अमृत विचार, लखनऊ : बाराबिरवा समाचार पत्र वितरण केन्द्र के वरिष्ठ वितरक एवं समिति के सक्रिय सदस्य जेपी मिश्रा का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। राष्ट्रीय समिति परिवार की तरफ से गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अर्पित की गई विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। 65 वर्षीय जय प्रकाश मिश्र बीमार चल रहे थे। मंगलवार सुबह तबीयत अधिक बिगड़ने पर उन्हें लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया। यहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से वितरकों में शोक की लहर है।

स्ट्रेचर पर 30 मिनट तड़पती रही प्रसूता, डॉक्टर नहीं पसीजे, चली गई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ बीआरडी अस्पताल से लाकर अवंतीबाई अस्पताल गेट पर मरीज को छोड़ भाग गया एंबुलेंस चालक

अमृत विचार: अवंतीबाई महिला अस्पताल के डॉक्टरों की संवेदनहीनता से मंगलवार को एक प्रसूता की जान चली गई। सिविल अस्पताल से रेफर प्रसूता को एंबुलेंस चालक गेट पर छोड़ गया, फिर इमरजेंसी के बाहर वह आधे घंटे तक स्ट्रेचर पर तपड़पती रही। परिजन गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन डॉक्टरों का दिल नहीं पसीजा, और प्रसूता की जान चली गई। आरोप है कि डॉक्टर परिजन पर दूसरे अस्पताल ले जाने का दबाव डाल रहे थे।

अलीगंज स्थित फत्तेपुर निवासी पूजा वर्मा (27) को बुधवार को प्रसव के लिए महानगर के भाऊराव देवरस (सिविल) अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को ऑपरेशन से बच्चा होने के बाद पूजा की हालत बिगड़ने लगी। पति त्रिभुवन का आरोप है कि कई बार डॉक्टरों को जानकारी दी लेकिन ठीक से इलाज नहीं किया गया। बहुत कहने पर डॉक्टर आए लेकिन पूजा को ठीक से देखे बिना ही लौट गए।

मंगलवार को हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे अवंतीबाई (डफरिन) अस्पताल रेफर कर दिया। आरोप है कि 108 एंबुलेंस चालक पूजा को अवंतीबाई अस्पताल के बाहर छोड़कर चला गया। उसने अस्पताल में मरीज की एंट्री तक नहीं कराई।

डॉक्टरों ने शरीर में खून की बताई कमी

परिजनों के मुताबिक बीआरडी में पूजा की हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने खून की कमी बताई। इस पर परिजनों का कहना था कि यदि खून की कमी थी तो सिजेरियन करने से पहले क्यों नहीं चढ़ाया गया। हालत गंभीर होती देख डफरिन अस्पताल में रेफर कर पल्ला झाड़ लिया।

एंबुलेंस में ऑक्सीजन भी नहीं लगाया गया था। अवंतीबाई अस्पताल के डॉक्टरों ने पूजा को भर्ती करने से मना कर दिया।

काफी देर गिड़गिड़ाने के बाद भी उसे इमरजेंसी वार्ड नहीं ले जाया गया। स्ट्रेचर पर तड़पती पूजा ने करीब आधे घंटे बाद दम तोड़ दिया।

जानकारी देते मृत प्रसूता के परिजन।

> एबुलेंस चालक उसे बाहर छोड़ कर चला गया, उसने एंट्री भी नहीं कराई। मरीज को बलरामपुर अस्पताल रेफर किया गया था। उसे आईसीयू की आवश्यकता थी। एंबुलेंस चालक का पता कर उसकी शिकायत की जाएगी।
>
> -डॉ. चित्रा सिंह, सीएमएस डफरिन अस्पताल

> डॉक्टर ने सिजेरियन ठीक ही किया था। लापरवाही के आरोप झूठे हैं। महिला की हालत गंभीर होने पर अवंतीबाई रेफर किया गया था।
>
> -डॉ. रंजीत दीक्षित, सीएमएस बीआरडी अस्पताल

अवंतीबाई महिला अस्पताल के गेट पर ई-रिक्शा पर लेटी गर्भवती। अमृत विचार

अस्पताल के बाहर ई-रिक्शे पर तड़पती रही गर्भवती

अमृत विचार : मौलवी गंज निवासी नाजिया (28) को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजन मंगलवार को ई-रिक्शे अस्पताल ले जाने के लिए निकले। ट्रैफिक अधिक होने से रास्ते में करीब एक घंटे का समय लग। अवंतीबाई महिला अस्पताल के गेट पर इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा। काफी देर बाद सुरक्षा गार्ड व्हीलचेयर लेकर पहुंचे। जिसके बाद उसे भर्ती किया गया। परिजनों का कहना था कि उन्होंने एंबुलेंस नहीं बुलाई थी, अपनी मर्जी से ही ई-रिक्शे से लेकर आए थे।

बासमंडी चौराहे पर सीढ़ी लगाकर रास्ता बंद करने से जाम में फंसे टेंपो, ई-रिक्शा और बाइक सवार।

राजाजीपुरम के पाल तिरहे पर जाम लगाए लोगों को समझाते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

बिजली के लिए लगातार तीसरे दिन बवाल

गुस्साए लोगों ने सुबह राजाजीपुरम और शाम को बासमंडी चौराहे पर लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिजली कर्मियों और पुलिस के समझाने पर भी नहीं मानी भीड़
- महिलाबाद के माल में किसान यूनियन की अगुवाई में प्रदर्शन

अमृत विचार: बिजली कटौती के विरोध में राजधानी में लगातार तीसरे दिन मंगलवार को भी बवाल हुआ। आक्रोशित लोगों ने सुबह राजाजीपुरम के पाल चौराहे और रात आठ बजे से बासमंडी चौराहे पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। बासमंडी के प्रदर्शन से करीब साढ़े चार घंटे तक जाम लगा रहा। करीब 11 बजे लाइन आने के बाद ही लोग सड़क से हटे। माल में किसान यूनियन ने प्रदर्शन किया। वीआईपी इलाकों गोमती नगर और बटलर पैलेस कालोनी की बिजली भी गुल रही। बिजली कटौती से जलकल विभाग के नलकूपों से जलापूर्ति भी नहीं हो पा रही है। नगर निगम को टैंकरों से जलापूर्ति करनी पड़ रही है। इसके पहले रविवार और सोमवार को भी बिजली के लिए विरोध प्रदर्शन और बवाल किए गए थे।

शाम करीब 7:00 बजे बासमंडी क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। आधे घंटे तक बिजली न आने पर लोग सड़क पर उतर आए और बासमंडी चौराहे पर सीढ़ी, ठेले और वाहन लगाकर जाम लगा दिया। इससे नाका, चारबाग, गणेशगंज, मवैया, लालकुआं और मॉडल हाउस जाने के रास्ते बंद हो गए। चौराहे पर स्थित बासमंडी उपकेंद्र के कर्मी प्रदर्शनकारियों को समझाने के लिए पहुंचे। लोगों को गुस्सा देखकर कर्मचारी वहां से चले गए। इसके कुछ देर बाद नाका थाने की पुलिस पहुंची। पुलिस के समझाने के बाद भी भीड़ टस से मस नहीं हुई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक बिजली नहीं आती जाम नहीं खोलेंगे। रात करीब 11 बजे बिजली आने के बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम खोला। इसके बाद यातायात सामान्य हो पाया।

इसके पहले सुबह बिजली गुल होने से परेशान राजाजीपुरम के लोग स्थानीय उपकेंद्र पहुंचे। कर्मियों ने उपकेंद्र के गेट नहीं खोला तो लोगों का गुस्सा भड़क गया। नाराज लोगों ने राजाजीपुरम चौराहा पर सीढ़ी, बाइक आदि लगाकर सड़क जाम कर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने सड़क पर एक टायर भी जलाया। पुलिस ने किसी तरह भीड़ को समझाकर जाम खुलवाया। उधर, मलिहाबाद के माल क्षेत्र में किसान यूनियन के लोगों ने विरोध में प्रदर्शन किया। एक्सईएन ने आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया। सोंधी टोला एवं चौक चौक कोतवाली वाला फीडर बंद होने के कारण से हजारों घरों में लोगा पानी के लिए परेशान होते रहे।

श्रृंगार नगर, मॉल एवेन्यू, नादान महल रोड सहित विभिन्न इलाकों के बिजली गुल रही। कहीं सोमवार की रात तो कहीं मंगलवार दिन में बिजली गुल हो गई। राजाजीपुरम में सी ब्लाक में एक तार टूट कर जल गया। इसके पास से पीएनजी की पाइन लाइन गुजरी है। इस दौरान लोगों को क्षेत्र में आग लगने की आशंका से डरे रहे।

इटौंजा उपखंड अंतर्गत 33/11 केवीए विद्युत उपकेंद्र कठवारा गांव में सुबह अचानक एलटी लाईन में आग लग गई। इसके बाद कठवारा, रमघडा, चंदन कुंड, शिवखेड़ा, बीचखेड़ा गांवों में 15 हजार से अधिक आबादी पूरा दिन गर्मी से बेहाल रही।

बांसमंडी चौराहे पर जाम लगाए प्रदर्शनकारियों ने एंबुलेंस को रास्ता देकर निकाला।

बिजली गुल होने से बढ़ा पेयजल का संकट

बिजली गुल होने से मंगलवार को भी शहर के कई इलाके में पेयजल की समस्या सामने आई। ऐसे में जलकल को कई जगह पानी के लिए टैंकर की व्यवस्था करनी पड़ी। आजादनगर, गीतापल्ली के अलावा खुरिका, तेलीबाग, साउथ सिटी, फैजुल्लागंज में भी संकट रहा। सबसे अधिक परेशानी दिक्कत गीतापल्ली वार्ड के आजादनगर, चन्द्रशेखर मार्ग, पकरी, फौजी कॉलोनी में रही। यहां लगातार तीसरे दिन पानी नहीं आया। जलकल के अधिशासी अभियन्ता सचिन यादव ने बताया कि वोल्टेज बहुत कम है तो नलकूल नहीं चल पा रहे हैं। इससे पानी संकट हो रहा है। कुछ ऐसा ही हाल फैजुल्लागंज-जानकीपुरम विस्तार में भी यही हाल रहा।

मंडल के पांच जिलों में सबसे गर्म रहा लखनऊ

अधिकतम तापमान 43.7, न्यूनतम 30 डिग्री रहा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ दो दिन बाद बूंदाबांदी होने से तपिश से कुछ राहत की संभावना

अमृत विचार: राजधानी में दिन झुलसा रहे हैं तो रातें भी तप रही हैं। मंगलवार को मंडल के पांच जिलों में लखनऊ सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 43.7 और न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। लू भी चलेगी।दो दिन बाद बादलों की आवाजाही और हल्की बूंदाबांदी की संभावना से तपिश से कुछ राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि लखनऊ सहित आसपास के कई जिलों के तापमान में 1-2 डिग्री का फर्क है। मंगलवार को मंडल के पांच जिलों में लखनऊ के बाद हरदोई सबसे गर्म रहा। वहां का तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बाराबंकी में 43, सीतापुर 42, उन्नाव 42 और वहीं दूसरी ओर लखीमपुर खीरी का अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया।

तालकटोरा की हवा सबसे खराब, सांस लेना मुश्किल

अमृत विचार, लखनऊ : मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक तापमान बढ़ने के साथ हवा में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ रहा है। मंगलवार को तालकटोरा में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 413 रहा। प्रदूषण का यह स्तर अस्थमा और दिल के मरीजों के लिए घातक साबित हो सकता है। चारबाग का एक्यूआई 202 रहा जो खतरे के निशान के आसपास ही है। हैबतमऊ मवइया 171 रिकार्ड हुआ। सेंट्रल स्कूल 112, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय 105, लालबाग 129, विजय खण्ड 142 और कुकरैल के आसपास 82 रहा।

आपूर्ति गड़बड़ाई तो मैदान में उतरे प्रबंध निदेशक

अमृत विचार, लखनऊ : शहर में बिजली संकट से बढ़ते आक्रोश और बिजली कर्मियों की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत खुद मैदान उतर आए। मंगलवार को उन्होंने सीतापुर रोड स्थित फैजुल्लागंज उपकेंद्र का निरीक्षण किया। प्रबंधक निदेशक ने फैजुल्लागंज और दाउदनगर उपकेंद्र की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए। प्रबंध निदेशक ने फैजुल्लागंज उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं और जनप्रतिनिधियों से बिजली आपूर्ति में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिशासी अभियंता सीतापुर रोड को फीडर का लोड कम कराने के निर्देश दिए। कहा कि कुछ लोड को दूसरे फीडर से जोड़ा जाए। प्रबंध निदेशक ने कहा कि विद्युत व्यवस्था को ठीक करने को जो भी उपकरण जरूरी है, उनकी व्यवस्था की जाए। कर्मचारी रात में फीडरों का लोड चेक करते रहें। प्रबंधक निदेशक ने सोमवार को राजाजीपुरम ओल्ड उपकेंद्र का भी निरीक्षण किया था।

ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए पानी डालता कर्मी।

पानी से ठंडे किए जा रहे पावर ट्रांसफार्मर

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में कई जगहों पर ऐसी तस्वीरें और वीडियो सामने आ रहे हैं जहां बिजली कर्मचारी पावर ट्रांसफार्मरों पर बाल्टी और पाइप लगाकर पानी डाल रहे हैं। भीषण गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने से पावर ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो रहे हैं। इससे ट्रांसफार्मर ट्रिप हो जा रहे हैं। ऐसे में ट्रांसफार्मरों को ट्रिप करने से बचाने के लिए यह उपाय किए जा रहे हैं। कहीं हैवी कूलर लगाया जा रहा है तो कहीं पानी की बौछार करके उन्हें ठंडा करने की कोशिश की जा रही है। मलिहाबाद विद्युत उपकेंद्र में जहां पानी डाला गया वहीं ऐशबाग पावॅर हाउस में कूलर लगाया गया है। इसके अलावा जानकीपुरम सहारा स्टेट, अमीनाबाद, ठाकुरगंज सहित कई उपकेंद्रों में पावर ट्रांसफार्मरों के पास कूलर लगाए गए हैं।

विकास | चक गंजरिया फार्म में निर्माणाधीन म्यूजिकल पार्क दिसम्बर में शुरू करने की तैयारी

चलने पर वॉक-वे, छूने पर दीवारों में बजेगा संगीत

कार्यालय संवाददात, लखनऊ

अमृत विचार: सुल्तानपुर रोड पर चक गंजरिया फार्म में निर्माणाधीन म्यूजिकल एंड स्पोर्ट पार्क का काम एलडीए ने तेज कर दिया है। कार्य तीन महीने में पूरा कराकर दिसंबर तक आम लोगों के लिए खोलने की तैयारी है। पार्क में बच्चों और बड़ों के लिए अलग-अलग तरह के मनोरंजन और खेल-कूद की व्यवस्था रहेगी। पार्क में चलने पर रास्तों और छूने पर दीवारों से पुराने जमाने के वाद्य यंत्रों की धुनें सुनाई देंगी।

म्यूजिकल एंड स्पोर्ट पार्क 11.76 एकड़ क्षेत्रफल में पीपीपी मॉडल से बनाया जा रहा है। एलडीए के साथ समझौता कर पार्क बना रही कंपनी का दावा है कि तीन महीने में निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। पार्क में निष्प्रयोज्य सामग्री से देशभर के पुराने जमाने के वाद्ययंत्र बनाकर रखे जाएंगे। इन वाद्य यंत्रों की धुनों का सैलानी आनंद लेंगे। पार्क में बनने वाले म्यूजिकल वॉक-वे पर चलने पर तरह-तरह की धुन निकलेंगी। पार्क में बच्चों के लिए गेमिंग जोन भी बनेगा। गेमिंग जोन में चलने या कूदने पर कई तरह की आवाजें निकलेंगी। इसी तरह तार और दीवार छूने पर मनमोहक संगीत सुनाई देगा।

खर्च होंगे 9 करोड़

पार्क निर्माण का प्रोजेक्ट 9 करोड़ रुपये का है। इनमें लखनऊ विकास प्राधिकरण 74.15 व कंपनी 25.58 प्रतिशत धनराशि खर्च करेगी। संचालन और अनुरक्षण का कार्य 20 वर्ष तक राजस्व संग्रहण के आधार पर किया जाएगा। दो वर्ष पहले बनी योजना पर वर्ष 2023 में सहमति बनी। चुनाव से पहले टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया।

ये होंगी सुविधाएं

वाटर बॉडी, ड्राइविंग रेंज, गोल्फ पवेलियन, पुटिंग ग्रीन, फास्ट फॉरवर्ड स्पोर्ट, इंटरेंस प्लाजा, फूड कियोस्क एंड शॉप, पार्किंग, ड्रॉप ऑफ एरिया, कल्चरल सेंटर, ओपेन एय थियेटर, वोटिंग एरिया, मियावाकी फारेस्ट।

> पार्क तैयार करने की अवधि दिसंबर तक है, लेकिन कार्य तेज कर तीन माह में पार्क तैयार करेंगे। पार्क पुराने वाद्ययंत्र, स्वर संगीत आधारित होगा। बच्चों के लिए ध्वनि से संबंधित गेमिंग जोन बनेंगे। यहां देश-विदेश के लोग भी आकर लुत्फ उठाएंगे।
>
> -डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण

एक नजर

छात्रा को मिली 80 हजार डॉलर की स्कॉलरशिप

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज प्रथम कैम्पस की छात्रा परिधि मल्होत्रा को उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका की पेस यूनिवर्सिटी द्वारा 80 हजार अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप मिली है। परिधि को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्च शिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। प्रबंधख प्रो. गीता गांधी किंगडन ने परिधि की सफलता पर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

स्कूलों में बच्चों को मिलेगी बदली हुई वर्कबुक

अमृत विचार, लखनऊ : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राइमरी विद्यालयों में इस बार सभी बच्चों को बदली हुई वर्क बुक मिलेगी। इस बार बुक में कई बदलाव किए गए हैं। इस बुक में पहले से पेज भी अधिक होंगे साथ ही सभी विषयों से जुड़ी सामग्री बच्चों के लिए मौजूद रहेगी। इस बार जब ग्रीष्मावकाश के बाद जब विद्यालय खुलेंगे तो बच्चों को ये वर्क बुक दी जायेंगी। वर्क बुक को समय से हल कराने की भी जिम्मेदारी शिक्षकों की तय की जायेगी।

लविवि: यूजीसी नेट कार्यशाला आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. अर्चना शुक्ला के नेतृत्व में यूजीसी नेट कार्यशाला के छठे दिन असम डाउन टाउन यूनिवर्सिटी से क्लिनिकल साइकोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव सत्र वक्ता के रूप में शामिल हुए। भगवद गीता, योग (भारतीय परिप्रेक्ष्य में मनोवैज्ञानिक विचार) विषय पर उन्होंने छात्रों को विस्तार से जानकारी दी। व्याख्यान में आत्म–नियंत्रण, इच्छाओं को प्रबंधित करने, आंतरिक शांति और प्रतिरोध क्षमता के लिए अपनी भूमिका या धर्म को पूरा करने के महत्व को भी बताया गया।

छात्रावास के कमरे होंगे बेहतर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सभी छात्रावास के कमरों का रंगरोगन कराने की योजन विवि प्रशासन द्वारा बनाई जा रही है, जिससे कि छुट्टियां खत्म होने पर छात्रवास में रहने वाले छात्रों को उनके कमरे बेहतर स्थिति में मिले। छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विवि प्रशासन द्वारा मंथन किया जा रहा है।

लीथियम-कैडमियम निकालने का जैविक तरीका ईजाद करेगा बीबीएयू

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने विश्वविद्यालय के दो वैज्ञानिकों को सौंपी जिम्मेदारी, बीरबल साहनी संस्थान के विशेषज्ञ करेंगे सहयोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने में होता है लीथियम और कैडमियम का इस्तेमाल**
- **अभी तक चीन से आयात किया जाता है 85 फीसदी कैडिमयम और लीथियम**

डॉ. यूसुफ

डॉ. दिग्विजय

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का शोध सफल रहा तो जल्द ही इलेक्ट्रॉनिक और कंप्यूटर पार्ट्स के निर्माण में देश की चीन पर निर्भरता काफी हद तक कम हो जाएगी। बीबीएयू के वैज्ञानिक लीथियम और कैडमियम को जमीन से निकालने का जैविक तरीका ईजाद करने में लगे हैं जिनका इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक और कंप्यूटर पार्ट्स के निर्माण में होता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बीबीएयू के दो वैज्ञानिकों को जिम्मेदारी सौंपी है।

अभी तक देश में लीथियम और कैडमियम की जरूरत का 85 फीसदी हिस्सा चीन से आयात किया जाता है। भारत में केरल, तमिलनाडु, ओड़िसा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश से करीब 15 फीसदी लीथियम और कैडमियम ही मिल पाता है। इन दोनों खनिजों को निकालने के लिए रसायनिक तरल पदार्थ को जमीन में सुराख कर पहुंचाया जाता है। उसमें समाहित होने के बाद इसे निकालकर शोधन के जरिये लीथियम और कैडमियम प्राप्त किए जाते हैं। यह तरीका जमीन में जहरीलापन बढ़ता है जो कई तरह से हानिकारक है।

बीबीएयू के जैव रसायन और आणविक जीव वैज्ञानिक डॉ. यूसुफ अख्तर ने बताया है कि प्रारंभिक अवस्था के बाद कवक और जीवाणुओं के डीएनए बदले जाएंगे। ताकि ये धरती के भीतर स्थित खनिज तत्वों का अधिक से अधिक उपयोग कर सकें। ये धरती के भीतर जाकर लीथियम और कैडमियम को खाकर और सोखकर बाहर निकालेंगे। इससे पर्यावरण में किसी भी तरह का खतरा नहीं रहेगा।

कैसे करेंगे

जीवाणु और कवक जमीन में डाले जाएंगे जो लीथियम और कैडमियम को खुद समाहित और सोख लेंगे। ऐसे कवक और जीवाणुओं को निकाल कर उनसे खनिज हासिल किया जाएगा।

जैविक तरीका क्यों

अभी तक रासायनिक तरल पदार्थ से जमीन के भीतर मौजूद लीथियम और कैडमियम को निकाला जाता था। रसायन के इस्तेमाल से जमीन में जहरीलापन बढ़ता है।

देश के पहले शोध में ये भी हैं शामिल : केंद्र सरकार ने शोध टीम को अनुदान के रूप में 40 लाख रुपये की धनराशि दी है। टीम में बीबीएयू के वैज्ञानिक डॉ. दिग्विजय वर्मा शामिल हैं। इनके साथ बीरबल साहनी पुरा विज्ञान संस्थान के भू रसायन शास्त्री प्रोफेसर अनुपम शर्मा को भी सम्मिलित किया गया है।

आर्यावर्त बैंक

प्रधान कार्यालय, A–2/46, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0)–226010
दूरभाष: 7388800788, 7388800600, ई–मेल: ho.ans@aryavartbank-rrb.com

निविदा आमंत्रण सूचना

आर्यावर्त बैंक, प्रधान कार्यालय, लखनऊ, इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों से GeM Portal के माध्यम से निम्नलिखित निविदा आमंत्रित करता है:

क्र. सं.	निविदा	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि
1.	"आर्यावर्त बैंक प्रधान कार्यालय" गोमती नगर एक्सटेंशन लखनऊ के आंतरिक कार्य हेतु वास्तुकला एवं इंजीनियरिंग परामर्श सेवाएं प्रदान करना (Providing Architectural & Engineering Consultancy Services for Interior work of "Aryavart Bank Head Office" Gomti Nagar Extension Lucknow)	दिनांक 13.06.2024 (गुरूवार) दोपहर 03.00 बजे तक

उपरोक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु कृपया हमारे बैंक की वेबसाइट www.aryavart-rrb.com पर Tender Section में Tender Sr. No- 384 dated 24.05.2024 अथवा GeM Portal में Bid No. GeM/2024/B/4978308 dated 24.05.2024 देखें।

नोट: प्राप्त किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण रद्द करने का सर्वाधिकार बैंक के पास सुरक्षित है।

महाप्रबंधक, आर्यावर्त बैंक

स्मार्ट क्लास में पढ़ेंगे सरकारी स्कूल के बच्चे

कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को मिलेगी डिजिटल प्रणाली से शिक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कार्यशाला में प्रशिक्षण के दौरान शिक्षा महानिदेशक, मंडल के सभी खंड शिक्षा अधिकारी व एसआरजी। अमृत विचार

अमृत विचार : सरकारी प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों सहित कस्तूरबा गांधी बालिक विद्यालय के बच्चे अब डिजिटल प्रणाली के तहत स्मार्ट क्लास में पढ़ेंगे। बच्चे जब गर्मियों की छुट्टी के बाद अपने स्कूल पहुंचेंगे तो उन्हें अपनी कक्षा में एक बड़े टीवी स्क्रीन की तरह इन्ट्रैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले उपकरण दिखाई पड़ेगा। शिक्षक बच्चों को इसी के माध्यम से पढ़ायेंगे।

मंगलवार को आईसीटी आधारित तकनीकि प्राविधि विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में मंडल के सभी खंड शिक्षा अधिकारी और एसआरजी को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि किस तरह से डिजिटल बोर्ड पर बच्चों को पढ़ाया जा सकता है। प्रशिक्षण की शुरूआत शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा व अपर राज्य परियोजना निदेशक मधुसुदन हुल्गी, प्रोजक्ट डायरेक्टर रॉबिन सरकार ने की।

इस दौरान एससीईआरटी के निदेशक गणेश कुमार, संयुक्त निदेशक पवन सचान, पुष्पा रंजन, सहायक उप शिक्षा निदेशक, प्रशिक्षण, दीपा तिवारी, सहायक शिक्षा निदेशक, डायट् प्राचार्य अजय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

जिले स्तर पर शिक्षकों को करना होगा प्रशिक्षित

एससीईआटी प्रांगण में हुए इस प्रशिक्षण में मंडल के सभी खंड शिक्षा अधिकारी और एसआरजी विद्यालयों में जाकर शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करेंगे। ताकि बच्चों को आसानी से डिजिटल बोर्ड के जरिए शिक्षा प्रदान की जा सके।

एनईपी के तहत बच्चों को रोचक ढंग से पढ़ाने का लक्ष्य

विद्यालयों में आईसीटी आधारित स्मार्ट क्लास स्थापित करने की दिशा में इन्ट्रैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले उपकरण विद्यालयों को वितरित किया जा रहा है। इसके माध्यम से कक्षा 1 से 8 तक के विधार्थियों को डिजिटल प्रणाली से शिक्षा दी जाएगी। ताकि बच्चे रोचक एवं प्रभावी ढंग से पढ़तें हुए कक्षावार अधिगम दक्षता को निरन्तर प्राप्त करते रहे।

एनईपी के तहत पीएमश्री विद्यालयों में होगी पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएमश्री) के तहत चयनित सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित विद्यालयों के लिए नामित नोडल व रिसोर्स पर्सन को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा।

इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने आदेश जारी कर दिया है। 17 से 19 जून तक आयोजित किए जाने वाले इस प्रशिक्षण में विद्यालयों में नियुक्त प्रधानाध्यापकों, सहायक अध्यापकों को पढ़ाने के गुर भी सिखाये जायेंगे। कुल 136 रिसोर्स पर्सन को पीएमश्री विद्यालयों के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन के लिए नामित किए गए हैं।

प्रदेश भर में बने 1753 पीएमश्री विद्यालय : महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बताया कि कुल 1753 पीएम श्री विद्यालय हैं। इसमें पहले चरण में प्रदेश में 928 पीएमश्री स्कूलों का चयन किया गया था। इसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का लक्ष्य है।

बेसिक विद्यालयों के लिए बीईओ को बनाया नोडल

इस प्रशिक्षण में 15 पीएमश्री विद्यालयों पर संबंधित जनपद के खंड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) को नामित किया गया है। यदि किसी जनपद में 15 से अधिक पीएमश्री विद्यालय है तो अतिरिक्त विद्यालयों के लिए संबंधित जिले के अन्य खंड शिक्षा अधिकारी को नामित किया जाएगा।

माध्यमिक के लिए एडीआईओएस को बनाया नोडल

प्रत्येक जनपद में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित पीएमश्री विद्यालयों के मूल्यांकन व अनुश्रवण के लिये एडीआईओएस को नामित किया गया है, जिन जनपदों में एडीआईओएस नियुक्त नहीं है उन जनपदों में जीआईसी, जीजीआईसी प्रधानाध्यापक नामित किये गये हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

सूचना

पहले मेरा नाम WAZARAT HUSAIN RAZA था। अब मैंने अपना नाम बदलकर WAZARAAT HUSSAIN JAFRI रख लिया है। इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **WAZARAAT HUSSAIN JAFRI S/O HAZI SULTAN HUSAIN RAZA 546/870 TWELL SARFARAJ GANJ, LUCKNOW.**

सूचना

सूचित किया जाता है कि MOBEEN AHMAD S/O ABDUL SAKOOR निवासी सिकंदरपुर परसरामपुर बस्ती का रहने वाला हूँ। अब मैंने अपना नाम बदल कर ABDUL MOOBIN रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

पंजीकृत फर्म में0 लकी ट्रेडर्स विवेक नगर सुलतानपुर की साझेदारी में श्री दया नारायण सिंह पुत्र स्व0 श्री शीतला बक्श सिंह निवासी ग्राम सदरपुर तहसील लम्भुआ जिला सुलतानपुर की मृत्यु दिनांक 02–04–2022 को हो गयी। इनको फर्म से पृथक करते हुए नया साझीदार सौरभ सिंह पुत्र श्री राम बहादुर सिंह निवासी विवेक नगर सुलतानपुर को शामिल किया गया है। **राम बहादुर सिंह, साझीदार, में0 लकी ट्रेडर्स, विवेक नगर सुलतानपुर।**

सूचना

यह कि मेरे पुत्र सहीद का चाल चलन सही न होने कारण उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबध विच्छेद कर लिए हैं। उसके द्वारा किए गए किसी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **नसीर पुत्र मैकू, निवासी खानपुर, थाना ठठिया, जनपद–कन्नौज**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैंने अपना नाम MOHAMMAD SAIF से बदलकर MOHAMMAD SAIF KHAN रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O MOHAMMAD IYAZ AHMAD ADD- MANGAURA POST- DULARI NAGAR, AMETHI (U.P.)**

सूचना

मैने अपने पुत्र प्रशांत तथा उसकी पत्नी हेमा को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वह स्वयं उत्तरदायी होंगे मेरे व परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्तव सरोकार नहीं रहेगा। **हरिशंकर पुत्र स्व0 अशर्फी लाल निवासी गणेश नगर कॉलोनी थाना कोतवाली जिला खीरी**

सूचना

विकास खण्ड मुसाफिरखाना जनपद अमेठी की न्याय पंचायत रसूलाबाद की ग्राम पंचायत रसूलाबाद, कोड.री मोहीउद्दीनपुर एवं न्याय पंचायत दादरा की ग्राम पंचायत निजामुद्दीनपुर, भद्दौर के समस्त मछुआ समुदाय के मत्स्य पालक, मत्स्य विक्रेता व मत्स्य आखेटक को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.06.2024 को समय 11 बजे दिन में स्थान बाबा परागदास आश्रम निजामुद्दीनपुर पर नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति के संगठन की तृतीय बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है, बैठक में पहुंचकर सफल बनाए। **भवदीय राम सजीवन निषाद ग्राम–निजामुद्दीनपुर, पोस्ट– इसौली, मुसाफिरखाना, अमेठी।**

इंटर कॉलेजों में शुरू होगी करियर काउंसिलिंग क्लास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **छात्रों को बेहतर करियर के लिए किया जायेगा गाइड**

अमृत विचार : सरकारी इंटर कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों के लिए अब करियर काउंसिलिंग क्लास भी आयोजित की जायेगी। जिसमें 12वीं के बच्चों को बताया जायेगा कि वह इंटर के बाद किस करियर को चुने या फिर आगे की पढ़ाई के लिए क्या करें।

इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी कॉलेजों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

शैक्षिक सत्र 2024-25 में छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। छात्र भी शिक्षकों से करियर को लेकर अपनी जिज्ञासा को दूर कर सकेंगे। कई बार छात्रों को 12वीं की पढ़ाई के बाद नहीं पता होता है कि उन्हें क्या करना है, इसको ध्यान में रखते हुए ये क्लास शुरू की जायेगी। निदेशालय की ओर से इस बारे में भी जिला विद्यालय निरीक्षकों और संयुक्त शिक्षा निदेशकों को आदेश जारी किए गये हैं कि हर सरकारी विद्यालय में इसका कड़ाई से पालन कराया जाए।

बता दें कि राजकीय व एडेड कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को शिक्षा देने की पहल की जा रही है। वहीं विभाग के अधिकारियों कहना है कि बच्चों को इंटरमीडिएट से सहीं करियर के बारे में बताया जाए तो वह आगे चलकर बेहतर विकल्प चुन सकते हैं।

छात्रों ने तैयार किया वायरलेस चार्जिंग मॉडल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **इस उपकरण की मदद से फोन पर चार्जिंग का पता लगा सकेंगे उपभोक्ता**

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने ऐसा मॉडल तैयार किया है जो बिना तार के ही इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज कर सकेगा। ये उपकरण ब्लूटूथ तकनीक पर आधारित है। इस मॉडल की मदद से फोन का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता चार्जिंग का पता बड़ी आसानी से लगा सकेंगे।

विवि के इंजीनियरिंग संकाय के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के उत्कर्ष मिश्रा, प्रशांत पंडित और अजिता ने इस मॉडल को तैयार किया है। अजिता का कहना है कि ब्लूटूथ की मदद से ये उपकरण मोबाइल से कनेक्ट होकर चार्जिंग की व्यवस्था को आसानी से बता देगा। तैयार किए गए मॉडल में शामिल टीम का नेतृत्व शिक्षक डॉ. सिद्धार्थ सिंह, डॉ. आनंद रंजन, अवनीश और सुशील ने किया है।

उत्कर्ष ने बताया कि यह मॉडल आधुनिक विज्ञान और विकसित भारत को एक नए पावदान तक ले जाएगा। इस उपकरण की मदद से इलेक्ट्रिक गाड़ियों को आसानी से चार्ज किया जा सकेगा।

हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर सम्मान समारोह 30 को

अमृत विचार, लखनऊ : सांस्कृतिक व सामाजिक संस्था रंगभारती और अखिल भारतीय हिन्दी पत्रकार संघ के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता की 198वीं वर्षगांठ पर कैफी आजमी अकादमी में हिन्दी पत्रकारिता दिवस का आयोजन किया जायेगा। रंगभारती के अध्यक्ष श्याम कुमार ने बताया कि राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अशोक कुमार इस आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में हिन्दी के प्रति विशेष निष्ठा रखने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस गौतम चौधरी व कई वारिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया जायेगा।

भाषा विवि परास्नातक विषयों की प्रवेश तिथि को 15 दिन और आगे बढ़ाया गया

5 फीसदी ही रह गए बीए–एमए में आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भाषा विश्वविद्यालय में बीए-एमए के प्रवेश के लिए सीटें खाली होने पर तिथियां बढ़ा दी गई हैं। बावजूद 700 के सापेक्ष 70 सीटें भी नहीं भरी जा सकी हैं। यही हाल पारंपरिक पाठ्यक्रमों से जुड़े परास्नातक विषयों का भी है। कुलपति का कहना है कि पिछले दो वर्षों से ऐसी स्थिति बनी हुई है। अब छात्र प्रोफेशनल विषयों से जुड़े पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने बताया कि बीए में प्रवेश के लिए 700 सीटें निर्धारित की गई थीं। बीते दिन जब 70 आवेदन नहीं आ सके, तो प्रवेश तिथि को 15 दिन और आगे बढ़ा दिया गया। एमए के अलग- अलग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केवल पांच फीसदी ही आवेदन हो सके हैं। बताया कि दूसरे वर्ष भी आने वाले अधिकतर छात्र बीसीए, बीकॉम, एमकॉम, एमसीए सहित अन्य तकनीकी विषयों से जुड़े संकायों में जुड़ना चाह रहे हैं। बीए-एमए में सीटें न भर पाने की स्थिति को लेकर विचार किया जा रहा है।

राजनीति विज्ञान सहित अन्य विषयों में भी रुचि कम : प्रवेश-परीक्षा नियंत्रक प्रो. एहतिशाम अहमद का कहना है कि राजनीति व सामाजिक विज्ञान, अर्थशास्त्र सहित कुछ अन्य विषयों में भी छात्रों की रुचि कम हो रही है। इसको लेकर कार्यसमिति की बैठक में कई निर्णय लिए गए हैं। जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

सीयूईटी के माध्यम से 5,600 छात्रों ने विवि को चुना : हाल के दिनों में कंबाइन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) शहर के कई संस्थानों में आयोजित हुआ। इसमें छात्रों की पसंद भाषा विश्वविद्यालय रहा। प्रो. एहतिशाम अहमद ने बताया है कि पीजी कोर्स को विकल्प के रूप में चुनने वाले छात्रों की संख्या 5,600 रही है। इससे अधिक संख्या पीजी से जुड़े छात्रों की है।

पीएचडी का परीक्षा परिणाम आज : हाल दिनों में विवि की ओर से पीएचडी परीक्षाओं के आयोजन कराए गए थे। प्रो. एहतिशाम अहमद का कहना है कि परीक्षाफल बुधवार को घोषित किया जाना प्रस्तावित है। इसको लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

प्रोफेशनल विषयों में सीटें फुल

विवि की ओर से बीसीए विषय में 140 सीटें निर्धारित की गई थीं। छात्र दो दिन पूर्व ही इससे अधिक आवेदन कर चुके हैं। यही स्थिति एमबीए से जुड़े पाठ्यक्रम की भी है। यहां 120 सीटें निर्धारित की गई थीं, जो आवेदनों के माध्यम से पूरी होने को हैं। एमसीए में 60 सीटें निर्धारित की गई हैं, जो भर चुकी है। जानकारों की मानें तो बढ़ते आवेदनों को लेकर सीट बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

VACHAK वाचक आयुर्वेद ®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीआॅक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अत: वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सायं 06:00 से 09:00 तक

रविवार सायं अवकाश

जेष्ठ के पहले मंगलवार को रोशनी से जगमगाता संकट मोचन मंदिर। अमृत विचार

अमीनाबाद के मंदिर में हनुमान जी की आरती करते पुजारी। अमृत विचार

हनुमत धाम मंदिर में पूजन करते राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा। अमृत विचार

मंदिर सजाए, भोग लगाया और किए भंडारे

बड़े मंगल पर राजधानी के मंदिरों में सुबह से शाम तक रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ज्येष्ठ के पहले बड़े मंगल पर पूरा शहर भक्तिमय रहा। सुबह 7 बजे से हनुमान जी की आरती, पूजन की शुरूआत हुई। मंदिरों से लेकर भंडारों के पांडालों तक मंत्रोच्चार सुनाई पड़ता रहा। विधि-विधान से पूजन होने के बाद भंडारों पर प्रसाद वितरण शुरू हुआ।

हनुमान सेतु स्थित मंदिर को बड़े मंगल के अवसर पर गेंदे के फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। बड़े मंगल के आयोजन के सम्बन्ध में कई दिन से तैयारियां चल रही थीं। मंदिर में आने वाली भीड़ के मद्देनजर यातायात व्यवस्था पर असर न पड़ने पाए यह जिम्मेदारी पुलिसकर्मियों ने संभाल रखी थी।

निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ में बड़े मंगल की शुरुआत सुबह साढ़े चार बजे मंगला आरती से हुई। स्वामी इष्टकृपानंद ने वैदिक जाप कराये। मठ के हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ के बाद पूजा और आरती का आयोजन किया गया। पूजा मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने कराई। राजधानी के अधिकांश मन्दिरों में सुबह की आरती के बाद से भजनों का सिलसिला शुरू हो गया था।

संकट मोचन मंदिर में बजरंगबली को पुष्प माला पहनाते पुजारी।

लेटे हुए हनुमान मंदिर में पूजन के दौरान बधाई गीत गाते किन्नर समाज के लोग।

दंडवती परिक्रमा करते हुए पहुंचे भक्तों को मंदिर में सबसे पहले मिला प्रवेश

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज स्थित लेटे हुए हनुमान मंदिर में दंडवती परिक्रमा करते हुए पहुंचे हनुमान भक्तों को सबसे पहले दर्शन कराने की व्यवस्था की गई।

भीषण गर्मी में जलती हुई सड़क पर लेट-लेटकर मंदिर तक जाने की प्रक्रिया बहुत मुश्किल होने के बावजूद जीवट के धनी भक्तों ने यह कर दिखाया। मंदिर प्रबंधन ने मंदिर परिसर में द्वार से लेकर हनुमान जी विराजमान स्थल तक मार्बल के फर्श पर कालीन बिछवा दिए थे ताकि मंदिर पहुंच जाने के दंडवती परिक्रमा करने वालों को ज्यादा कष्ट न हो।

हनुमान जी की आरती खत्म होने के बाद सबसे पहले परिक्रमा करने वालों को दर्शन का मौका मिला। इसके बाद बड़ी संख्या में पहुंचे सभी भक्तों को पंक्तिबद्ध होकर हनुमान जी के दर्शन करने का मौका मिला।

श्रृंगार आरती के बाद किन्नर समाज ने गाए बधाई गीत

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती तट स्थित लेटे हुए हनुमान मंदिर के कपाट सुबह पांच बजे मंगला आरती के साथ खुले। सुबह आठ बजे सिन्दूर लेपन और श्रृंगार आरती हुई। पूर्वाह्न 11 बजे किन्नर गुड्डन के साथ उनकी शिष्याओं कौशल्या, नंदिनी, डिम्पी, सबा, प्रिया, कजरी और उर्मिला ने बधाई गीत गाए। इस मौके पर लगे भंडारे में सभी इंतजाम इको फ्रेंडली रहे। थर्माकोल की प्लेटें और प्लास्टिक के गिलास की जगह पत्तल की प्लेटें और दौने इस्तेमाल किया गया। इस मौके पर मंदिर के मुख्य सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी, डॉ. पंकज सिंह भदौरिया, रिद्धि किशोर गौड़, पं. अमर मिश्रा, लवलीन, अखिलेश, जगदीश और राजेश आनंद मौजूद रहे।

कहीं बंटी छोले पूड़ी, कहीं बूंदी

चौराहे-चौराहे पर लगाए गए भंडारे, शीत जल और शर्बत भी पिलाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ज्येष्ठ माह के मंगल आज से शुरू हो गए हैं। शहर के सभी प्रमुख चौराहों, गली, मुहल्ले और मंदिर परिसरों में भंडारों के आयोजन किए गए। केवल पूड़ी सब्जी, छोला चावल, कढ़ी और नुकती, लड्डू जैसे व्यंजन ही नहीं स्वाद के अनुसार चाट व ठंडे पेय भी लोगों को गला तर करने के लिए मिले। इस बार बडे. मंगल पर पशु प्रेमियों ने कई जगह भंडारे लगाए गए। इसमें उन्हें पानी तो पिलाया ही गया ककड़ी, खीर, केला और हरा चारा भी लोगों ने दिया। बाकायदा एक मंच लगाकर पशुओं को भी चढ़ते पारे में खानपान की चीजें उपलब्ध कराई गईं। श्रद्धालु यहीं पर नहीं रुके लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें जरूरी दवाएं भी दी गईं।

शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित करते डॉक्टर।

जांच कर निःशुल्क बांटी दवा

आदर्श अधिवक्ता समिति की ओर से जानकीपुरम में विशाल भंडारे के साथ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें हॉलिस्टिक हेल्थ केयर संगठन की अध्यक्ष डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित की। इस दौरान बार एसोसिएशन की एडवोकेट कंचन पाठक एवं लायंस क्लब की रिहाना सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। इसके अलावा आरएसएस सेवा विभाग समिति के भंडारे में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। फैजुल्लागंज में श्याम विहार कॉलोनी में बड़ा मंगल का प्रसाद श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। यह आयोजन सुरेन्द्र नगर सेवा प्रमुख कैप्टन सरोज नगर संघचालक ब्रजेश, शाखा कार्यवाह सुधीर समेत कई स्वयंसेवक मौजूद रहे।

जीव आश्रय की ओर से आयोजित भंडारे में बंदरों को फल खिलाते संस्था के सदस्य।

पशु भंडारे में ककड़ी, फल और दलिया-चावल खिलाया

जीव आश्रय संस्था की ओर से इस बार पशुओं के लिए भी भंडारे का आयोजन किया गया। इस अनूठी पहल में हर जीव के लिए अलग भोजन की व्यवस्था संस्था द्वारा की गई। हरा चारा, भूसा, रोटी, चावल, दलिया, सोया बड़ी, खीर, ककड़ी समेत कई तरह के फल संस्था ने लोगों के सहयोग से जुटाए। गोमतीनगर नगर निगम कार्यालय के पास मंच लगाया। संस्था के उपाध्यक्ष अमित सहगल कहते हैं कि आमजन के लिए तो सभी सोचतें हैं लेकिन पशुओं के लिए बहुत कम लोग आगे आते हैं। गोमतीनगर, कुकरैल, गौशाला, नेहरू इन्क्लेव, विनय खंड, इंदिरानगर, हनुमान सेतु समेत रास्ते में भूख-प्यास से तड़प रहे मवेशियों को चीजें वितरित की गईं।

भक्तों ने छका प्रसाद

पहले मंगल पर आज रामलीला समिति महानगर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें हनुमान भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। रामलीला मैदान महानगर में भंडारे से पूर्व समिति के सभी सदस्यों ने नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया और प्रसाद वितरित किया। समिति के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी, महासचिव हेम पंत, दीनू पांडे, ताराचंद जायसवाल, केके पाण्डेय, गिरीश जोशी, चित्रा पाण्डे, हरीश उपाध्याय, अनिल जोशी, दीपेश त्रिपाठी, देवेंद्र मिश्रा आदि की मौजूदगी रही। वहीं शांति नगर में सरोजनीनगर क्षेत्र के हनुमान भक्तों ने भंडारे किए। अवध प्रेस क्लब के सह संरक्षक अविनेंद्र सिंह राठौड़ द्वारा आयोजित किए गए भंडारे में विशाल सिंह, बिट्टू, शशिकांत तिवारी, प्रत्युष सिंह, अमन सिंह आदि मौजूद रहे। यहां पूड़ी छोले के अलावा शरबत भी वितरित किया गया।

व्यापारियों ने सफाई का खास तौर पर रखा ध्यान

सबका मंगल हो, हर दिन बड़ा मंगल हो, बड़े मंगल से राष्ट्र मंगल की संकल्प के साथ नजीराबाद बाजार में मंगल मान भंडारा लगाया गया। इसकी शुरुआत अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के चंडीगढ़ विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता और राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने की। आयोजक रहे महानगर के अध्यक्ष सुरेश छबलानी ने बताया कि स्वच्छता सेवा समर्पण और श्रद्धा के भाव के साथ नजीराबाद बाजार में भंडारा आयोजित किया गया। व्यापारियों ने इस दौरान एक भी गिलास, दोना और चम्मच सड़क पर नहीं फेंकने दिया। इसमें आकाश गौतम, अनुज गौतम, रामकुमार तिवारी, नानक चंद लखमानी, अनीता जायसवाल, एकता अग्रवाल, संजय निधि अग्रवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे। वहीं लखनऊ के रिसालदार पार्क मे अधिवक्ता मृत्युंजय दीप सिंह द्वारा कराया गया। मीडिया प्रभारी शिवाजी नागवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में सपा के रोहित साहू, अवनि साहू, विधि साहू, जैल सिंह, रिंकू शुक्ला, दिनेश पाण्डेय, नारायण मिश्रा आदि ने प्रसाद वितरित किया।

चारबाग के एपी सेन हर्षित अपार्टमेंट में कोल्ड ड्रिंक बांटते लोग। अमृत विचार

डीजे पर बजते रहे भजन

कदम-कदम पर चल रहे भंडारों पर भगवान राम और हनुमान जी के भक्ति गीत डीजे पर बजने लगे। दिन चढ़ने के साथ भंडारों पर प्रसाद लेने वालों की कतार भी लंबी होती गई। 11 बजे तक भक्तों की लाइन भंडारों के पांडाल से सड़कों तक पहुंच गई। हालाकि दोपहर में पारा बढ़ा तो राहगीरों की आवाजाही कम हुई। लेकिन पांडालों पर भीड़ बनी रही। पैदल राहगीरों से लेकर लग्जरी गाड़ियां रोककर प्रसाद ग्रहण करने वाले भक्त जगह-जगह नजर आए। इस बार लोग साफ-सफाई को लेकर ज्यादा संजीदा रहे। आयोजन की समाप्ति पर कहीं कूड़े का ढेर नहीं दिखा।

राहगीरों के लिए शीतल पेयजल की मशीन लगी

अमृत विचार, लखनऊः विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में राहगीरों के लिए निशुल्क शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। मंडलायुक्त एवं जिला प्रशासन के आवाहन पर समाजसेवी संस्था विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रचार प्रमुख नृपेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को हाईकोर्ट के सामने अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे शीतल पेयजल की मशीन जनता को समर्पित किया।

सार-संक्षेप

सुंदरकांड के साथ किया भंडारे का आयोजन

बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी के भंडारे में प्रसाद चखते श्रद्धालु। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी की ओर से सहाय जी सभागार में ज्येष्ठ मास के प्रथम बड़े मंगल के शुभ अवसर पर प्रात: 8:30 बजे से सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। पंडित आशीष त्रिपाठी के सुमधुर मंत्र उच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ दो बार सुंदरकांड पाठ और सात बार हनुमान चालीसा पाठ का बंदन गायन के साथ-साथ कॉलेज प्रबंध निदेशक ने महाबली हनुमान जी की प्रतिमा का सिंदूर-चमेली स्नान व नव वस्त्र धारण पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात 1:00 बजे से हनुमान जी को भोग से प्रारंभ होकर 21 कन्याओं के भोज के साथ विशाल भंडारा शुरू हुआ।

कुशाग्र की याद में लगाया भंडारा

भंडारे में प्रसाद वितरित करते इस्कॉन मंदिर के गुरुजी। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : कानपुर के चर्चित कुशाग्र अपहरण-हत्याकांड को लोग अब भी नहीं भूले हैं। कुशाग्र की याद में उनके पिता मनीष कनौडिया व चाचा सुमित कनौडिया ने आलमबाग के रामनगर इलाके में पहला बड़ा मंगल भंडारे के रूप में धूमधाम से मनाया। सुबह दस बजे से शुरू हुआ भंडारा शाम सात बजे तक चलता रहा। भंडारे में भक्तों की लंबी कतारें दिखीं। लोग श्रद्धा के साथ बड़ा मंगल प्रसाद ले रहे हैं। कुछ वहीं पर खाते हुए दिखते हैं। कुछ इस प्रसाद को घर तक लेकर जा रहे हैं। कुशाग्र के चाचा के मुताबिक प्रसाद में पूड़ी-सब्जी और बूंदी है और प्रयास करेंगे कि भंडारे का यह सिलसिला हर साल चलता रहे।

पूड़ी-सब्जी व कोल्ड ड्रिंक बांटी

भंडारे में प्रसाद वितरित करतीं आशियाना क्लब की महिलाएं। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना क्लब की महिलाओं द्वारा बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन सेक्टर-के जगदंबकेश्वर शिव मंदिर पर किया गया। इसमे प्रसाद के रूप में पूड़ी सब्जी,,मीठी बूंदी,, वेज पुलाव और कोल्ड ड्रिंक,का वितरण किया गया। साथ में ठंडे पानी का भी इंतजाम था। इस कार्यक्रम का आयोजन सारिका सिंह, सीमा गर्ग, वैशाली अग्रवाल, नीरा गुप्ता, पूजा सनवाल, नीतू सिंह ने किया। प्रशांत दीक्षित, संजय तिवारी, राजेश अग्रवाल, कुमार प्रवीर, संगीता कुमारी आदि का विशेष सहयोग रहा।

गलियों में भक्तों ने बांटी सब्जी-पूड़ी

संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ज्येष्ठ मास के पावन पर्व पर पहले बड़े मंगल को राजाजीपुरम सेक्टर 12 स्थित रूकुन्दीपुर हनुमान मंदिर पर संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन के साथ साथ बाबा बजरंगबली का पुष्पों से श्रृंगार कर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में पूड़ी सब्जी बूँदी का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर मुन्नी लाल रावत, विशाल रावत, राकेश कुमार, गया प्रसाद, दिव्याशू रावत, प्रदीप रावत, संदीप सहित तमाम लोग मौजूद थे।

मोहनलालगंज के काले वीर बाबा मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय रामकथा के समापन व ज्येष्ठ माह के बड़े मगंल पर विशाल भडांरे का आयोजन किया गया। बाला जी महाराज को भोग के बाद कन्याओं को भोजन कराया गया। मुख्य अतिथि मोहनलालगंज उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार वर्मा, पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक तिवारी, महामंत्री अखिलेश द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित दीक्षित, विजय जायसवाल, नवनीत तिवारी ने भंडारे का शुभारम्भ किया।

सेक्टर ई- राजाजीपुरम में बीजेपी महिला मोर्चा मंडल-3 की अध्यक्ष रजनी मिश्रा ने शुभारंभ किया। पूर्व विधायक सुरेश चंद तिवारी मुख्य अतिथि रहे। व्यापारी नेता अमरनाथ मिश्रा, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, सांसद प्रतिनिधि राघवेंद्र शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे। मनीष मिश्रा और उनकी पत्नी रजनी मिश्रा ने आगंतुकों का अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया।

पुराने लखनऊ में भंडारों के साथ प्याऊ भी लगाए गए : सूरज की तपिश से जलती सड़क और गर्म हवाओं की वजह से भंडारों के बाहर प्याऊ भी लगवाए गए। चौक में काले इमामबाड़े के सामने लगे प्याऊ पर बड़ी संख्या में लोग पानी पीते देखे गए। भंडारों पर दिनभर -कीर्तन चला।

तालकटोरा में लगे भंडारे में बच्चों को सब्जी-पूड़ी बांटते आयोजक। अमृत विचार

मोहनलालगंज में लगे भंडारे में बुजुर्ग को प्रसाद देते आयोजन समिति के लोग।

चमका बाजार | न पानी से खराब होने का डर और न ही कमजोर रोशनी वालों को पढ़ने में दिक्कत

अब चांदी की किताब में पढ़िये हनुमान चालीसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः न पानी से खराब होने का डर और न ही कमजोर रोशनी वाले बुजुर्गों को पढ़ने में होने वाली दिक्कत। बडे. मंगल पर श्रद्धालुओं के लिए इस बार चौक के एक सर्राफ ने चांदी की हनुमान चालीसा, मारुति यंत्र, सुंदरकांड, हनुमत लॉकेट आदि कई चीजें बनाई हैं।

गोल्डेन पॉलिश वाला सुंदरकांड और पंचमुखी मारुति यंत्र न केवल आकर्षण का केंद्र हैं बल्कि उनके खरीदार भी हैं। मूर्तियां हैं तो हनुमान की मूर्ति वाले लॉकेट भी। इनकी कीमत भी बहुत ज्यादा नहीं है। चांदी का चालीसा 1,100 रुपये तो गोल्ड पॉलिश में मारुति यंत्र तीन सौ रुपये प्रति पीस है। सबके अलग-अलग रेट हैं।

300 से लेकर 4,950 तक के आइटम : सुंदर कांड और चालीसा समेत विभिन्न आइटम चौक में हैं। जहां चांदी के फ्रेम की कीमत 800 से 2,000 रुपये तक। 1,500 रुपये कीमत का हनुमान लॉकेट तो चांदी की हनुमान मूर्ति की कीमत 4,950 रुपये प्रति पीस है। सर्राफ विनोद महेश्वरी बताते हैं कि हनुमान चालीसा और सुंदरकांड की खूबी यह है कि एक तो यह पानी से खराब नहीं होंगे दूसरे बड़े अक्षर होने की वजह से यह पठनीय होगी। कमजोर रोशनी वाले लोगों के लिए यह बेहतर साबित होगी।

चांदी की हनुमान चालीसा।

आकर्षण का केंद्र बने गदा वाले की-चेन।

पंचमुखी मारुति यंत्र।

भंडारे में पूड़ी-सब्जी का प्रसाद बांटते आयोजन समिति के सदस्य। अमृत विचार

जीरो वेस्ट से मिनटों में उठ गया कूड़ा

शहर में आयोजकों के सहयोग से बड़े मंगल का पहला भंडारा शून्य अपशिष्ट (जीरो वेस्ट) आयोजित हुआ। नगर निगम ने कार्ययोजना के अनुसार स्थलों की साफ-सफाई कराने के साथ कूड़ा का उठान किया। इससे भव्यता और स्वच्छता के साथ आयोजन हुए। मंगलवार को जिन स्थानों पर भंडारा के लिए नगर निगम में पंजीकरण कराया गया था उन स्थलों की नगर निगम ने आयोजन से पहले और समाप्त होने के बाद साफ-सफाई कराई। कर्मचारियों ने भंडारा के दौरान डस्टविन में अलग-अलग एकत्र कर वाहनों से उठान किया। निर्देशों का पालन कर प्लास्टिक मुक्त आयोजन किया गया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि आयोजकों ने कार्ययोजना के अनुसार बड़े मंगल का पहला भंडारा शून्य अपशिष्ट सम्पन्न कराया। इसी तरह आगे वॉर रूम नंबर 9219902914 पर साफ सफाई के लिए कॉल कर पंजीकरण अवश्य कराएं। व्यापारियों समेत आयोजकों ने नगर आयुक्त के फैसले की सराहना की।

खुलासा : अखिलेश और रंजीत ने पैर छुए और फिर घोंट दिया गला

15 दिन पहले रची थी साजिश, शनिवार को एक करोड़ के जेवर और नकदी लूटी, नीली स्कूटी से हुए फरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र दुबे की पत्नी की हत्या उनके 13 साल पुराने भरोसेमंद ड्राइवर अखिलेश, उसके भाई रवि और साथी रंजीत ने मिलकर की थी। कुबूलनामे में आरोपियों ने बताया कि घर के अंदर दाखिल होते ही अखिलेश ने मोहिनी का पैर छुआ। आशीर्वाद देकर मोहिनी जैसे मुड़ी पीछे से उसने दबोच लिया। इसके बाद रंजीत ने पास में पड़े दुपट्टे से गला घोंट दिया। अखिलेश ने पीछे पेंचकर से सिर पर कई वार किए। मोहिनी की मौत के बाद दोनों एक करोड़ रुपये के जेवर, कैश और कुछ अन्य सामान समेटकर नीली स्कूटी से फरार हो गए।

जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि के मुताबिक सगे भाई अखिलेश और रवि देवेंद्र के भरोसेमंद थे। दोनों ने हत्या की साजिश कई दिन पहले रची थी। प्लान के मुताबिक घटना वाले दिन शनिवार को अखिलेश ने बहाने से छुट्टी ले ली। रवि गाड़ी चलाने गया। वो सुबह देवेंद्र को लेकर गोल्फ क्लब के लिए निकल गया। रास्ते में अम्रपाली चौराहे पर स्थित इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट के सामने अखिलेश और रवि उसके गुजरने का इंतजार कर रहे थे। रवि ने उन्हें इशारे में समझाया कि मोहिनी अब घर में अकेली है। इशारा मिलते ही दोनों देवेंद्र के घर पहुंच गए। कॉल बेल बजते ही मोहिनी ने दरवाजा खोला। अखिलेश के साथ अंजान युवक को देख मोहिनी ने उसके बारे में पूछा। अखिलेश ने बताया कि साहब ने घर का कामकाज देखने के लिए एक लड़के को नौकरी के लिए बुलाया था। उसे ही मिलवाने आया हूं। इसपर मोहिनी दोनों को अंदर लेकर गई। भीतर दाखिल होने के बाद दोनों वारदात को अंजाम देकर निकल गए। उधर रवि देवेंद्र को लेकर वापस लौटा तो मोहिनी का शव कमरे में पड़ा था। रवि ने ही चौकी जाकर पुलिस को पहली सूचना भी दी।

पूर्व आईएएस अफसर की पत्नी की हत्या

रवि यादव

रंजीत

मुठभेड़ में घायल अखिलेश यादव। अमृत विचार

बरामद सामान के पास खड़े पुलिस कर्मी। अमृत विचार

रंजीत को दिया था दस लाख रुपये का ऑफर

पुलिस के मुताबिक अखिलेश और रवि ने मोहिनी की हत्या की साजिश काफी दिनों से रच रहे थे। इसके लिए पहले रंजीत से संपर्क किया। रंजीत को अखिलेश ने ऑफर दिया कि अगर वह अकेले मोहिनी की हत्या कर घर में रखी नकदी और जेवर लूट ले। इसके बदले में उसे दस लाख रुपये देगा। कुछ दिनों तक दोनों के बीच संवाद होता रहा। लेकिन रंजीत ने साफ मना कर दिया। उसने कहा कि रुपये लूटने और हत्या में अखिलेश भी शामिल हो। रवि, अखिलेश और रंजीत ने करीब 15 दिन पहले वारदात की योजना बनाई। जिसे 25 मई को अंजाम दिया।

आलमारी खोला तो बाहर आ गई मोहिनी

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जब अखिलेश पहुंचा तो मोहिनी नहाने की तैयारी कर रही थी। मोहिनी ने अखिलेश को कुछ देर इंतजार करने को कहा। इस बीच वह बाथरूम में चली गई। मौका देखकर अखिलेश और रंजीत नकदी व जेवर समेटने लगे। तभी मोहिनी बाथरूम से बाहर आ गईं। अखिलेश को चोरी करते देख लिया। खुद को बचाने के लिए मोहिनी की हत्या कर दी। इस बात की पुष्टि पुलिस ने भी की है। पुलिस ने बताया कि अखिलेश और रंजीत को काम खत्म करने के बाद मोहिनी को ठिकाने लगाने के लिए रवि ने कहा था। ताकि वारदात का खुलासा न हो सके।

पुलिस को गुमराह करने की थी योजना

रवि, अखिलेश और रंजीत ने हत्या व लूट की साजिश के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए पूरी तैयारी कर चुके थे। इसी योजना के तहत रंजीत की स्कूटी का नंबर प्लेट निकाला, वारदात के बाद करीब 9 किलोमीटर की दूरी में दो बार कपड़े बदले। इस दौरान कहीं भी दोनों ने हेलमेट नहीं उतारा था। पर, रंजीत की एक छोटी सी गलती हो गई। उसने कैंट इलाके में पहुंचने के बाद अपना हेलमेट उतार दिया। जो वहां एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। बस इसी फुटेज ने पूरी योजना पर पानी फेर दिया। इसके बाद पुलिस ने कड़ियों को जोड़ते हुए वारदात का खुलासा कर दिया।

फुटेज मिलते ही संदेह के घेरे में आया अखिलेश

पूर्व आईएएस की हत्या कांड का खुलासा आसान नहीं था। उनके घर में पिछले 13 साल से काम कर रहे चालक भाई इसके सूत्रधार थे। पुलिस का सीधे हाथ डालने का दांव उल्टा भी पड़ सकता था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जिसमें दोनों अपने कपड़े बदलकर भागते हुए दिखे। वहीं कैंट इलाके के एक फुटेज में रंजीत ने अपना चेहरा खोला। जबकि भीषण गर्मी में अखिलेश ने अपना हेलमेट नहीं उतारा। पुलिस को मिले फुटेज में इस बात की भी पुष्टि हो गई कि दोनों भाई रवि और अखिलेश का कैंट और निलमथा में आना जाना था। पुलिस की कई टीम दोनों के भाइयों के बारे में जानकारी जुटाने में लग गई। जब फुटेज कई लोगों को दिखाया गया तो अखिलेश के स्कूटी चलाने और रंजीत पीछे पिट्ठू बैग लेकर बैठे होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने रंजीत से पूछताछ शुरू की। उसके राज उगलने के बाद रवि और अखिलेश से पूछताछ शुरू की गई। दोनों से अलग-अलग पूछताछ हुई तो खुलासा हुआ।

हत्या कर छिपाए जेवर, बना रहा अंजान

मोहिनी की हत्या करने के बाद अखिलेश व रंजीत ने तीन अलमारियां खोली। जिसके लॉकर में रखे हीरे, सोने और चांदी के जेवर बटोर लिए। सारा एक पिट्ठू बैग में भरा। घर से निकल कर अखिलेश और रंजीत सर्वोदय नगर इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट के पास पहुंचे। जहां झाड़ियों में अखिलेश ने जेवर छिपाए दिए। जिसके बाद रंजीत के साथ कैंट पहुंचा। दोस्त को उतराने के बाद अखिलेश वापस इन्दिरानगर पहुंचने से पहले उसने कपड़े बदलकर टीशर्ट पहन लिया था। देवेंद्र ने पुलिस कंट्रोल रूम का फोन नहीं मिलने पर अखिलेश को ही सेक्टर-19 पुलिस चौकी सूचना देने के लिए भेजा था। मोहिनी की हत्या करने के बाद भी आरोपी के चेहरे पर शिकन नहीं आई। गम में शरीक होने का स्वांग करते हुए वह हर वक्त देवेंद्र के साथ साये की तरह मौजूद रहा। साथ ही पुलिस की कार्रवाई पर भी नजर बनाए था।

एक करोड़ की ज्वैलरी व विदेशी करेंसी बरामद

पुलिस ने मोहिनी दुबे की हत्या व लूट के बाद आरोपी अखिलेश, उसके भाई रवि यादव और दोस्त रंजीत की गिरफ्तारी के बाद लूट गई ज्वैलरी बरामद कर लिया। लूटी गई ज्वैलरी करीब एक करोड़ के ऊपर की बताई जा रही है। जिसमें ज्यादातर ज्वैलरी डायमंड की है। डीवीआर, लूट में प्रयुक्त स्कूटी के अलावा 1500 अमेरिकन डालर, सिंगापुर के 7 डालर, मलेशिया के 10 यूरो करेंसी के साथ इंलैंड के 10 पाउंड नोट और 10 स्वीस डालर बरामद किया है। पुलिस ने दोनों भाइयों के साथ उनके तीसरे साथी को जेल भेज दिया।

विश्वास की हत्या की और रोते हुए दिया अर्थी को कंधा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पूर्व आईएएस देवेंद्र दुबे की पत्नी मोहिनी की हत्या की स्क्रिप्ट ओटीटी सीरीज की तरह लिखी गई थी। वारदात की शुरूआत से लेकर आरोपियों के पकड़े जाने तक सिलसिलेवार कहानी पर नजर डाली जाए तो इसमें सब कुछ नजर आएगा जो वर्तमान में लोगों की पसंद की जाने वाली क्राइम ओटीटी में मिलता है। कम पढ़े लिखे होने के बाद भी तीनों आरोपियों ने बचने के लिए प्लान तैयार कर रखा था। पर, एक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज ने योजना को ध्वस्त कर दिया।

अखिलेश और रवि दोनों पूर्व आईएएस देवेंद्र दुबे के घर में 13 साल से काम करते थे। वह उनकी गाड़ी चलाने के साथ घरेलू काम में भी मदद करते हैं। देवेंद्र व उनकी पत्नी मोहिनी भी दोनों को घर का सदस्य मानते हैं। इसी विश्वास का गला घोंटने में दोनों भाई पीछे नहीं हटे। कम समय में लखपति बनने और कर्ज से मुक्ति पाने का सपना लेकन अपने ही मालिक के घर लूट और उनकी पत्नी की हत्या की स्क्रिप्ट लिख डाली।

खुद ही पुलिस को दी सूचना, फूट-फूटकर रोया : शनिवार को आईएएस के चालक रवि ने अपने भाई अखिलेश को मोहिनी की हत्या की सूचना दी। उसे इंदिरानगर सेक्टर-20 देवेंद्र के घर बुलाया। वहां पहुंचने के बाद मोहिनी का शव देखकर अखिलेश फूट-फूटकर रोने लगा। इसके बाद घर के सदस्य की तरह उसने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने के समय वैन में रखा। उसी वैन से पोस्टमार्टम हाउस तक गया। साथ में वापस आया। भैंसाकुंड शव को कंधा देकर पहुंचाया। इसके बाद आईएएस देवेंद्र के घर उनके साये की तरह साथ रहने लगा। ताकि पुलिस को संदेह न हो।

वारदात के बाद बहन से कराई निगरानी

हत्या के बाद अखिलेश और रवि ने अपनी बहन को भी इंदिरानगर आईएएस के आवास पर बुला लिया था। वह घर में नहीं गई। बाहर पुलिस की हर हरकत पर नजर रख रही थी। लोगों की बातों पर ध्यान दे रही थी। घर के सामने पेड़ की ओट में खड़ी महिला से कोई सवाल करता तो वह खुलकर बता रही थी कि चालक अखिलेश की बहन है। उसे सूचना मिली तो भागकर पहुंची है। मोहिनी के घर से पुराना नाता है। लेकिन वह घर के अंदर दाखिल नहीं हुई।

मोहिनी ने मदद का वादा कर दिए 21 हजार

करीब 13 साल से पूर्व आईएएस अफसर के घर काम कर रहे अखिलेश और रवि को परिवार का सदस्य मानते थे। देवेंद्र और मोहिनी ने कई बार उनकी छोटी-छोटी मदद भी की। कुछ दिन पहले रवि की शादी हुई। मोहिनी ने दोनों भाइयों को मदद करने का वादा किया था। लेकिन जब समय आया तो पूर्व आईएएस देवेंद्र पत्नी मोहिनी के साथ उसके घर पहुंचे और 21 हजार रुपये का व्यवहार दिया। वहीं, रवि की पत्नी को एक अंगूठी तोहफे में दिया। शादी में लाखों रुपये का कर्ज हो गया। इस बात को लेकर दोनों काफी नाराज थे।

अखिलेश छुट्टी पर होता तो रवि चलाता था गाड़ी : अखिलेश पूर्व आईएएस देवेंद्र दुबे का 13 साल पुराना चालक है। वह परिवार के काफी करीब था। पांच महीने पहले उसकी शादी हुई थी। तब मोहिनी ने 21 हजार रुपये और एक अंगूठी तोहफे में दिए थे। रवि उसका छोटा भाई है। जब अखिलेश छुट्टी पर होता था, देवेंद्र की गाड़ी रवि चलाता था। 25 मई को अखिलेश नहीं आया। इस पर देवेंद्र गोल्फ क्लब रवि के साथ गए।

इलाज में अखिलेश पर हो गया था ढाई लाख का कर्ज : एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि अखिलेश को टीबी है। इसके इलाज के लिए उसने काफी रुपये खर्च किए। इलाज के लिए उसने ढाई से तीन लाख रुपये कर्ज लिया था। जिसे वापस नहीं कर पा रहा था। वहीं, रुपये देने वाले उस पर दबाव बना रहे थे। उधर, रंजीत भी दो लाख रुपये का कर्ज ले रखा था। दोनों को वारदात के बाद मिलने वाले सामान और रुपये से कर्ज से मुक्ति का रास्ता दिखा। वहीं एक झटके में लाखों रुपये कमाने की योजना तैयार की।

नौकरानी के घर में था कार्यक्रम : रवि और अखिलेश को पूर्व आईएएस के घर की सभी जानकारी थी। कब कौन आता है। कब नौकर व नौकरानी छुट्टी पर जाते है। यहां तक कि घर में कब किस काम से निकलता है। इसी का फायदा उठाया। दोनों को पता चल गया था कि नौकरानी सरिता के घर में मांगलिक कार्यक्रम है। वह शनिवार को नहीं रहेगी। माली भी 11 बजे आता है। सुबह सिर्फ 7 से 7 .15 के बीच दूध वाला आता है। उसके जाने के बाद दस बजे तक मोहिनी घर में अकेली रहेगी। शनिवार को मौका लगते ही वारदात को अंजाम दे दिया।

सिर मुंडवाने के लिए दिए थे 500 रुपये : पुलिस की पूछताछ में आरोपी रंजीत ने बताया कि घटना के बाद दोनों घर पहुंचे। वहां पहुंचने पर अखिलेश को पता चला कि रास्ते में रंजीत ने हेलमेट उतार दिया था। तो अखिलेश ने उसे पांच सौ रुपये दिए। कहा कि सिर मुंडवाओ और दाढ़ी बना लो। ताकि कोई पहचान न सके। लेकिन रंजीत शनिवार शाम को पूरे पैसे का शराब पी गया। इसकी जानकारी होने पर अखिलेश ने उसे फटकारा भी था।

मोबाइल घर पर रखकर गए थे दोनों : पुलिस के मुताबिक वारदात के समय और काफी देर तक अखिलेश और रंजीत ने मोबाइल का प्रयोग नहीं किया। ताकि पुलिस सर्विलांस की मदद से दोनों की लोकेशन का मिलान करे तो दोनों के अलग-अलग स्थान पर होने की पुष्टि हो सके। वहीं, वारदात के समय दोनों के घर पर होने की पुष्टि भी हो सके। पुलिस के मुताबिक इस वारदात के खुलासा सीसीटीवी कैमरे की मदद से हुआ।

एक नजर

संदिग्ध हालात में किशोर लापता

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला क्षेत्र में 15 वर्षीय किशोर संदिग्ध हालात में घर से लापता हो गया। पिता ने बेटे के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य के अनुसार पीड़ित ने प्रार्थना-पत्र में बताया कि उसका बेटा 26 की शाम करीब 6 बजे बिना बताये घर से निकला था। देर रात तक नहीं लौटने पर तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। बताया कि बेटा अपना आधार कार्ड भी साथ में ले गया है। इंस्पेक्टर ने कहा किशोर की तलाश की जा रही है। जल्द ही सुरक्षित बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर दिया जायेगा।

450 किलो लहन के साथ दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी निरीक्षक लक्ष्मी शंकर बाजपेई, अखिल कुमार गुप्ता एवं गुंजन सक्सेना द्वारा मयस्टॉफ मोहनलालगंज के ग्राम इंद्रजीत खेड़ा तथा थाना पीजीआई अंतर्गत ग्राम मवैया के संदिग्ध स्थानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान मौके से 35 लीटर अवैध कच्ची शराब और 450 किलोग्राम लहन बरामद किया गया। लहन को मौके पर नष्ट करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

नौकरी का झांसा देकर बेरोजगार से 63 हजार ठगे

अमृत विचार, लखनऊ : गुडम्बा क्षेत्र निवासी बेरोजगार से साइबर अपराधी ने 63 हजार रुपये ठग लिये। इंस्पेक्टर नितीश कुमार श्रीवास्तव के अनुसार फूलबाग कॉलोनी निवासी सैफ आलम ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 28 अप्रैल को उसके फेसबुक पेज पर एक निजी कंपनी में नौकरी का ऑफर दिखा। सैफ ने ऑनलाइन आवेदन फार्म जमा कर दिया। इसके बाद अनीता नाम की एक महिला ने उसे कॉल की और नौकरी में चयनित होने की सूचना दी और ट्रेनिंग के नाम पर 63 हजार रुपये जमा करा लिए। इसके बाद से महिला का मोबाइल स्विच ऑफ है।

टैक्सी चालक ने कार सवार पर हॉकी से किया हमला

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला क्षेत्र में बीच रास्ते खड़ी टैक्सी हटवाने के लिये पीछे से आये कार चालक को हार्न बजाना भारी पड़ा। टैक्सी चालक ने हॉकी से हमला कर कार चालक को घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक, ऐशबाग निवासी गौरव शुक्ला ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 26 को देर शाम निजी कार से मित्र के साथ बुलाकी अड्डा की ओर से घर जा रहा था। एक स्थान पर बीच रास्ते में चालक ट्रैक्सी खड़ी किये था। कई बार हार्न देने के बाद भी जब टैक्सी नहीं हटाई, तो गौरव कार से बाहर निकले। इस पर टैक्सी ड्राइवर भड़क उठा और हॉकी से हमला कर दिया। मारपीट में गौरव की चेन गिर गई। भीड़ जुटी देख आरोपी टैक्सी समेत भाग निकला।

कार सवारों ने बुजुर्ग को किया मरणासन्न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अस्पताल में भर्ती, दूसरे दिन भी नहीं आया होश
- कृष्णानगर क्षेत्र का मामला आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : कृष्णानगर क्षेत्र में कार सवारों ने बुजुर्ग को पीट कर मरणासन्न कर दिया। बेहोशी की हालत में परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताई है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों पर जानलेवा हमले की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह के मुताबिक, हुसैनबाड़ी निवासी शुभम द्विवेदी ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि उनके पिता राजेंद्र द्विवेदी मोहल्लों में जा-जाकर ठेले पर सामान बेचते हैं। 27 मई की शाम गलती से ठेला एक कार में टकरा गया। इससे भड़के कार सवारों ने पिता को पीटकर मरणासन्न कर दिया। भीड़ जुटती देख आरोपी कार समेत भाग निकले। सूचना पर शुभम मौके पर पहुंचा तो पिता बेहोशी की हालत में मिले। उसने पिता को अस्पताल में भर्ती कराया। शुभम के अनुसार पिता को दूसरे दिन भी होश नहीं आया है। डॉक्टर उनकी हालत गंभीर बता रहे हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कार नंबर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

महिला को नशीली दवा खिला आठ लाख के गहने चुराए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- करामत कॉलेज के मालिक की बहू है पीड़िता, आरोपी नौकर फरार
- गाजीपुर थाने में नौकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, तलाश में जुटी पुलिस

अमृत विचार : करामत कॉलेज के मालिक की बहू को नशीली दवाएं खिलाकर नौकर ने आठ लाख के गहने चुरा लिये। कॉलेज मालिक ने गाजीपुर थाने में आरोपी नौकर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। आरोपी फरार है। पुलिस टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिये दबिश दे रही हैं।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित सैय्यद महमूदूर रहमान इंदिरानगर सेक्टर आठ के पटेलनगर में परिवार के साथ रहते हैं। वह करामत कॉलेज के मालिक व सर्व समाज व्यापार मंडल के अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया बाराबंकी के सतरिख निवासी दुर्गेश कुमार 2020 से उनके घर में काम कर रहा था। उनका आरोप है कि दुर्गेश उनके छोटे भाई नवेद की पत्नी को धोखे से खाने में नशीली गोलियां मिला कर देता था। इससे वह नशे की आदी हो गईं थी। जब बहू की डॉक्टर ने जांच की तो नशीली गोली खाने की बात बताई। इसी बीच पता चला कि घर से गहने और लाखों रुपये गायब हैं।

दुर्गेश से पूछताछ की तो चोरी की बात मान ली। तो नौकरी से निकाल दिया, बाद में फिर रख लिया। उनका कहना है कि आरोपी ने 25 मई को रात 9 बजे बहू को फिर नशीली गोली खिला दी। बेहोश होते ही आठ लाख के गहने चोरी कर लिये। रहमान ने सख्ती से पूछताछ की तब माफी मांगते हुये चुराए गहने अपने परिचित के पास गिरवी रखने की बात कही। पुलिस से शिकायत नहीं करने पर गहने लौटाने का वादा कर अगले दिन फरार हो गया।

महिला को डेढ़ वर्ष से दे रहा था नशीली दवाएं

डॉक्टर ने जांच रिपोर्ट के आधार पर बताया कि महिला को करीब डेढ़ वर्ष से नशीली दवा दी जा रही थी। इसी के चलते उनकी ऐसी हालत हुई है। नौकर ने भी पूछताछ में बताया कि खाने में थोड़ी सी नशीली दवा मिला देता था। इसके बाद जरूरत के अनुसार रुपये और गहने पार करता था।

जीपीओ के बाहर राकेश को चेक देने वाला आरोपी चिन्हित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- बाइक से चेक देकर निकला था आरोपी, खंगाले जा रहे कैमरे
- जीपीओ से रंगेहाथ पकड़ा गया था फर्जी चेक लगाने वाला युवक

अमृत विचार : प्रधान डाकघर (जीपीओ) में शनिवार को रंगेहाथ पकड़े गए आरोपी को फर्जी चेक देने वाले बाइक सवार को पुलिस ने चिन्हित कर लिया है। आरोपी जिस ओर भागा, रूट ट्रेस करने के लिए पुलिस की टीम आसपास के प्रतिष्ठानों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के मुताबिक, जीपीओ में रंगेहाथ पकड़े गये आरोपी राकेश चौरसिया से आजमगढ़ की हीरापट्टी पीएनबी शाखा के 45 हजार रुपये के चेक के बारे में पूछा गया। उसे चेक के खाता धारक का पता नहीं था। उसका कहना है कि चेक जीपीओ के बाहर एक साथी ने दिया था। उसका काम सिर्फ भुगतान कराना था, लेकिन उससे पहले ही कर्मियों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। यही नहीं पूछताछ में राकेश ने किसी भी साथी का नाम नहीं लिया है। ऐसे में घटना स्थल के आसपास के कैमरों को खंगाला गया। इसमें राकेश से बातचीत कर जाता एक बाइक सवार दिखा। गाड़ी नंबर व अन्य माध्यमों से उस की तलाश में टीम लगी है। मामले में सहायक पुलिस आयुक्त हजरतगंज अरविंद वर्मा ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा जा चुका है। अन्य बिंदुओं पर काम किया जा रहा है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

यह है मामला : प्रधान डाकघर जीपीओ में 25 मई को फर्जी चेक लगाते पारा के बुद्धेश्वर निवासी राकेश चौरसिया को रंगे हाथ पकड़ा गया था। आरोपी के पास से 45 हजार रुपये का फर्जी चेक बरामद हुआ था। पूछताछ में सामने आया था कि जिस नाम से खाता खुलवा रखा था वह नाम और पता भी गलत था। जीपीओ के जन संपर्क निरीक्षक शरद कपूर के प्रार्थना-पत्र पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया था।

विभागीय कर्मी के शामिल होने की आशंका

सूत्रों का कहना है अभी तक की जांच में पता चला है कि इससे पहले भी दो खातों से रकम निकली जा चुकी है। वह खाते एक महिला और एक पुलिसकर्मी के थे। जीपीओ की तरफ से विभागीय जांच के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। ऐसे में आशंका कि कोई विभागीय कर्मचारी भी शामिल है।

अलग-अलग जिलों के कई लोग हो सकते हैं शामिल

गिरफ्तार आरोपी राकेश चौरसिया के अलग-अलग बैंक में करीब आठ खाते हैं। सभी खातों में रकम का भुगतान किया गया है। ऐसे में अलग-अलग जिले और राज्य के चेक राकेश तक कैसे पहुंचते थे। इसकी जानकारी के लिये आरोपी को रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ करेगी। ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम भी सामने आ सकें।

हत्यारों की गंध नहीं पहचान पा रहे फांसी के फंदे तक पहुंचाने वाले श्वान

सुनील कुमार मिश्र, लखनऊ

- घटना स्थल पर पुलिस की चहलकदमी से भटक जा रहे स्क्वायड डॉग

अमृत विचार : लखनऊ में रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की हत्या में खोजी कुत्ते की नाकामी डॉग स्क्वायड पर सवाल खड़े कर रही है। अपराधियों को फांसी के फंदे तक पहुंचाने वाले दस्ते के श्वान अब उन तक पहुंचने में नाकाम क्यों हो रहे हैं। स्क्वायड के डॉग हैंडलर्स का कहना है कि घटनास्थल पर उनसे पहले पुलिस की चहलकदमी कुत्तों को भटका दे रही है। साक्ष्य पर कुत्तों से पहले पुलिस के हाथ लगने से अपराधियों की गंध नहीं मिल रही। इसकी वजह से कुत्ते अपराधी के भागने की दिशा में नही बढ़ पा रहे। यही वजह है कि 2020 के बाद खोजी कुत्ते हत्या के आरोपियों को नही पकड़ पाए हैं।

2012 में बाराबंकी की दो अलग-अलग घटनाओं में मासूम बच्चियों की रेप के बाद हत्या कर दी गई थी। दोनों घटनाएं देवां थानाक्षेत्र में हुई थी। वारदात की सूचना मिलते ही लखनऊ से श्वान दल की फीमेल डॉग फैट को भेजा गया। पहली वारदात में फैट शलजम के खेत में पड़ी डायरी लेकर एक मकान की ओर भागी। उसके इशारे पर मकान का ताला तोड़ा गया तो आरोपी छत पर सोया मिला। दूसरी घटना में भी फैट ने बंद एक मकान में छिपे आरोपी को पकड़ लिया। मुकदमे के दौरान सत्र न्यायालय ने फैट के जुटाए साक्ष्यों को पुख्ता मानकर दोनों आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई। फैट की मौत के बाद लंबे समय तक खोजी कुत्तों की मदद से हत्या की घटनाओं का खुलासा नही हुआ।

इनके इशारे पर पुख्ता होती है सीएम की सुरक्षा: मुख्यमंत्री से लेकर न्यायालय तक की सुरक्षा इन्हीं श्वान के इशारे पर पुख्ता की जाती है। सीएम सुरक्षा में विस्फोटक पकड़ने के एक्सपर्ट जर्मन शैफर्ड जैकी और लैब्राडोर ओफान तैनात रहते हैं। मादा श्वान जर्मन शैफर्ड क्यूटी और लैब्राडोर एलन को हाईकोर्ट सुरक्षा में लगाया गया है। लैब्राडोर एडगर और डाबरमैन टोनी लोकभवन की सुरक्षा में हैं। फीमेल डाबरमैन डॉली नॉरकोटिक्स की एक्सपर्ट है। उत्कल, बेनी और इयोरी मानव गंध पकड़ने में माहिर हैं।

नौ महीने कड़ा प्रशिक्षण लेकर होते हैं तैयार

बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर टेकनपुर और आईटीबीपी ट्रेनिंग सेंटर पंचकुला में कुत्तों को नौ महीने का कड़ा प्रशिक्षण देकर तैयार किया जाता है। विस्फोटक, मादक पदार्थ और मानव गंध की अलग-अलग ट्रेनिंग दी जाती है। रोजाना 10 घंटे की ट्रेनिंग होती है। हर तरह के विस्फोटक और मादक पदार्थों का गंध पहचाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। मानव गंध पहचानने वाले कुत्ते सबसे एक्सपर्ट माने जाते हैं। कुत्तों के साथ ही इनके हैंडलर भी प्रशिक्षण लेते हैं।

साक्ष्य को हाथ लगाते ही बदल जाती है गंध

डॉग स्क्वायड के विशेषज्ञ का कहना है कि घटनास्थल पर सबसे पहले डॉग स्क्वायड का पहुंचना जरूरी होता है। इससे वहां मौजूद आरोपी की गंध कुत्ते को मिलते ही वो उसके भागने की दिशा में चल पड़ता है। जहां तक आरोपी पैदल गया होगा वहां तक कुत्ता पहुंच जाता है। घटनास्थल पर उसने जिस सामान को हाथ लगाया होगा उसे कुत्ते को सुंघाने से आरोपी के पकड़े जाने की संभावना और बढ़ जाती है। लेकिन ज्यादातर मामलों में पुलिस पहले ही पहुंचकर ऐसे साक्ष्यों को हाथ लगा देती है। खोजी कुत्ते पहुंचते हैं तो एक साथ कई गंध मिलने से भटक जाते हैं। देवेंद्र दुबे की पत्नी की हत्या के मामले में भी यही हुआ। जेवर के चार खाली पर्स मिले जिसे आरोपियों ने हाथ लगाया था। लेकिन कुत्ते के सूंघने से पहले पुलिस इसपर हाथ लगा चुकी थी।

उत्कल ने भीड़ के बीच हत्यारे को दबोच लिया

फैट के बाद पुलिस के श्वान दल में कई कुत्ते शामिल हुए। इसमें जर्मन शेर्फड नस्ल का नर श्वान उत्कल सबसे तेज है। बंथरा के बेती गांव में 29 सितंबर 2020 की रात एक महिला की हत्या कर दी गई। महिला के पति मंदिर के पुजारी ने लूट के बाद हत्या की जानकारी दी। पुलिस पहुंची तो पुजारी काफी देर तक उन्हें इधर-उधर की बातों में उलझाकर बचने का प्रयास करता रहा। लेकिन टीम के साथ पहुंचे श्वान उत्कल ने गांव के बाहर पड़े मंदिर के दानपात्र को सूंघते ही पुलिस के साथ भीड़ में चल रहे पुजारी को दबोच लिया। पूछताछ हुई तो पुजारी ने कुबूल किया कि दूसरी पत्नी के कहने पर उसने ही पहली पत्नी की हत्या करके लूट का रूप देने का प्रयास किया था। यही उत्कल 25 मई को रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र दुबे की पत्नी के हत्यारों का पता लगाने गया था। लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी वो गेट के बाहर नहीं गया।

425 रुपये की रोजाना मिलती है खुराक

श्वान दल के कुत्तों को छह साल पहले तक 295 रूपये भत्ता मिलता था जो 2018 में बढ़कर 425 रूपये किया गया। इसी से इनकी खुराक दी जाती है। इनकी डाइट में सुबह 600 ग्राम दूध और दो अंडे दिए जाते हैं। रात में 600 ग्राम मटन के साथ हरी सब्जी और दोनों टाइम में 475 ग्राम रोटी दी जाती है। इसके साथ जरूरत के मुताबिक दवाईयां दी जाती है जिसका पैसा भत्ते में नही जोड़ा जाता है।

एक नजर

वेटलिफ्टर पायल ने जीते तीन पदक

अमृत विचार, लखनऊ : कानपुर रोड स्थित लखनऊ साई सेंटर की वेटलिफ्टर प्रशिक्षु पायल ने पेरू में आयोजित यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। 45 किग्रा भार वर्ग में उन्होंने यह सफलता हासिल की। पायल ने इस भारवर्ग में कुल 147 किग्रा वजन उठाकर रजत जीता। स्नैच में 65 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 82 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। लखनऊ साई सेंटर के वेटलिफ्टिंग कोच गोपाल शर्मा ने बताया कि पायल ने जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में तीन पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। आगे भी पायल से ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद है।

मेट्रो स्टेशन पर पुस्तक मेला हुआ शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार को पुस्तक मेले की शुरुआत हुई। यह पहल मेट्रो यात्रियों के लिए शुरू की गई है, जिससे यात्री यात्रा के दौरान किताबों से भी जुड़ सकें। बीग बुकिश की ओर से आयोजित पुस्तक मेले में विभिन्न प्रकाशकों की किताबें उपलब्ध हैं। इसमें आत्मजीवनी, इतिहास, काल्पनिक-गैर काल्पनिक समेत बच्चों एवं युवाओं के लिए भी रोचक पुस्तकें उपलब्ध हैं।

यूपी की आशी सेमीफाइनल में

अंडर-18 आइटा टेनिस | बालक वर्ग में वरुण क्वार्टर फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

प्रतियोगिता के दौरान शॉट लगाती आशी शमशेरी। अमृत विचार

अमृत विचार : बालिका वर्ग में यूपी की आशी शमशेरी ने अंडर-18 आइटा टेनिस के सेमीफाइनल में जगह बना ली। वहीं बालक वर्ग में यूपी के वरुण सिंह ने अपना मुकाबला जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में सेमीफाइनल की तस्वीर मंगलवार को साफ हो गई। आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी में खेली जा रही प्रतियोगिता में आज यूपी आशी शमशेरी ने यूपी की श्रेया पांडेय को 6-1, 6-2 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके अलावा यूपी की आद्या मिश्रा ने यूपी की अरुंधती डागर को, यूपी की छावायी सिंह ने यूपी की ताशी किरन को और यूपी की जुफीशा खान ने यूपी की गीतिका सारास्वत को हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

बालक वर्ग में शीर्ष वरीय दिल्ली के देव प्रकाश और दूसरी वरीयता प्राप्त यूपी के वरुण सिंह ने अपने मुकाबले जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। देव प्रकाश ने यूपी के वैभव सरोज को और दूसरी वरीयता प्राप्त यूपी के वरुण सिंह ने यूपी के अक्षत त्यागी को हराया।

उलटफेर भरे मुकाबले में दिल्ली के हंस आनंद ने 7वीं वरीयता प्राप्त यूपी के रोहित राज को और यूपी के अनीश जैन ने 8वीं वरीयता प्राप्त राजस्थान के यदुराज को हरा कर चैंपियन बनने की दौड़ से बाहर कर दिया।

प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले
- चौथी वरीयता प्राप्त आन्ध्र प्रदेश के रामानुज ने यूपी के अरजय पांडेय को 6-1, 7-5 से हराया
- छठीं वरीयता प्राप्त यूपी के अनुज मार ने पश्चिम बंगाल के श्रेयान दाली को 6-1, 6-0 से हराया
- यूपी के अनिरुद्ध कुमार ने यूपी के अयान यादव को 6-3, 6-1 से हराया
- यूपी के सानिध्य धर द्विवेदी ने यूपी के नवीन यादव को 6-1, 6-3 से से हराया

गोमती नगर में तलवारबाजी का प्रशिक्षण शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

गोमती नगर के विनय खंड में स्थित फेंसिंग अकादमी में तलवारबाजी का अभ्यास करते खिलाड़ी। अमृत विचार

अमृत विचार : तलवारबाजी के अभ्यास के लिए मंगलवार को गोमती नगर विनय खंड में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार फेंसिंग अकादमी की शुरुआत हुई। एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में शहर भर के खिलाड़ी तलवारबाजी का प्रशिक्षण ले सकेंगे। इस अकादमी का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के सचिव यूजिन पाल ने किया।

मुख्य अतिथि यूजिन पाल ने विश्वास जताया कि इस अकादमी से आने वाले समय में कई बेहतरीन खिलाड़ी निकलेंगे। एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस के निदेशक डॉ.आनन्द किशोर पाण्डेय ने बताया कि इस अकादमी में जल्द ही कई अन्य खेलों की सुविधाएं भी दी जाएंगी। इस इंडोर अकादमी में तलवारबाजी की तीनों विधाओं फॉयल, ईपी, सैबर की ट्रेनिंग मिलेगी। इस खेल में इस्तेमाल होने वाले हथियार काफी महंगे होते है। इसलिए हम यहां खिलाड़ियों को अपनी ओर से हथियार उपलब्ध करा रहे है।

▸ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया इंडोर हॉल

आज यहां पर स्व. नूतन तुली खेल स्कॉलरशिप की घोषणा की गई। जिसके अंतर्गत 10 खिलाड़ियों की स्कूली शिक्षा का 50 फीसदी खर्चा वहन किया जाएगा। इसमें उन खिलाड़ियों को मौका मिलेगा, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग किया और राज्य स्तरीय पर पदक जीता हो।

दो खिलाड़ियों आशा राम गुप्ता व आराध्या वर्मा को चयनित कर इसकी शुरुआत की गई है। आशा राम गुप्ता ईपी इवेंट में राज्य चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता व राष्ट्रीय खिलाड़ी है। 10 साल की आशा कक्षा 6 की छात्रा है। वहीं राज्य चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता आराध्या वर्मा (10) राष्ट्रीय खिलाड़ी है और कक्षा 4 की छात्रा हैं। उन्होंने बताया कि फेंसिंग अकादमी में एनआईएस कोच कमल राज (पूर्व वरिष्ठ राष्ट्रीय तलवारबाजी खिलाड़ी) प्रशिक्षण देंगे।

इस अवसर पर केंद्र की संचालन समिति की सचिव अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्डी गरिमा कपूर, आशुतोष सिंह एडवोकेट (पूर्व वरिष्ठ राष्ट्रीय तलवारबाजी खिलाड़ी), अनिल कुमार (संयुक्त सचिव, लखनऊ फेंसिंग एसोसिएशन) सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नूरा, अनाहत, आरना भारतीय एरोबिक्स टीम में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

एरोबिक्स फेडरेशन कप प्रतियोगिता में विजयी होने वाली खिलाड़ी नूरा, अनाहत, आरना और मालविका। अमृत विचार

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश की एरोबिक्स टीम ने आगरा में हाल ही में आयोजित 14वें एरोबिक्स फेडरेशन कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता ट्रॉफी जीत ली। यह प्रतियोगिता इंडिया एरोबिक्स स्पोर्ट्स एंड फिटनेस फेडरेशन की देखरेख में जॉन मिल्टन पब्लिक स्कूल आगरा में गत 24 से 26 मई तक आयोजित की गई थी। इस टूर्नामेंट में लखनऊ की बालिका खिलाड़ियों नूरा इनायती ने 4, अनाहत सिंह और आरना खुराना ने 3-3 सहित कुल 10 पदक अपने नाम किए।

इसी के साथ इन तीनों खिलाड़ियों ने आगामी अगस्त माह में बैंकॉक (थाईलैंड) में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का कर लिया। खिलाड़ियों की मुख्य कोच मालविका वाजपेयी (आयोजन सचिव उत्तर प्रदेश एरोबिक्स स्पोर्ट्स एंड फिटनेस एसोसिएशन) ने बताया कि सभी खिलाड़ी योग शक्ति इंटरनेशनल फिटनेस स्टूडियो गोमती नगर में प्रैक्टिस करती हैं।

▸ नूरा, अनाहत व आरना ने जीते 10 पदक

उन्होंने बताया कि नूरा इनायती ने अंडर-14 में व्यक्तिगत स्पोर्ट्स एरोबिक्स में रजत पदक जीता। वहीं अनाहत सिंह, नूरा इनायती व आरना खुराना की जोड़ी ने बालिका ट्रायो स्पोर्ट्स एरोबिक्स में रजत पदक जीता। इस तिकड़ी ने फिर फिटनेस एरोबिक्स की अंडर-14 मिक्स श्रेणी में रजत पदक जीता। अनाहत, नूरा और आरना ने इसके बाद अंडर-14 स्पोर्ट्स एरोबिक्स में पिटाइट ग्रुप में रजत पदक अपने नाम किया।

उत्तर प्रदेश एरोबिक्स स्पोर्ट्स एंड फिटनेस एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष आचार्यश्री डॉ. यश पारासर ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर यह उत्तर प्रदेश का अब तक का सर्वोच्च प्रदर्शन है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश एरोबिक्स स्पोर्ट्स एंड फिटनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद शेखर सिंह, महासचिव एमएल साहू ने भी विजेताओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। एसोसिएशन के संयुक्त सचिव मो.तौहीद ने बताया कि लखनऊ के पदक विजेता एरोबिक्स खिलाड़ियों को बहुत जल्द लखनऊ में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

लखनऊ बास्केटबॉल टीम के चयन ट्रायल 30 और 31 को

अमृत विचार, लखनऊ : बरेली में 22वीं यूथ उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप (अंडर-17) 18 से 24 जून तक आयोजित की जाएगी। इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली लखनऊ टीम के गठन को चयन ट्रायल 30 और 31 मई को आयोजित किए जाएंगे।

बालकों की टीम का चयन ट्रायल 30 मई को अलीगंज स्थित माडर्न पब्लिक स्कूल में और बालिका टीम का चयन ट्रायल 31 मई को लामार्टीनियर गर्ल्स कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। चयन ट्रायल में वहीं खिलाड़ी हिस्सा ले सकते है, जिनका जन्म 1 जनवरी 2008 या इसके बाद हुआ है। सभी खिलाड़ियों को आयु प्रमाण पत्र देना अनिवार्य है। इच्छुक खिलाड़ी नियाज अहमद, मनीष दुबे और सौरभ गुप्ता से सम्पर्क कर सकते हैं।

अरीशा की गेंदबाजी से जीती सीएसडी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

प्लेयर ऑफ द मैच अरीशा मुस्तफा

अमृत विचार : प्लेयर ऑफ द मैच अरीशा मुस्तफा की शानदार गेंदबाजी की बदौलत सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी गोमती नगर ने एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 के लीग मुकाबले में कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन को 112 रनों से हरा दिया। एसएमआर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसडी सहारा अकादमी ने 40 ओवर में सभी विकेट खोकर 218 रनों को स्कोर बोर्ड पर टांगा। शिव प्रताप सिंह ने आतिशी पारी खेली। उन्होंने 28 गेंदों में 2 चौके और 6 छक्के जड़े। सुजीत कुमार ने 31, आदित्य कृष्णा ने 37, नवीन यादव और ऋषभ पाण्डेय ने 26-26 रनों की पारी खेली। कल्पना फाउंडेशन की ओर से सहवाग और सौरभी पटेल ने 2-2 विकेट चटकाए।

जवाब में कल्पना फाउंडेशन की टीम 23.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 106 रनों के योग पर सिमट गई। अवधेश दुबे ने सबसे अधिक 34 रन बनाए। सीएसडी सहारा अकादमी की ओर से अरीशा मुस्तफा ने 4 विकेट चटकाए। सीएसडी टीम में शामिल बालिका अरीशा मुस्तफा ने शानदार खेल दिखाया। बालकों के इस टूर्नामेंट में वह अकेली बालिका खिलाड़ी रही। सीएसडी की ओर से कृष्णा यादव ने 3 और समीर सिंह ने एक विकेट लिया।

▸ कल्पना फाउंडेशन की टीम 106 रनों पर सिमटी

अर्थ, राज और तनीश की शानदार गेंदबाजी : एक अन्य ट्रायल मैच में सीएएल ग्रीन के 110 रनों के जवाब में सीएएल पर्पल ने 207 रन बनाए। सिंह्रा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में सीएएल ग्रीन के अर्थ मिश्रा ने 58 रन बनाए। सीएएल पर्पल की ओर से दिव्यांश त्रिपाठी ने 4, इच्छित शुक्ला और विपुल सिंह ने 2-2 विकेट चटकाए। सीएएल पर्पल की ओर से राज शुक्ला ने नाबाद 52, तनीश दिवाकर और तनमय सोनी ने 50-50 रन बनाए। सीएएल ग्रीन की ओर से प्रखर त्रिवेदी ने 3 विकेट चटकाए।

दो खिलाड़ी हुए बीमार भेजे गए घर

सीएएल अंडर-14 ट्रायल मैच में सीएएल ब्लैक के 134 रनों के जवाब में सीएएल व्हाइट ने 223 रन बनाए। आज इस मुकाबले के दौरान दो खिलाड़ी धूप के चलते बीमार हो गए। इन खिलाड़ियों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा गया। इनमें गेंदबाज शहवाद सिंह और विकेट कीपर स्वास्तिक शामिल रहे।

केजीएमयू के पीडियाट्रिक्स विभाग में आयोजित कैंप में शामिल बच्चे व अभिभावक। अमृत विचार

डायबिटीज से प्रभावित बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केजीएमयू और नोवो नॉर्डिस्क एजुकेशन फाउंडेशन ने मिलकर बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए एक समर कैंप का आयोजन किया।

यह कैंप केजीएमयू के पीडियाट्रिक्स विभाग में आयोजित किया गया था। जिसका नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. माला कुमार और डॉ. अर्पिता भृगुवंशी ने किया।

▸ केजीएमयू के पीडियाट्रिक्स विभाग में आयोजित किया गया कैंप

डॉ. माला ने बताया कैंप का मुख्य उद्देश्य टाइप-1 डायबिटीज मेलिटस से ग्रसित बच्चों और उनके अभिभावकों को जागरूक करना था। कैंप में विभिन्न प्रकार के खेलों और कला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने भाग लिया और सम्मानित भी हुए।

ऑक्सफोर्ड अकादमी को 7 स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आगरा में आयोजित आगरा रीजनल समर कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2024 में ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने लखनऊ ताइक्वांडो टीम का नेतृत्व करते हुए 7 स्वर्ण, 3 रजत सहित कुल 10 पदक जीते। आगरा के सेंट कॉनराड स्कूल में बीते 24 व 25 मई को आयोजित इस चैंपियनशिप में लखनऊ ने पूमसे में तीसरा स्थान हासिल किया।

ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विजयी रहने वाले खिलाड़ी कप के साथ। अमृत विचार

इस प्रतियोगिता में लखनऊ, कानपुर, शाहजहांपुर, सीतापुर, हरदोई, फिरोजाबाद, मथुरा, बरेली, बदायूं सहित अन्य जिलों के लगभग 550 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर आगरा जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष एमसी शर्मा ने पुरस्कार वितरित किए थे। खिलाड़ियों की इस सफलता पर अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक अतुल यादव व समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी।

पदक विजेता इस प्रकार हैं : क्योरगी इवेंट- दिव्य राज वंश, सिद्धार्थ सिंह को रजत पदक। पूमसे इवेंट- सिद्धार्थ सिंह, आशुतोष मिश्रा, अभिराज यादव, संस्कार शुक्ला), अक्ष अग्रवाल, अक्षज वर्मा, आर्को चटर्जी (तीनों कैडेट वर्ग) को स्वर्ण पदक, वहीं दिव्य राज वंश (सब जूनियर) को रजत पदक मिला।

सांडर्स की हत्या के निंदा प्रस्ताव का विरोध करने वाले अकेले थे सावरकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸ जयंती पर याद किए गए विनायक सावरकर

अमृत विचार : सावरकर विचार मंच ने मंगलवार को विनायक सावरकर की जयंती पर गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने देश के स्वाधीनता संग्राम में वीर सावरकर के योगदान को याद किया।

माई होम इंडिया के संस्थापक सुनील देवधर ने इस मौके पर कहा कि लंदन में सांडर्स की हत्या के बाद जब निंदा प्रस्ताव पर चर्चा की गई तो सावरकर अकेले व्यक्ति थे। जिन्होंने उसी बैठक में निंदा प्रस्ताव का विरोध किया। सावरकर का वकील काल मार्क्स का पौत्र था। उसकी अच्छी जिरह के बावजूद सावरकर को कालापानी की सजा दी गई। अंडमान की सेल्युलर जेल में जेलर ने सावरकर से पूछा कि आपको 50 साल की सजा दी गई है। क्या आपको लगता है कि आप 50 साल तक जिन्दा रहेंगे? इस पर सावरकर ने जेलर से पूछा कि क्या तुम तब तक भारत पर राज कर पाओगे?

कार्यक्रम के आयोजक वैद्य अजय दत्त शर्मा ने इस मौके पर कहा कि 1939 में लखनऊ में बहुत तनाव का माहौल था। उसी साल सावरकर लखनऊ आये तो प्रशासन ने कर्फ्यू लगाना पड़ा। उसके बावजूद सावरकर ने अमीनाबाद पार्क में सभा की। तब अमीनाबाद का हनुमान मंदिर पार्क से लेकर झंडे वाले पार्क तक एक ही पार्क था। उस पार्क में सावरकर ने हिन्दू महासभा का झंडा लगाया और भाषण दिया। तब से यह पार्क झंडे वाला पार्क कहलाया। सावरकर ने तब लखनऊ में केकेसी और डालीगंज में भी सभाएं कीं।

उन्होंने कहा कि सावरकर ने पूना में पढ़ाई के दौरान अपने स्कूल में अंग्रेजी कपड़े जलाए तो वहां से उन्हें निष्कासित कर दिया गया। सावरकर जब लखनऊ आये तो उन्हें निष्कासित करने वाला शिक्षक लखनऊ विश्वविद्यालय का कुलपति था। कुलपति ने लखनऊ में सावरकर का स्वागत किया।

सलाह | एयर कंडीशन व वाहनों का बेतहाशा इस्तेमाल हवा में घोल रहा है जहर

सुविधाओं में कटौती करने पर हवा होगी साफ

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में पारा चढ़ने के साथ ही हवा में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को पर्यावरण विद खतरे का संकेत मान रहे हैं। उनका कहना है कि कंक्रीट का जंगल बन चुके लखनऊ में जीने लायक सांस लेना है तो सुविधाओं में कटौती करनी होगी। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एम दानिश का कहना है कि कोरोना काल में लोगों ने जिस जीवनशैली को अपनाया था, उसे ही जारी रखना होगा।

बीबीएयू के पर्यावरण एवं सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक नवीन कुमार आरोड़ा के मुताबिक रोजमर्रा के सुविधाओं में थोड़ी-थोड़ी कटौती करके कार्बन उत्सर्जन का कम किया जा सकता है। उनका कहना है कि आधुनिक जीवनशैली में बेडरूम से लेकर किचन तक कार्बन मोना ऑक्साइड का स्रोत बने हुए हैं। एयर कंडीशन का बेतहाशा इस्तेमाल हवा में जहर घोल रहा है। वाहनों का इस्तेमाल प्रदूषण के स्तर को बिगाड़ने सबसे बड़ी भूमिका निभा रहा है।

एम दानिश का कहना है कि कोरोना में लॉकडाउन के दौरान वाहनों की रफ्तार पर रोक लगी, कारखाने और होटल उद्योग बंद रहे। लोगों ने खुद से जरूरतों पर पाबंदी लगाई जिसका नतीजा रहा कि उस दौरान मई-जून का अधिकतम तापमान 39 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा था।

उनका कहना है कि हरियाली के साथ जल स्रोतों का बढ़ना भी जरूरी है। नदियां, तालाब, जलाशय तापमान को नियंत्रित करते हैं। किचन गार्डन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। चार पहिया वाहनों का प्रयोग जरूरत पर ही करना चाहिए। कम दूरी के लिए, सप्ताह में एक-दो बार साइकिल से जाने की आदत डालनी चाहिए।

सूक्ष्म कण दे रहे घातक संदेश

मौसम अनुसंधान विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक तालकटोरा सहित कई क्षेत्र में (पीएम 2.5) हवा में सूक्ष्म कणों के घातक स्तर को दर्शा रहा है। इससे हृदय रोग, अस्थमा और नवजातों का कम वजन जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। इससे दृश्यता कम हो जाती है और हवा धुंधली दिखाई देती है। पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. वेंकटेश दत्ता का कहना है कि सूक्ष्म कणों का यह स्तर घबराहट, चिड़चिड़ापन जैसी समस्या भी पैदा कर सकता है। पर्यावरण विद डॉ. नवीन कुमार अरोड़ा का कहना है सौर उर्जा को बढ़ावा देकर भी प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित किया जा सकता है।

कोरोना काल और उससे पहले मई-जून का तापमान

वर्ष	माह	तापमान (डिग्री)
2018	मई	44.8
2019	मई	44.8
2020	मई	39
2021	मई	43
2018	जून	42.7
2019	जून	44.9
2020	जून	40.6
2021	जून	44

लखनऊ में 21 जून को डीजे के रूप में डेब्यू करेंगी सनी लियोनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चर्चित फिल्म अभिनेत्री सनी लियोनी वर्ल्ड म्यूजिक डे पर 21 जून को लखनऊ में डीजे के रूप में डेब्यू करेंगी।

फोनिक्स पलासियो में होने वाले एक दिवसीय एक्सक्लूसिव शो में सनी लियोनी परफार्म करेंगी और अपनी नृत्य क्षमता का प्रदर्शन करेंगी। इस कार्यक्रम में सनी लियोनी के दो हजार प्रशंसकों के बैठने का इंतजाम किया जा रहा है। यह पहला मौका होगा जब लोग सनी लियोनी को उनके हिट गानों पर थिरकते हुए देखेंगे। इस आयोजन में लोग यह भी जानेंगे कि उन्हें किस तरह का संगीत पसंद है। सनी लियोनी जिन कास्मेटिक ब्रांड्स की दीवानी हैं उन्हीं ब्रांड्स ने लखनऊ में यह कार्यक्रम आयोजित किया है।

▸ इस कार्यक्रम में अभिनेत्री के दो हजार प्रशंसकों के बैठने का किया जा रहा इंतजाम

सनी लियोनी इन दिनों अनुराग कश्यप निर्देशित कैनेडी के रिलीज का इन्तजार कर रही हैं। कोटेशन गैंग के साथ वह तमिल फिल्मों में भी शुरुआत करने वाली हैं। प्रभु देवा और हिमेश रेशमिया के साथ भी वह फिल्म कर रही हैं। ओटीटी प्लेटफार्म पर एक शो में वह जज की भूमिका में हैं।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.	106-Sig-Tender-09-2024-25
कार्य का नाम	कम्प्रेहैन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ़ HBL मेक आईपीएस (66 nos.) इन्सटाल्ड ओवर लखनऊ डिवीज़न ऑफ़ नॉर्थेर्न रेलवे फॉर 36 (थर्टी-सिक्स) मन्थस
अनुमानित लागत	रु. 27448906.32
निविदा प्रपत्र की कीमत	निल
धरोहर राशि	रु. 287300.00
कार्य पूरा करने की अवधि	36 Months
निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	19/06/2024 15:30 बजे तक
वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहॉ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है।	www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराषि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106- सिग-टेन्डर-09/2024-25 दिनांक: 27.05.2024 1594/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले तीन आरोपियों को भेजा जेल

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा पुलिस ने छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले तीन आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया 29 फरवरी को पीड़िता मां ने प्रार्थना-पत्र दिया था। इसमें बताया था कि उसकी पुत्री को स्कूल जाते समय अमित, विशाल और विकास निवासी ग्राम बाजनगर आये दिन छेड़ते हैं। विरोध करने पर आरोपियों ने उसका दुपट्टा खींच कर धमकी दी। इससे वह काफी डरी है। बताया आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर गिरफ्तारी की गई।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर अरविंद राणा के मुताबिक, बिजनौर क्षेत्र निवासी युवती ने आलमबाग के प्रेम नगर में किराए पर रहने वाले शिवा के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली की शिवा तहसील स्थित अंडरपास के समीप खड़ा है। इसके आधार पर उसे पकड़ा गया।

मिट्टी लदे डंपर के नीचे 45 मिनट दबा रहा राज मिस्त्री

अमृत विचार, लखनऊ : बीबीडी क्षेत्र में मिट्टी लोड डंपर बेकाबू होकर राज मिस्त्री पर पलट गया। इस दौरान राजमिस्त्री करीब 45 मिनट मिट्टी व डंपर के नीचे दबा रहा। थाना अंतर्गत कठौता गांव निवासी पप्पू (22) राज मिस्त्री है। मंगलवार सुबह वह काम पर जाने के के लिये घर से निकला था। इंदिरा नहर के पास से गुजरते समय सुल्तानपुर से फैजाबाद की तरह आ रहा मिट्टी लोड डंपर अनियंत्रित होकर इंदिरा नहर पटरी की तरफ पलट गया। इससे पप्पू मिट्टी व डंपर के नीचे दब गया। हादसे के बाद चालक छोड़कर मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर बीबीडी इंस्पेक्टर अभय नारायण सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने हाइड्रा बुलाकर डंपर हटवा पप्पू को निकालकर लोहिया अस्पताल भेजा।

लोहिया पार्क में बनाया जाएगा गेमिंग जोन

गेट नंबर 4 के पास सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक के बीच बनेगा गजीबो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लखनऊ विकास प्राधिकरण में बैठक करते उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क में बच्चों व युवाओं के लिए आकर्षक गेमिंग जोन बनाएगा। परिसर में बैटरी चलित छोटी कारें व बाइक राइडिंग जैसे मनोरंजक गेम होंगे। मंगलवार को यह निर्देश उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने अभियंत्रण कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए।

कहा कि लोहिया पार्क की पुरानी वॉटर बॉडी निष्क्रिय है। यह जगह बच्चों व युवाओं के लिए उपयोगी बनाते हुए आकर्षक गेमिंग जोन में विकसित करें। संचालन के लिए अगले माह टेंडर जारी करें। पार्क में कई लोग योगाभ्यास करने आते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए गेट नंबर 4 के पास सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक के बीच

- उपाध्यक्ष ने समीक्षा कर ग्रीन कॉरिडोर में तेजी लाने के दिए निर्देश

में गजीबो बनाएं। जहां लोग सुकून से बैठकर योगा कर सकें। पार्क में एक नया कैफेटेरिया बनाने के साथ पार्किंग एरिया दुरुस्त करें। इसके अलावा फ्रैंगरेंस पार्क के 10 जून तक कार्य पूर्ण करें। पार्क में कैफेटेरिया का प्राविधान किया जाए। फ्रैंगरेंस पार्क में पौधों की आपूर्ति करने के एनबीआरआई के प्रतिनिधि को निर्देश दिए। ग्रीन कॉरिडोर कार्यों में तेजी लाने को भी कहा। घंटाघर के सामने वाले हिस्से में क्लस्टर बनाकर अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाएं।

बैठक में मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह, पीआईयू के प्रभारी एके सिंह सेंगर, अधिशासी अभियंता मनोज सागर, नवनीत शर्मा, संजीव कुमार गुप्ता, अजीत कुमार आदि अधिकारी रहे।

फूड कोर्ट 15 और म्यूजियम ब्लॉक 30 जून तक करें तैयार

उपाध्यक्ष ने कहा कि हुसैनाबाद में बन रहे फूड कोर्ट का कार्य 15 जून व म्यूजियम ब्लॉक के सभी कार्य 30 जून तक पूर्ण करें। सुरक्षा के लिहाज से पूरे परिसर की बाउन्ड्रीवॉल बनवायें। इसके अलावा कैसरबाग चौराहे पर सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा में संबंधित अधिकारियों ने अवगत कराया कि तीन ब्लॉक का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि एक ब्लॉक का कार्य बिजली के तारों की वजह से लंबित है। उपाध्यक्ष ने लेसा से समन्वय बनाकर तारों की शिफ्टिंग कराकर फसाड का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीजी सिटी में विकसित किये जा रहे म्यूजिकल पार्क, मियावॉकी फॉरेस्ट व फूड कोर्ट के कार्यों की समीक्षा कर वेट लैंड, शहतूत, गूलर व अमलताश के पौधे लगाने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित किये जा रहे ईडब्ल्यूएस भवन के 15 जून तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

लापता युवक का दूसरे दिन तालाब में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मड़ियांव थाना क्षेत्र में रविवार से लापता युवक का शव दूसरे दिन पड़ोस के गांव में तालाब में मिला। पुलिस का कहना है कि युवक नशे का लती था। परिजन ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

घैला चौकी इंचार्ज अमित साहू के मुताबिक, मंगलवार सुबह घैला गांव के ग्रामीणों ने तालाब में युवक का शव देख सूचना दी थी। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव निकाला गया। तलाशी में मिले आधार कार्ड से मृतक की शिनाख्त कर परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे जानकीपुरम इडब्ल्यू एस कालोनी निवासी रमेश चन्द्र यादव ने युवक की पहचान पुत्र अजय यादव (31) के रूप में की। पिता ने बताया अजय रविवार को घर से निकला था। इसके बाद से उसकी तलाश कर रहे थे। तभी पुलिस से सूचना मिली। एसआई अमित साहू का कहना है कि अजय नशे का आदी था।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र का मामला, परिजन का आरोप से इंकार

अमृत विचार: गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन घटना का कारण पता होने से मना कर रहे हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

पुलिस के मुताबिक, थाना अंतर्गत छोटा भरवारा निवासी करन सिंह (24) प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। इसके अलावा पिता के साथ कारपेंटर का काम भी करता था। पिता कल्लू का कहना है कि करन सोमवार रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला गया। सुबह काफी देर तक नहीं उठने पर उसे जगाने पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाजें देने के बाद भी जवाब नहीं मिला तो अनहोनी की आशंका में दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे। करन का शव छत के कुंडे से साड़ी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। करन तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी के मुताबिक, परिजन ने कोई आरोप नहीं लगाया है और न ही मौके से सुसाइड नोट मिला है।

दो कुत्तों ने किशोर को दौड़ाया सड़क पर गिरा, ट्रॉमा में मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- घर से बाहर खेलने की बात बोलकर निकला था किशोर
- विकासनगर क्षेत्र का मामला पुलिस बोली-सूचना नहीं

अमृत विचार : विकासनगर थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम घर के बाहर खेल रहे 12 वर्षीय किशोर को कुत्तों ने दौड़ा लिया। डर कर खुद को बचाने भागा किशोर कुछ दूर पहुंचकर सड़क पर गिर गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे ट्रामा सेंटर ले गये। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, महिगवां तारनपुर निवासी किसान सर्वेश का बेटा शिवा (12) कक्षा सात का छात्र था। बचपन से ही शिवा विकासनगर सबौली निवासी नानी सुंदरा देवी के पास रह रहा था। चाचा प्रशांत ने बताया कि सोमवार शाम को वह घर के बाहर खेलने निकला था। वह घर से कुछ दूर आगे पहुंचा था, तभी दो कुत्तों ने उसे दौड़ा लिया। वह डर कर चीख पुकार मचाते हुए भागने लगा। कुछ दूर पहुंचते ही लड़खड़ा कर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने परिवार वालों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन आनन फानन में उसे ट्रामा सेंटर ले गए। जहां इलाज के दौरान शिवा की मौत हो गई। परिवार में मां लक्ष्मी, भाई शिवांश और शनि हैं। इंस्पेक्टर विकासनगर के मुताबिक, मामले में पीड़ित परिवार की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई है।

खेलने के बाद बच्चे ने कोल्ड ड्रिंक पी थी

शिवा के चाचा ने बताया कि आसपास के लोगों से जब बातचीत में पता चला कि उसने कोल्ड ड्रिंक पी थी। उसके दूसरे दोस्तों ने भी वही कोल्ड ड्रिंक पिया था। लोगों का मानना है कि बहुत ज्यादा गर्मी की वजह से बच्चे की मौत हुई है।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी। अमृत विचार

माहवारी स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पोस्टर बनाने और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित
- प्रतिभागियों को वितरित किए गए प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार

अमृत विचार : माहवारी स्वच्छता दिवस के मौके पर बाला फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को विज्ञान फाउंडेशन के साथ मिलकर मड़ियाव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शामिल करीब 30 किशोरियों के बीच पोस्टर बनाने और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए।

फाउंडेशन की प्रीति एम शाह ने माहवारी से जुड़ी भ्रामक बातों को तथ्य के साथ किशोरियों को बताया और उनको एनीमिया से सुरक्षित रखने वाले खान- पान पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। माहवारी के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने, इस्तेमाल किए पैड या कपड़े का उचित निस्तारण करने के बारे में बताया।

महिला को झांसे में लेकर चेन व टाप्स ले गए टप्पेबाज

अमृत विचार, लखनऊ : जानकीपुरम थाना क्षेत्र में बाइक सवार ठगों द्वारा महिला को झांसे में लेकर चेन और टप्स लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक शंकर नगर निवासी रमेश रावत ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि 27 मई को उसकी पत्नी रामकली अपनी नातिन के आंख की दवा लेने जा रही थी। रास्ते में पल्सर बाईक सवार 2 युवक पत्नी को रोक कर बातचीत करने लगे। इस बीच एक युवक ने सफेद कागज में कुछ लपेट कर रामकली को दिया। इसके बाद पत्नी की हालत बिगड़ गई। इसके बाद आरोपी कान के टप्स व चेन उतरवा कर भाग गये।

सुबह और शाम करें काम, दोपहर में आराम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फील्ड कर्मचारियों को हीट वेव से बचाने के लिए नगर आयुक्त ने बदला समय
- प्रभावित क्षेत्र, पार्क व दर्शनीय स्थलों पर किये जाएंगे छाया व पानी के इंतजाम

अमृत विचार : हीट वेव से अपने फील्ड कर्मचारियों को बचाने के लिए नगर आयुक्त ने नगर आयुक्त ने कार्य का समय बदल दिया है। कर्मचारी सुबह और शाम काम करेंगे और दोपहर में आराम करेंगे। इसे अलावा पार्कों, दर्शनीय स्थलों और लोगों का जमावड़ा लगने वाले स्थानों पर छांव व पानी के इंतजाम भी किए जाएंगे।

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को फील्ड कर्मचारियों के कार्य में समय के बदलाव का आदेश जारी कर दिया। बुधवार से कर्मचारी सुबह जल्दी और शाम को देर रात तक काम करेंगे। यानी जो साफ-सफाई जैसे कार्य सुबह से दोपहर तक किए जाते हैं वह दो भाग में सुबह और शेष कार्य शाम को करेंगे। इसके अलावा हीट-वेव से प्रभावित क्षेत्र, पार्क व दर्शनीय स्थलों पर पर्यटकों के लिए छाया व पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। नगर निगम के स्थायी रैन बसेरा में पेयजल, पंखा आदि इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

जलकल विभाग यह करेगा काम : जलकल विभाग पेयजल आपूर्ति के लिए बंद नलकूप ठीक कराकर चालू करेगा। टूटी व लीकेज पाइप लाइनों की मरम्मत कराने के साथ समय-समय पर जल शुद्धिकरण के लिए क्लोरीनीकरण करेगा। पेयजल की गुणवत्ता के लिए यूजर एंड प्वाइन्ट पर जल के सैंपल एकत्र कर जांच कराएगा। जिन क्षेत्रों में हैंडपंप लगे वहां क्लोरीन टेबलेट बांटी जाएगी। इसके अलावा पेयजल बाधित क्षेत्रों में मरम्मत कराकर आपूर्ति की जाएगी।

व्यस्त स्थानों पर लगेंगे तापमान डिस्पले

राहगीरों को दिन में हीट वेव से बचाने के लिए शेल्टर्स होम की व्यवस्था करेगा। व्यस्त स्थानों पर मौसम के पूर्वानुमान व तापमान की जानकारी देने के लिए डिस्प्ले लगाएगा।

अधेड़ की तबीयत बिगड़ी अस्पताल में मौत

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी थाना क्षेत्र में कोटेदार के साथ गये अधेड़ की संदिग्ध हालात में तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना अंतर्गत ग्राम चौखड़ी खेड़ा निवासी हरिशचंद्र (55) पड़ोस के कुसमी गांव में कोटेदार अवधेश सिंह के यहां 20 वर्षों से आटा चक्की पर मजदूरी करते थे। परिजनों का कहना है कि मंगलवार को हरिशचंद्र कोटेदार के साथ मोहान किसी काम से गये थे। देर शाम अवधेश का बेटा विपिन कार से हरिशचंद्र को संदिग्ध हालात में घर पर छोड़ कर बिना कुछ बताये भाग निकला। हालत गंभीर देख परिजनों ने आनन-फानन हरिशचंद्र को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बेटी सोनम ने बताया कि हरिशचंद्र के गंभीर चोट के निशान नहीं थे। उन्होंने अंदरूनी चोट होने की आशंका जाहिर की गई। परिवार में पत्नी तारावती सहित, बेटी रंजना, सोनम और बेटा सचिन और नितिन हैं।

अलग-अलग स्थान पर दो अज्ञात युवकों के शव मिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चिनहट और नाका थाना क्षेत्र का मामला, नहीं हुई पहचान

अमृत विचार: राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सोमवार को दो अज्ञात युवकों के शव मिले। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहचान की कोशिश की, लेकिन नहीं हो सकी। शवों को मोर्च्युरी में रखवाया है।

कमता चौकी क्षेत्र के स्वनलोक कॉलोनी स्थित कृष्णन ब्लू अपार्टमेंट के पीछे मंगलवार को अज्ञात युवक (35) का शव संदिग्ध हालात में मिला। उसके दाहिने हाथ में फफोले पड़े थे। उसके शरीर पर आसमानी कलर की टीशर्ट और हरे रंग का लोवर है। आसपास के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर अवनीश कुमार चतुर्वेदी ने बताया शव मोर्च्युरी में रखवाया है। पहचान नहीं होने पर पुलिस 72 घंटे बाद पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होगा। उधर, नाका थाना क्षेत्र के चारबाग पुलिस चौकी स्थित मैट्रो स्टेशन के पास डिवाइडर पर बने ग्रीन बेल्ट चौराहे पर अज्ञात युवक (30) का शव पड़ा मिला।

कहासुनी के बाद डिप्टी सीएमओ का 151 में चालान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: आशियाना क्षेत्र में बाराबंकी में तैनात डिप्टी सीएमओ की पुलिस से कहा सुनी हो गई। मामले में पुलिस ने उनके खिलाफ 151 की कार्रवाई की है।

इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक, बाराबंकी में तैनात डिप्टी सीएमओ मनोज सोनकर का आशियाना क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में मकान है। रोज की तरह सोमवार रात वह बाराबंकी से लौट रहे थे। इस दौरान रास्ते में गश्त पर निकले पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोक कर पूछताछ शुरू की, लेकिन उन्होंने परिचय नहीं दिया। कड़ाई से पूछने का प्रयास किया तो कहासुनी करने लगे। इसके चलते उनके खिलाफ 151 की कार्रवाई की गई। यह भी चर्चा है कि किसी स्थान पर मौरंग भरने को लेकर पुलिसकर्मियों व डिप्टी सीएमओ के बीच कहा सुनी हुई थी। इसके बाद पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई की।

गर्मी ने बिगाड़ी हालत, सरकारी अस्पतालों में 200 भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी के वार्ड फुल। अमृत विचार

अमृत विचार : तेज धूप और लू अब लोगों की हालत बिगाड़ने लगी है। अस्पतालों की इमरजेंसी में गर्मी से गंभीर हुए मरीजों की संख्या बढ़ गई है। पिछले 24 घंटे में शहर के प्रमुख सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में लगभग 200 मरीजों को भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि इमरजेंसी आने वाले उल्टी-दस्त, डायरिया और डिहाइड्रेशन के 80 प्रतिशत मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है। राजधानी में सोमवार को गर्मी से तीन लोगों की मौत हो गई थी। इसे देखते हुए डॉक्टरों ने लोगों से सावधानी बरतने की सलाह दी है।

बलरामपुर अस्पताल के ईएमओ डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि उनके यहां डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त व डायरिया के 150 मरीज भर्ती किए गए हैं। इमरजेंसी के सभी बेड फुल हो गए हैं। कई मरीजों का स्ट्रेचर पर इलाज किया जा रहा है। सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में 33 बेड हैं। यहां 28 मरीजों को भर्ती किया गया। फिजिशियन डॉ. आनंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गर्मी बढ़ने से बुखार और डायरिया के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

लोकबंधु अस्पताल की इमरजेंसी में 18 बेड हैं। सीएमएस राजीव दीक्षित ने बताया कि डायरिया के 25 से 30 के मरीज रोजाना आ रहे हैं। मरीजों की संख्या अधिक होने से स्ट्रेचर पर भी इलाज दिया जा रहा है। हालत में कुछ सुधार होने वाले मरीजों को वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाता है। ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय के सीएमएस एसपी सिंह ने बताया कि उनके यहां इमरजेंसी में रोजाना 7-8 मरीज भर्ती हो रहे हैं। बीआरडी, रानी लक्ष्मी बाई और राम सागर मिश्र अस्पताल की इमरजेंसी में 6-7 मरीज भर्ती हो रहे हैं। सभी अस्पतालों में हीट वेव के मरीजों के लिए बेड आरक्षित हैं।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीके गुप्ता ने बताया कि गर्मी के कारण बच्चों में डायरिया, उल्टी-दस्त के मामले बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलाजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

संजय सिंह के मामले में कल होगी सुनवाई

सुलतानपुर, अमृत विचार : सजा के खिलाफ दायर अपील में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायाधीश एकता वर्मा ने सुनवाई के लिए 30 मई की तारीख नियत की है। बिजली-पानी की समस्या को लेकर सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन और रोड जाम के 23 साल पुराने मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत चार को लोअर कोर्ट ने तीन माह की सजा सुनाई थी, जिसे सेशन कोर्ट में चुनौती दी गई है।

महिला आरक्षी से दुराचार मामले में आदेश को चुनौती

सुलतानपुर, अमृत विचार : हलियापुर थाने की महिला आरक्षी से दुराचार करने के आरोपी पूर्व थानाध्यक्ष नीशू तोमर के खिलाफ सीजेएम कोर्ट ने पुलिस रिपोर्ट खारिज कर दुराचार तथा अन्य आरोपों में संज्ञान लिया था। पूर्व थानाध्यक्ष नीशू तोमर ने सेशन कोर्ट में निगरानी दायर कर सीजेएम के आदेश को चुनौती दी है। महिला आरक्षी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि सेशन जज जीपी पांडेय ने याचिका पर सुनवाई 29 मई को नियत की है। साल 2021 में हलियापुर थाने में तैनात रही एक महिला आरक्षी ने तत्कालीन थानाध्यक्ष नीशू तोमर पर मुकदमा दर्ज कराया था।

अधिवक्ता हत्याकांड में सुनवाई 6 जून को

सुलतानपुर, अमृत विचार : अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में मंगलवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। मामला अभियोजन साक्ष्य में वादी से जिरह की प्रक्रिया में चल रहा है। वादी पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए 6 जून की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थाने के अलहदादपुर गांव निवासी अधिवक्ता आजाद अहमद की बीते साल छह अगस्त को भुलकी चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भाई मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने कोतवाली नगर के लोलेपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ पप्पू, घरहा निवासी इस्माइल उर्फ प्रिंस, सोहराब, मेराज, सलमान समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

छात्रा पर एसिड अटैक के दो दोषियों को 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : नगर क्षेत्र के निवासी दो अभियुक्तों को नाबालिग बालिका पर एसिड फेंकने के आरोप में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने मंगलवार को 20/20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्तों को एक-एक लाख के अर्थदंड से दंडित भी किया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि बीते 21 दिसंबर 2020 की शाम करीब सवा पांच बजे शहर के मोहल्ला चांदपुरा स्थित एक कोचिंग से पढ़कर 17 वर्षीय छात्रा अपने घर के लिए जा रही थी। इसी दौरान दुलदुल हाउस के पास शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी ऐहतशाम उर्फ सद्दाम और थाना दरगाह शरीफ के गुल्लावीर कालोनी निवासी सुहेल उर्फ पीके बाबा ने नाबालिग छात्रा पर ज्वलनशील पदार्थ तेजाब फेंक दिया था। घटना में पीड़ित छात्रा के पिता ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि विवेचना अधिकारी योगेंद्र कुमार ने घटना का नजरी नक्शा तैयार कर आरोपपत्र 19 मार्च 2021 को सक्षम न्यायालय को सौंपा था। वि प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा की कोर्ट ने साक्ष्यों का परीक्षण कर घटना में अभियुक्तगणों को दोषी करार देते हुए 17 मई 2024 को निर्णय सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को कोर्ट ने अभियुक्तगणों की सजा पर अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद अभियुक्तगणों को बीस-बीस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए एक-एक लाख के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थित अभियुक्तगणों को दो-दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगा।

हनुमानगढ़ी में उमड़े भक्त

अयोध्या, अमृत विचार : ज्येष्ठ माह के पहले मंगल पर सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बजरंगबली के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। भीषण गर्मी के बावजूद भोर से ही लोग कतारबद्ध हो गए। हनुमानगढ़ी के साथ ही रामलला के दरबार में श्रद्धा हिलोरें ले रही थी। जय श्रीराम के उद्घोष से राम नगरी गूंज रही थी। श्रद्धालुओं से भोर में तीन बजे सरयू के घाट पट गया। पवित्र सरयू नदी में स्नान कर श्रद्धालु बजरंगबली के दर्शन के लिए सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी और रामलला के दरबार में पहुंचने लगे थे। ज्येष्ठ के पहले मंगल को हनुमानजी महाराज का विशेष पूजन किया गया। सरयू जल और पंचामृत से अभिषेक किया गया।

पूर्व सपा विधायक को दो साल की सजा

संवाददाता, सीतापुर

▸▸ वर्ष 2008 में सरकारी कार्य में बाधा, बलवा फैलाने का आरोप

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल को एमपी-एमएलए कोर्ट ने 16 साल पुराने मुकदमे में सजा सुनाई है। कोर्ट न्यायाधीश राजेंद्र सिंह ने सोमवार को दोषी करार देते हुए मंगलवार को सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने पूर्व विधायक को एकमत होकर बलवा करने, सरकारी कार्य में बाधा और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से तोड़फोड़ करने के आरोप में दो साल की सजा सुनाई है। 7 साल से सजा काम होने के चलते कोर्ट ने पूर्व विधायक को जमानत दे दी है। पूर्व विधायक सजा के खिलाफ अब सेशन कोर्ट में अपील करेंगे।

बताते चलें कि बसपा शासन काल में नगर पालिका सीतापुर के तत्कालीन ईओ निहाल चंद्र टीम के साथ शहर के लालबाग मुख्य बाजार में 13 जुलाई वर्ष 2008 में अभियान के तहत अतिक्रमण हटवा रहे थे। आरोप था कि सदर सीट से सपा विधायक राधेश्याम जायसवाल अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाने के विरोध में हंगामा करते हुए सरकारी मशीनरी जेसीबी पर पत्थर चलाकर तोड़फोड़ की। इस दौरान जेसीबी का ड्राइवर चोटिल भी हुआ था। विधायक के विरोध के बाद तत्कालीन ईओ निहाल चंद्र ने पूर्व विधायक सहित 17 लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल सहित 17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करते हुए आरोपी बनाया था। एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनवाई के बाद सोमवार को पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल को दोषी करार देते हुए अन्य 11 आरोपियों को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया था। मंगलवार को न्यायाधीश ने धारा 147 आईपीसी, 353, 337 के तहत दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने जमानत के आधार पर विधायक को रिहा कर दिया।

ट्रायल के दौरान पांच आरोपियों की मौत

अतिक्रमण के दौरान आरोपी बनाये गये पूर्व विधायक राधेश्याम सहित 17 आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी। एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के दौरान 5 आरोपियों की सजा के ऐलान से पहले ही अलग अलग समय पर मौत हो चुकी थी। मरने वालों को विजय, सुरेश जैन, गुरुवेद, राजकुमार और विजय कुमार शामिल है। शेष बचे 12 आरोपियों में 11 आरोपियों को कोर्ट ने संदेह के आधार पर बरी कर दिया।

सपा के पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल।

बयान बदलने के आरोप में नपा के 4 कर्मियों को नोटिस : एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश राजेंद्र सिंह ने सुनवाई के दौरान पुलिस को दिए गए बयानों से अपने बयान पलटने और आरोपियों को पहचानने में हेरफेर करने के मामले में दोषी पाते हुए 4 नगर पालिका कर्मियों को नोटिस जारी करते मुसीबत बढ़ा दी है। नोटिस मिलने वाले कर्मियों में तत्कालीन सम्पत्ति लिपिक राकेश मिश्रा, मौजूदा वाहन प्रभारी शिव कुमार त्रिपाठी, सुशील श्रीवास्तव और सुधीर शुक्ला के खिलाफ 344 सीआरपीसी के तहत पक्ष द्रोही का दोषी मानते हुए कार्रवाई की है। इन नपा कर्मियों पर अपने बयानों से कोर्ट में मुकरना और दोषी को पहचानने में हेरफेर करने का आरोप है।

खुदकुशी मामले में पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : दो माह पहले हुई विनोद की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। उसकी पत्नी का संबंध किसी युवक से होने की बात सामने आई है। इसके चलते पति और पत्नी में विवाद होता रहता था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विनोद की मौत जहर के सेवन से होना आया था। घटना के तीन दिन बाद युवक की मां ने थाने पर तहरीर देकर आत्महत्या के लिए उकसाने से बेटे की मौत होने के आरोप भी लगाए थे। मंगलवार को पुलिस ने विनोद की पत्नी, सास और प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया।

रोहितपुरवा थाना कैसरगंज, बहराइच निवासी विनोद निषाद (38) मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के लीलापुर मजरे बतनेरा में ससुराल में बेचन के घर रहता था। जहां 24 फरवरी की शाम पत्नी रुचि से झगड़ा हुआ। उसके बाद पति व पत्नी ने जहर खा लिया था। विनोद ने दम तोड़ दिया। वहीं उपचार के बाद रुचि की जान बच सकी। पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण विषाक्त पदार्थ का सेवन होना सामने आया था।

नारकोटिक्स अधिकारी बनकर वसूली करने वाले तीन गिरफ्तार

मनकापुर, गोंडा

▸▸ लाइसेंसी भांग की दुकान के सेल्समैन से लूटी थी नकदी

अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने फर्जी अधिकारी व पत्रकार बनकर भांग की दुकानों से अवैध वसूली व छिनैती करने वाले गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है।

नगर के मोहल्ला पटेल नगर तिराहे स्थित लाइसेंसी भांग की दुकान के सेल्समैन कौशल कुमार ने दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि बीते गुरुवार को दोपहर तीन बजे दुकान पर बाइक से तीन व्यक्तियों ने अपने आपको नारकोटिक्स विभाग का अधिकारी बताते हुए दुकान चेक करने लगे। उसके द्वारा परिचय पूछा गया तो नाराज होकर बोलने लगे तुम्हारा चालान कर दूंगा, आदि धमकी देते हुए उसे मारने पीटने लगे तथा काउंटर में रखे 9,000 रुपये जबरदस्ती छीन लिये। जब उसने विरोध किया तो गाली देते हुए बोले कि प्रतिमाह 10,000 रुपये देते रहना, तभी तुम्हारी दुकान चलेगी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र सफल अनावरण के लिए सभी टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज, अन्य तकनीकी व मैनुअल साक्ष्य संकलन करते हुए घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल विशाल गुप्ता, अमन शुक्ला व मनीष मौर्या को किशुनदासपुर से पहले टिकरी रोड नवाबगंज से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूट के 9,500 रुपए नकद, तीन कूटरचित परिचय पत्र (ड्रग्स इंस्पेक्टर, नारकोटिक्स डिपार्टमेंट), 3 मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान कई अन्य घटनाओं की बात कबूली है।

जेल निरीक्षण के दौरान अफसरों ने खंगाली आजम खां की बैरक

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : जिला न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय ने डीएम-एसपी के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जेल के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां की बैरक सहित अन्य बैरकों की खंगाला कर जमा तलाशी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार से किसी प्रकार की संदेहास्पद वस्तु नहीं मिली।

मंगलवार की शाम जिला न्यायाधीश मनोज कुमार ने डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्रा व सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह के साथ जिला कारागर पहुंचकर बंदियों से वार्ता की। निरीक्षण के दौरान महिला और पुरुष बंदियों से वार्ता कर अफसरों ने जेल मैनुअल और वहां मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बंदियों से वार्ता के बाद उनकी समस्याओं के निराकरण को लेकर जेल अफसरों को जिला जज ने निर्देशित किया। बैरकों के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने जेल में बंद आजम खां की बैरक को खंगाला। जेल चेकिंग के दौरान अफसरों को किसी प्रकार की संदेहास्पद वस्तु नहीं मिली। निरीक्षण कर जेल से बाहर अफसरों के आते ही जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

जेल निरीक्षण कर बाहर आते जिला जज मनोज कुमार, डीएम-एसपी व जेल अधीक्षक।

▸▸ बंदियों से वार्ता कर जिला जज, डीएम व एसपी ने जाना जेल का मैन्युअल

प्रेमी गया जेल तो प्रेमिका ने मांग भरकर दे दी जान

लंभुआ, सुलतानपुर

▸▸ फॉरेंसिक टीम ने एकत्र किए नमूने पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

अमृत विचार : जिले के लंभुआ थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। प्रेमी के जेल जाने से दुखी प्रेमिका ने मांग में सिन्दूर भर कर सुसाइड कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी गांव के ही एक युवक से प्रेम करती थी। परिजनों को यह बात पसंद नहीं आई तो विरोध करने लगे जो दोनों को नागवार गुजरी। जिसके चलते दोनों बीते 13 मई को घर से भाग निकले। किशोरी के परिजनों ने युवक के खिलाफ़ केस दर्ज करवा दिया। केस दर्ज होने पर सक्रिय हुई पुलिस ने दोनों को 18 मई को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी को परिजनों को सौंप कर युवक को जेल भेज दिया। प्रेमी के जेल जाने से प्रेमिका को गहरा दुख पहुंचा। परिजनों के अनुसार सोमवर को उसका 164 का बयान होना था, किसी कारण नहीं हो पाया था। मंगलवार को बयान के लिए बुलाया गया था। इसी बीच उसने आत्महत्या कर ली। सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। फॉरेंसिक टीम ने नमूना एकत्रित किया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेशीय बालिका सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ खिलाड़ी। अमृत विचार

आगरा, मेरठ, आजमगढ़ और वाराणसी सेमीफाइनल में पहुंचे

अयोध्या कार्यालय

▸▸ प्रदेशीय स्कूली बालिका सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

अमृत विचार : प्रदेशीय स्कूली अंडर-17 बालिका सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता मंगलवार को डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में शुरू हुई। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश आर्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरूआत कराई। इसके पूर्व डॉ. आर्य ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण किया।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन आगरा, मेरठ, आजमगढ़ व वाराणसी मंडल टीमों ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही आठ मंडलीय टीमों के बीच सीधे क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। पहला मैच लखनऊ व मेरठ मंडल की टीमों के बीच खेला गया। इसमें इसमें मेरठ मंडल ने लखनऊ मंडल को टाई ब्रेकर मुकाबले में 4-3 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मेरठ की नीलम, अलीना, अनुष्का व खुशी और लखनऊ की सरीमा व प्रियंका ने गोल किया।

दूसरा क्वार्टर क्वार्टर फाइनल मैच आजमगढ़ व कानपुर मंडल के बीच खेला होना था, लेकिन कानपुर मंडल की टीम टर्न अप न होने के कारण आजमगढ़ मंडल वॉक ओवर के सहारे सेमीफाइनल में पहुंच गई। तीसरा मुकाबला मेजबान अयोध्या व आगरा मंडल के बीच हुआ। एकतरफा मुकाबले में आगरा मंडल ने अयोध्या मंडल को 6-0 से आसानी से पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। आगरा की दिव्या वर्मा ने पांच व प्राची ने एक गोल किया। चौथा व आखिरी मुकाबला वाराणसी और मुरादाबाद टीमों के बीच हुआ। इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में वाराणसी मंडल ने 2-0 से मुरादाबाद मंडल पर जीत दर्ज कर अंतिम चार में प्रवेश कर लिया। वाराणसी की प्रीति यादव ने दो गोल किए।

बूढ़े बाबा का पांच दिवसीय मेला आज से

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : सैयद सालार साहू बूढ़े बाबा का पांच दिवसीय मेला 29 मई से शुरू होगा। मेला शुरू होने से पहले ही यहां जायरीनों का आवागमन शुरू हो गया है। बूढ़े बाबा की दरगाह पर सैकड़ों वर्ष पूर्व से ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल के दूसरे दिन से मेला लगता चला आ रहा है। मेले में जिले के अलावा लखनऊ, उन्नाव, कानपुर, गोंडा, बहराइच, लखीमपुर, रायबरेली, हरदोई, सुल्तानपुर, सहित अन्य जनपदों के जायरीन भी शामिल होते हैं। दरगाह कमेटी के सचिव चौधरी कलीमुद्दीन उस्मानी ने बताया कि 29 मई से 2 जून तक चलने वाले मेले में विविध आयोजन होंगे।

हत्या के प्रयास में मां-बेटे को 10 साल की सजा

अयोध्या, अमृत विचार : विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट तृतीय अमर सिंह की अदालत ने मंगलवार को जहर देकर दो सगे भाइयों के हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी मां-बेटे को 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 75 हजार रुपया जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि में से 25-25 हजार रुपये बतौर प्रतिकर पीड़ित दोनों भाइयों को देने का आदेश दिया है। फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता सईद खान व एडीजीसी सुधाकर मिश्रा ने बताया कि घटना 13 फरवरी 2012 की है। रौनाही थाना क्षेत्र के बरौली पूरे राजवंत मोहल्ला अरथर निवासी राम निहोर ने रिपोर्ट लिखाई थी कि उनका लड़का विपिन कुमार व कृष्ण मोहन गांव स्थित बाबा कुटी पर गया था। गांव के रवि ने पहले दोनों लड़कों को संतरा खिलाया और उसके बाद कहीं से विषाक्त पदार्थ लेकर आए तथा दोनों को पिला दिया। जिसके बाद दोनों लड़के बेहोश हो गए और दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। कई दिन इलाज के बाद दोनों की हालत में सुधार हुआ। जहर पिलाने में रवि की मां शंकरा देवी का भी हाथ था।

चारों ओर आग जलाकर तप कर रहे बाबा

गर्मी में बाबा का तप देखकर लोगों ने भंडारे का किया आयोजन

संवाददाता, खमरिया/ईसानगर

अमृत विचार : भीषण गर्मी और प्रचंड धूप से जहां मनुष्य से लेकर पशु-पक्षी तक सभी व्याकुल हैं। पारा 42 डिग्री को पार कर गया है। वहीं ईसानगर क्षेत्र के लाखुन गांव के मजरा मदारा बेहड़ में बाबा तपती आग के बीचों बीच बैठकर देश के कल्याण के लिए तप कर रहे हैं। बाबा के चारों तरफ बड़ी मात्रा में लकड़ियां धधक रहीं हैं और बीच में बैठकर बाबा तप कर रहे हैं। बाबा की तपस्या को देखकर गांव के लोगों ने विशाल भंडारे का भी आयोजन किया।

गांव के निकट खाली पड़े खेत में खमरिया खुर्द निवासी बाबा महावीर स्वामी अपने अन्य साथी बाबा लेखराम की मौजूदगी में अपने चारों ओर लकड़ियों को जलाकर इस भीषण गर्मी और प्रचंड धूप में तप कर रहे हैं। बाबा का तप देख लोगों में आस्था जाग पड़ी और लोगों ने मिलकर विशाल भंडारे का आयोजन किया। जहां बाबा के तप को देखने आ रहे हजारों लोग बाबा की परिक्रमा कर प्रसाद भी ग्रहण कर रहे हैं। इस बाबत महावीर स्वामी बाबा के सहयोगी बाबा लेखराम ने बताया कि बाबा बिना अन्न ग्रहण किए हुए तप कर रहे हैं। इस दौरान वह मौन धारण भी किए हुए हैं। कई घंटे बाद थोड़ा जल ग्रहण कर लेते हैं। बाबा 24 घंटे देश के कल्याण के लिए चारों तप कर रहे हैं।

चारों ओर आग जलाकर तप करते बाबा। अमृत विचार

बाबा बागेश्वर के आश्रम में मिली लापता विवाहिता

अयोध्या, अमृत विचार : मूल रूप से ग्राम सिंधावे पोस्ट पथरदेवा जनपद देवरिया के निवासी और यहां अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के देवकाली बाईपास से भीखापुर रोड स्थित शशि गैस एजेन्सी के पीछे श्रीरामपुरम कॉलोनी फेज दो में रहने वाले मयंक मणि त्रिपाठी ने रविवार को पुलिस में पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बताया था कि उनकी पत्नी मंदाकिनी शनिवार सुबह लगभग 11 बजे श्रीरामपुरम कॉलोनी आवास से बैग सही कराने के लिये बड़ी देवकाली रोड स्थित दुकान पर गई थीं, लेकिन लौटकर नहीं आई। लापता विवाहिता की तलाश में जुटे परिजनों व पुलिस को विवाहिता के मोबाइल पर 700 रूपये निकासी के फेल होने का मैसज मिला तो संबंधित एटीएम बूथ की लोकेशन की खोज शुरू हुई। इसी बीच विवाहिता का उसके भाई के मोबाइल पर फोन आ गया। विवहिता ने बताया की वह एमपी के छतरपुर स्थित बागेश्वर बाबा के आश्रम के निकट एक दुकान पर है। इसके बाद परिवार वाले उसको वापस लेकर आए हैं।

बढ़ते कदम | बीएसएनएल को 4जी नेटवर्क के 126 आउटडोर कैबिनेट की पहली डिलीवरी

मनकापुर आईटीआई में बनेंगे रिमोट रेडियो व बेस बैंड यूनिट

मनकापुर, गोंडा

अमृत विचार : आईटीआई लिमिटेड मनकापुर इकाई ने 126 आउटडोर कैबिनेट की पहली खेप भारत संचार निगम को आपूर्ति के लिए रवाना किया है। इकाई प्रमुख अजय कुमार श्रीवास्तव व दो महिला अधिकारियों ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया।

आईटीआई मनकापुर जनसंपर्क अधिकारी जेके श्रीवास्तव ने बताया कि आउटडोर कैबिनेट (ओडिसी)बेहतर फोर जी नेटवर्क के साथ संचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बेस स्टेशन में लगाया जाता है। इसका निर्माण पूर्णतया स्वदेशी तकनीक पर आधारित व डिजाइन मनकापुर इकाई में किया जा रहा है। उक्त उत्पाद का कार्य मनकापुर इकाई में दिन रात किया जा रहा है। इसी उत्पाद की प्रथम खेप सोमवार को 126 की संख्या में भारत संचार निगम लिमिटेड के गुणवत्ता आश्वासन विभाग ने परीक्षण के बाद रवाना किया। कंपनी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक राजेश राय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये इकाई के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रशंसा की। विशेष रूप से उक्त उत्पाद से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को उत्पाद के उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में उत्पादन करने के प्रति बधाई दी। बीएसएनएल 10000 उत्पाद का प्रयोग करेगा। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने अवगत कराया कि मनकापुर इकाई में फोर जी से संबन्धित रिमोट रेडियो यूनिट व बेस बैंड यूनिट जैसे उत्पाद का उत्पादन शीघ्र शुरू होने जा रहा है।

निदेशक उत्पादन एस जयंती ने उत्पाद की उच्च क्वालिटी के लिए मनकापुर इकाई की टीम की सराहना की। इकाई प्रमुख अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष नए आईटीआई मनकापुर के लिए स्लोगन निर्धारित किया गया है। इस वर्ष मनकापुर इकाई एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस दौरान रत्ना वर्मा व राधा सोनी ने हरी झंडी दिखा कर किया। कार्यक्रम के दौरान संतोष सिन्हा उप महाप्रबंधक उत्पादन, सुधीर कुमार महाप्रबंधक वित्त, विनय कुमार मिश्रा मुख्य कार्य प्रबंधक, अल्ताफ खान मुख्य प्रबंधक गुणवत्ता आवश्यक एवं सेवाएं, अखिलेश मिश्र प्रबंधक, राजेश कुमार प्रबंधक सहित कर्मचारियों व अधिकारियों की मौजूदगी रही।

मनकापुर आईटीआई से हरी झंडी दिखाकर उपकरण रवाना करते इकाई के अधिकारी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़नेवाले या सामने प्रिय बोलने वाले ऐसे मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

संपादकीय

एआई पर अंतर्राष्ट्रीय संधि

हर क्षेत्र में आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दायरा और हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। एआई से आने वाले वर्षों में मानव जीवन के लगभग हर पहलू के बदलने की उम्मीद है। पिछले दिनों एआई के उपयोग को नियंत्रित करने वाली कानूनी रूप से बाध्यकारी पहली अंतर्राष्ट्रीय संधि को मंजूरी दी गई। यूरोप परिषद का यह कदम कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह संधि एआई तकनीक का ज़िम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किए जाने को प्रोत्साहित करती है। यानी यह संधि समानता, गैर-भेदभाव, निजता और लोकतांत्रिक मूल्यों के सैद्धांतिक उद्देश्यों के मुताबिक एआई के उपयोग को बढ़ावा देती है। संधि गैर-यूरोपीय देशों के लिए भी खुली है और एक कानूनी ढांचा तैयार करती है जो एआई सिस्टम के पूरे जीवनचक्र को कवर करती है और जिम्मेदार नवाचार को बढ़ावा देते हुए उनके द्वारा उत्पन्न होने वाले जोखिमों को संबोधित करती है। गौरतलब है कि एआई पर वैश्विक साझेदारी की जरूरत पर भारत हमेशा से बल देता रहा है।

वैश्विक साझेदारी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 21वीं सदी के लिए एआई सबसे बड़ा वरदान बन सकता है तो यह 21वीं सदी को तबाह करने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। इसलिए नैतिक मूल्यों पर आधारित एआई के लिए वैश्विक सहमति से फ्रेमवर्क बनाने की आवश्यकता है। देखा जाए तो यह संधि एआई के उपयोग को लेकर वैश्विक स्तर पर एक कानूनी मानक स्थापित करना चाहती है। लेकिन एआई को नियम-क़ानून के दायरे में बांधना बेहद मुश्किल है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि एआई का विस्तार बहुत व्यापक है, यानी एआई किसी खास क्षेत्र या प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विज़न और न्यूरल नेटवर्क्स यानी एआई की एक विधि जो कंप्यूटर को मानव मस्तिष्क से प्रेरित होकर आंकड़ों का विश्लेषण करना सिखाती है, जैसी अत्याधुनिक और लगातार विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों तक फैला हुआ है। संधि की लचीली कार्यान्वयन रणनीति और स्वतंत्र निरीक्षण तंत्र महत्वपूर्ण घटक हैं, फिर भी दायित्वों और देयताओं पर स्पष्ट दिशा निर्देशों की कमी व्यावहारिक लागू करने और प्रवर्तन में बाधा उत्पन्न करती है। वैसे भी अंतर्राष्ट्रीय संधि का मसौदा तैयार करने और विचार-विमर्श के दौरान सिर्फ यूरोपीय परिषद के सदस्य देश और कुछ अन्य देशों ने ही भाग लिया है, बाकी दुनिया के राष्ट्रों की इसमें कोई भागीदारी नहीं है। जाहिर है कि इससे इस संधि की वैधानिकता पर सवाल खड़े होते हैं और यह कहीं न कहीं इसे ज़मीनी स्तर पर लागू करने में रुकावटें पैदा कर सकता है।

मंडेला की एएनसी पर संकट, क्यों खफा भारतवंशी

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया।

दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे।

दक्षिण अफ्रीका और भारत सिर्फ गांधी जी और नेल्सन मंडेला के कारण ही आपस में भावनात्मक रूप से नहीं जुड़ते। इन्हें करीब 15 लाख भारतवंशी भी जोड़ते हैं, जो वहां सौ से भी अधिक सालों से बसे हुए हैं। उसी दक्षिण अफ्रीका में बुधवार (29 मई) को होने वाले आम चुनावों को लेकर भारतवंशी भी गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। उनका आरोप है कि दक्षिण अफ्रीका में उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया है। भारतीय मूल के कुछ राजनेता दक्षिण अफ्रीका में आम चुनाव लड़ भी रहे हैं। इनमें पैट्रिक पिल्ले शामिल हैं, जिन्होंने डेमोक्रेटिक लिबरल कांग्रेस (डीएलसी) नाम से पार्टी बनाई है। एससिंह विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक एलायंस के उम्मीदवार हैं। इनके अलावा भी कुछ निर्दलीय के रूप में क्वाजुलु-नटाल प्रांत से चुनाव लड़ रहे हैं। क्वाजुलु-नटाल प्रांत के प्रमुख शहर डरबन में भारतीयों की आबादी खासी है। इसे मिनी दिल्ली या मुंबई भी कहा जाता है। यह डरबन शहर ही है जहां महात्मा गांधी 1893 में भारत से आए थे। बाद में गांधी जी ने पास के शहर फ़ीनिक्स में अपना आश्रम बनाया था, उसे कुछ साल पहले हुई हिंसा में बुरी तरह से तबाह कर दिया गया था। डीएलसी ने चुनावों में भारतीय मूल के 10 उम्मीदवार उतारे हैं। वहां के भारतवंशी भी बेरोजगारी के शिकार हैं। माइनॉरिटी फ्रंट पार्टी की शमीन ठाकुर-राजबंसी दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नटाल प्रांत की विधानसभा की सदस्य हैं। वह भी अपने देश के भारतवंशियों के हक में सक्रिय रहती हैं। भारतीय मूल के तीन व्यक्ति, फसीहा हसन, मागेशवरी गोवेन्दर और शाएक इमरान सुब्रथी नेल्सन मंडेला की पार्टी अफ्रीकन कांग्रेस पार्टी (एएनसी) के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया। राजधानी दिल्ली में नेल्सन मंडेला मार्ग का होना इस बात की गवाही है कि सारा भारत मंडेला की कुर्बानियों से प्रेरित होता है। मंडेला 1995 में भी भारत आए थे। नेल्सन मंडेला के नाम पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया में साल 2004 में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कान्फ्लिक्ट कनफिल्कट रेज़लूशन की स्थापना की गई। इस सेंटर की स्थापना मुख्य रूप से इसलिए की गई थी ताकि दुनियाभर में शांति और सदभाव के लिए भारत की तरफ से की जाने वाली कोशिशों का गहराई से अध्ययन हो सके। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में भी अफ्रीकन अध्ययन केंद्र है।

दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे। अगर एएनसी को चुनावों में 50 फीसद से कम वोट मिले, तो पार्टी को गठबंधन सरकार बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उस हालत में एएनसी के नेता और राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को मिली-जुली सरकार बनाने के लिए बाध्य होना पड़ सकता। बताते चलें कि वे 2019 में भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। एएनसी ने 2018 में बदनाम राष्ट्रपति जैकब जुमा को हटाकर रामाफोसा को देश का राष्ट्रपति बनाया था। जैकब जुमा पर 2009 और 2018 के बीच राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार के अनगिनत केस लगे थे। जुमा पर यह भी आरोप था कि उन्होंने भारत के उद्योगपति 'गुप्ता ब्रदर्स' (अनिल और अजय) को खूब लाभ पहुंचाया। उत्तराखंड पुलिस ने बीते दिनों एक बड़े बिल्डर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गुप्ता ब्रदर्स को गिरफ्तार किया था। बेशक, एएनसी से अवाम की नाराजगी की वजह जुमा के कुशासन के कारण ही हुई थी।

बेशक, एक दौर में एएनसी के प्रति दक्षिण अफ्रीका के अवाम के मन में गहरा प्रेम मंडेला के कारण था। एएनसी को पिछले 2019 के आम चुनाव में पहली बार झटका लगा था। तब उसे देश की 60 फीसद जनता का भी समर्थन नहीं मिला था। तब पार्टी को 57.50 फीसद वोट मिले थे।

दक्षिण अफ्रीका हत्याओं के मामले बीते 20 साल के उच्च स्तर पर है, देश में लगभग हर 20 मिनट में एक व्यक्ति का कत्ल हो जाता है। जनता पुलिस की काहिली से बहुत नाराज है। बेरोजगारी, बिजली की बार-बार कटौती, पानी का संकट के स्थायी हल ना खोज पाने के कारण जनता एएनसी से दूर हो रही है। सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार से एएनसी को नुकसान ही हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका की जनता राष्ट्रपति रामाफोसा में मंडेला का अक्स देखती थी। पर वे भी जनता के मसलों को हल करने में नाकाम ही रहे। उन्होंने कुछ समय पहले एक भाषण में स्वीकार किया था, "भ्रष्टाचार ने हमारे लोकतंत्र को घायल कर दिया है और लोगों का हमारे संस्थानों में विश्वास हिला दिया है। अगर भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई जाती है, तो हम कहीं के नहीं रहेंगे। सबसे बड़ा नुकसान स्वयं लोकतंत्र में विश्वास के लिए होगा।"

दक्षिण अफ्रीका की मुख्य विपक्षी पार्टी, सेंट्रिस्ट डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए), का नेतृत्व जॉन स्टीनहुइसन करते हैं और इसे कई लोग गोरे दक्षिण अफ्रीकियों की पार्टी मानते हैं। इस चुनाव के लिए, डीए ने छोटी विपक्षी पार्टियों के साथ एक गठबंधन ब्लॉक बनाया है। कहने वाले कह रहे हैं कि डीए सत्ता पर काबिज हो सकती है। अगर सर्वेक्षणों पर विश्वास किया जाए, तो एएनसी को जरूरत पड़ने पर इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) या डीए के साथ गठबंधन बनाने के बीच चुनाव करना पड़ सकता है। डीए के नेता स्टीनहुइसन ने अपनी ओर से, एएनसी के साथ गठबंधन में जाने से इनकार नहीं किया है। यानी एएनसी और डीए भी मिलकर सरकार बना सकते हैं। ईएफएफ एक वामपंथी पार्टी है जिसका नेतृत्व एएनसी के पूर्व युवा नेता जूलियस मालेमा करते हैं।

खैर, भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को और मित्र देश दक्षिण अफ्रीका में 2 जून को घोषित किए जाएंगे। इसके बाद दोनों देशों में नई सरकारें बनेंगी। उम्मीद करनी चाहिए कि दक्षिण अफ्रीका में नई सरकार भारतवंशियों के हितों के हल तलाश करेगी। भारतीयों के बिना अधूरा है दक्षिण अफ्रीका। वहां के शिखर क्रिकेटर हाशिम आमला और केशव महाराज भारतीय मूल के ही हैं।

प्रसंगवश

सनातन धर्म का एक चेहरा

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

19 वीं सदी में हिंदू धर्म सती प्रथा, विधवा पुनर्विवाह और छुआछूत समाप्ति के बड़े सुधारों से गुजर रहा था। वह अपने नए आधुनिक गौरव की तरफ बढ़ रहा था, तभी 1885 में 'सनातन धर्म सभा' की स्थापना हुई। इसका उद्देश्य हिंदू धर्म में चल रहे सुधारों का विरोध करना था और संरक्षणवाद को फैलाना था। यह दयानंद सरस्वती के आर्य समाज के भी विरोध में था और दलितों को छुआछूत से मुक्त करने के उनके अभियान के पक्ष में नहीं था। सनातन धर्म सभा के मुख्य कर्ताधर्ता एक संपन्न ब्राह्मण पुरोहित दीन दयालु थे। इस संगठन ने आगे चलकर गांधी के अछूतोद्धार कार्यक्रम का भी विरोध किया, पर उस दौर में उन सबका विरोध आंधी में पतंग उड़ाने जैसा था।

हिंदू धर्म में सुधारों का विरोध करने के उद्देश्य से ही 1902 में 'भारत धर्म महामंडल' की स्थापना की गई। ये सभी सनातनी संगठन उस दौर में विवेकानंद के विचारों के भी विरोधी थे। 1910 में छपी एक पुस्तिका 'भारत धर्म महामंडल रहस्य' में रूढ़िपोषक सनातन पंथियों की देशभक्ति का उदाहरण इस प्रकार है, 'परम दयालु परमेश्वर की कृपा से आर्य प्रजा को इस प्रकार की नीतिज्ञ और उदार गवर्नमेंट मिली है कि ऐसी गवर्नमेंट विदेशियों के हित के लिए विश्व भर में और कहीं देखने में नहीं आती।' रूढ़िपोषक सनातनपंथियों की एक बड़ी सीमा आर्यावर्त है, अर्थात उत्तर भारत को ही भारत समझने की है, जबकि भारत एक बड़ा देश है। निश्चय ही हिंदू धर्म सनातन धर्म से अधिक व्यापक है। हम अप्पर, ज्ञानेश्वर, तुकाराम, सूर, मीरा, तुलसी, सहजोबाई, दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, श्री अरविंद आदि को सनातनी नहीं कह सकते। स्पष्ट है कि सनातन धर्म के पुनरुत्थान में लगे लोग वस्तुतः जाति व्यवस्था और पितृसत्ता के तो कट्टर समर्थक हैं ही, ये भारत के स्वभाव से ही अनजान हैं। हम प्राचीन काल से ही 'नवोन्मेषशील सनातन' और 'जड़ांध सनातन' की दो धाराएं स्पष्ट देख सकते हैं। इसलिए इस समय सनातन को लेकर बढ़ रहे हुंकार को देश पर एक बड़े खतरे की घंटी के रूप में देखना चाहिए।

पर्यावरण विनाश का कारण बनते घातक हथियार

डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

इन हथियारों के प्रभाव को जानकर इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रकृति/पर्यावरण और उसके जैविक और अजैविक घटकों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं।

विज्ञान एवं तकनीकी युग में आज मनुष्य एक ओर तो प्रकृति पर विजय प्राप्त करना चाहता है, कई वर्षों तक जीवित रहना चाहता है, बुढ़ापे को दूर भगाना चाहता है, जिंदगी को आराम दायक बनाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर अपनी बढ़ती महत्वाकांक्षा से चालित प्रकृति को जाने-अनजाने में तरह-तरह से हानि पहुंचा रहा है। साथ ही समय-समय पर विभिन्न देशों के मध्य होने वाले युद्ध, युद्धाभ्यास, आतंकी हमलों में प्रयुक्त घातक हथियार और उनकी टेस्टिंग जल (समुद्र), वायु, थल, नभ को बुरी तरह से प्रभावित कर रही हैं, प्रदूषित कर रही है। आजकल जो युद्ध हो रहे हैं, वे इतिहास की किताबों में दर्ज परंपरागत युद्ध जैसे नहीं हैं, जिनमें तलवार, धनुष और तोपखाने का उपयोग किया जाता हो। उन्नीसवीं शताब्दी से युद्ध में उपयोग होने वाले हथियार और सामग्री में बहुत बदलाव आया है। कंप्यूटरीकरण प्रणाली तथा सूचना तंत्र का उपयोग हथियारों में बढ़ा है। युद्धक विमान, मिसाइल, राकेट लांचर, तोप, बम और उनमें उपयोग होने वाले तरह-तरह के विस्फोटक और उनकी सटीक मारक क्षमता ने युद्ध को मनुष्य और पर्यावरण के लिए पहले से ज्यादा घातक और नुकसान दायक बना दिया है। उदाहरण के लिए लगभग पिछले दो वर्ष से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध में तरह-तरह के घातक हथियारों का उपयोग हो रहा है यथा-विस्फोटक हथियार जो अपने विखंडन, विस्फोटक, आगजनी के प्रभाव से प्रकृति और मानव को बेतहाशा नुकसान पहुंचा रहे हैं। दूसरे रासायनिक हथियार (क्लोरोपिक्रिन जैसे दम घुटने वाले ऐजेंट आदि) जो मनुष्य सहित विभिन्न जीव-जंतुओं के फेफड़ों, आंखों, त्वचा में जलन पैदा करके तथा उल्टी, मतली, दस्त का कारण बन हथियार के प्रभाव क्षेत्र में आने वाले हर व्यक्ति और जीवों को मौत के घाट उतार रहे हैं, इनका वनस्पतियों पर क्या प्रभाव पड़ा है, युद्ध समाप्ति पर होने वाले शोध से ही अवज्ञत हो सकेगा। कुछ हथियार ऐसे भी उपयोग में लाए जा रहे हैं जो आगजनी तथा धुआं फैला कर जन-धन को हानि पहुंचा रहे हैं (नेपान, थर्माइट, सफेद फास्फोरस आदि) तथा कुछ हथियार ऐसे हैं जिन्हें ईंधन वायु विस्फोटक (थर्मोबेरिक हथियार)कहा जाता है (एरोसोल बम या वैक्यूम बम) जो उच्च तापमान वाले विस्फोट को उत्पन्न करने के लिए हवा से आक्सीजन का उपयोग करते हैं। इन विस्फोटक से उत्पन्न गर्मी इंसान को झुलसा देती है। इसके घातक प्रभाव को देखते हुए इन हथियारों को गैर परमाणु हथियार में सबसे ख़तरनाक माना जाता है। परमाणु हथियार को अभी होल्ड पर रखा है जो बड़े क्षेत्र में सामुहिक विनाश का कारण बन सकता है। रुस-यूक्रेन युद्ध में इस विनाशक हथियार के उपयोग की आंशका बनी हुई है।

इन हथियारों के प्रभाव को जानकर इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रकृति/पर्यावरण और उसके जैविक और अजैविक घटकों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं और युद्ध विराम के बाद भरपाई करने या यूं कहें युद्ध के पहले की स्थिति में लाने में वर्षों लग सकते हैं।

आज विश्व के देशों में गुटबाजी स्पष्ट दिखाई देती है। एक तरफ रूस, चीन, उत्तरी कोरिया जैसे देशों का समूह है तो दूसरी तरफ अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे नाटों देशों का समूह है तो तीसरी ओर भारत जैसे वे देश है जो अभी किसी गुट में नहीं है तथा विश्व शांति के पक्ष में है और उन्हें अपने देश में पर्यावरण की रक्षा करते हुए विकास की रफ्तार को तेज करना है, विकसित राष्ट्र बनना, अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है तथा अपने नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। विश्व में कुछ ऐसे भी देश है जो सीधे तौर पर तो युद्ध में शामिल नहीं है पर युद्ध करने के लिए देशों को उकसा रहे हैं, उन्हें घातक हथियारों की आपूर्ति कर रहे हैं, शांति-वार्ता को किसी परिणामदायक स्थिति में पहुंचने से अप्रत्यक्ष रूप से रोक रहे हैं। वास्तव में युद्ध विराम न होना या यूं कहें युद्ध का लंबा खिंचना वर्तमान में चल रहे युद्ध और उससे उपजे पर्यावरणीय संकट की स्थिति को और भयावह बना रहा है, परमाणु हमले की आशंकाओं को जन्म दे रहा है। ऐसा लगता है जिन देशों के मध्य युद्ध (ईजराइल-हमास,रुस-यूक्रेन आदि) जारी है वे शांति, युद्ध विराम जैसे शब्द अपने शब्दकोश से मिटा चुके हैं, उन्हें कराहती मानवता की आवाज सुनाई ही नहीं देती। जबकि युद्ध में संलग्न देशों को भलीभांति ज्ञात है कि आधुनिक घातक अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग से पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के जैविक घटकों (पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं, पशु-पक्षी तथा मानव आदि) को बेतहाशा नुकसान पहुंचता है।

सोशल फोरम

कृत्रिमता का परिणाम

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

फ्लैटों ने हमें सुविधा तो दी है लेकिन हमारा बहुत कुछ छीन भी लिया है। न ऊपर आसमान अपना न नीचे धरती। वो बड़े बड़े आंगन, बरामदे और दालान वाले घर तो अब सपना हो गए। अब तो लोग खुले में सोते भी नजर नहीं आते। आधुनिक सुविधा के लालच ने इंसान को दड़बों तक सीमित कर दिया। अब पूरा जीवन दो से तीन कमरों के बीच सिमट कर रह जाता है। अब तक कि नौकरी पेशा जिंदगी भाड़े के घरों में कट गई। जहां अपनी मर्जी संभव नहीं थी। बचपन मे घर के आंगन में या ऊपर छत पर सोने का आनन्द लगभग भूल चुका था। सयुंक्त परिवारों में छत पर बिस्तर लगा रात को गप्पें मारने का भी एक अलग सुख होता था। पास पड़ोस के साथ उम्र के हिसाब से अलग अलग टोलियां बन जाती थी। आज कृत्रिम सुविधाओं की आदि देह भी अब ये सारे आनन्द भूल चुकी है।

16 साल पहले सासाराम में गर्मी में हम बाहर ही सोया करते थे। क्योंकि बिजली केवल 6-7 घंटे के लिए ही आती थी। इस कष्ट के बावजूद एक सुख भी था। प्रदूषण कम होने के कारण आकाश तारों से भरा दिखता था और पूर्णिमा की चांदनी तो ऐसी थी जैसे किसी ने छोटा बल्ब जला रखा हो। हम अक्सर रात का खाना मून लाइट में ही खाया करते थे।

इतने सालों में बढ़े प्रदूषण और शहर की जगमगाती लाइटों ने आकाश से तारों को ही गायब कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कृत्रिम रोशनी के बढ़ते उपयोग से पशुओं के स्वभाविक जीवन पर असर होता है और मानव शरीर को भी अनिद्रा, मधुमेह, मोटापा, डिप्रेशन, कैंसर और दिल की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। विटामिन डी के लिए अब हम सूरज के बजाय टैबलेटों की शरण में जाते हैं। जीवन में बढ़ती कृत्रिमता का परिणाम तो हमें भोगना ही होगा।

अलग किस्म के सुख और दुख हमारे चारों तरफ बिखरे पड़े हैं। अब ये हमारा चुनाव है कि अपनी मानसिकता अनुसार हम किसे दुख समझे और किसे सुख। देखा जाए तो हमारी पृथ्वी से अंधेरा भाग रहा है लेकिन ये हमारे लिए खुशी नहीं बल्कि दुख की बात है। खुशी की बात तब होती जब हमारे दिलों दिमाग पर छाया अंधेरा भागता।

-फेसबुक वॉल से

आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे चौधरी चरण सिंह

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया।

देश की आजादी के शुरूआती दशकों में जनसंचार माध्यमों के पर्याप्त अभाव के बाद भी किसानों की लड़ाई लड़ने वाले नेता की पहचान अखिल भारतीय स्तर पर किसान मसीहा के रुप में स्थापित होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह समकालीन पीढ़ी के लिए उस दौर के अचंभित करने वाले नेता के तौर पर ही पहचाने जाते हैं। आज भी सुदूर ग्रामीण अंचलों में किसानों के हक और हकूक की लड़ाई लड़ने वाले नेता के रूप में लोगों की जुबान पर बरबस चौधरी साहब का नाम सहज ही आ जाता है। उनके किसान हितैषी व्यक्तित्व का ही प्रभाव रहा कि मौजूदा भारत सरकार को चुनावी वर्ष में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर उस महान धारा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना पड़ी।

चौधरी चरण सिंह आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे। लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में पहली बार उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में खेतिहर और ग्रामीणों के लिए पचास फीसदी आरक्षण की बात की। खेती-किसानी और नौजवानों के रोजगार को ही मुद्दा बनाते रहे। जहां एक ओर उन्होंने राजनीतिक भ्रष्टाचार से खुद को आजीवन बचाए रखा, वहीं दूसरी ओर अपने से जुड़े लोगों की शुचिता और साख के मजबूत बने रहने के लिए विशेष अनुशासन के नियम को बनाए रखा। चौधरी साहब के लेखन को पढ़ने और समझने से एक दृष्टि पैदा होती है कि कैसे राजनीति में रहते हुए चकाचौंध से दूर रह कर आमजन के हित का काम पूरी ईमानदारी से किया जा सकता है।

1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया। इसी तरह 1964 में सुचेता कृपलानी की सरकार में बतौर कृषि मंत्री उन्होंने 'कृषक समाज' की स्थापना के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकि से जोड़ने का प्रयास शुरू किया। जिसे आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री बनने के बाद 'चकबंदी कानून' को अतिरिक्त मजबूत करते हुए किसान हित का ध्यान रखा।

23 दिसम्बर 1977 को केंद्र सरकार द्वारा उन्हें मंत्रिमंडल से निकाले जाने के विरोध में आयोजित किसान रैली के ऐतिहासिक भीड़ के विषय में जानकर तत्कालीन समय में उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। 1977 में जनता पार्टी की प्रथम बैठक में भारतीय अर्थव्यवस्था और किसान नीति की बेहतरी के लिए बनाए गई रिपोर्ट की चर्चा करते हुए उन्होंने लघु एवं कुटीर उद्योग के लिए बजट का 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि पर व्यय करने से लेकर 50 फीसदी गांवों के विकास पर खर्च करने का पक्ष उनके गांव-किसान से गंभीर जुड़ाव को ही दर्शाता है। किसान विकास योजनाओं में धन की पर्याप्त उपलब्धता करने के लिए उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान नाबार्ड का गठन किया, जिसकी सफलता आज भी निर्विवाद बनी हुई है। "मेरे सपनों के भारत" विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने पांच बिंदुओं पर अपनी बात कही थी कि प्राथमिक आवश्यकताएं सब की पूरी हो, ऐशो-आराम की चीजें नहीं। दूसरे सब को रोजगार मुहैया हो, तीसरे अमीरों और गरीबों में अंतर कम से कम होता जाए। चौथे यह कि हर आदमी ईमानदार हो अर्थात देश में भ्रष्टाचार ना हो और हर आदमी रोटी कमाने के काम में स्वतंत्र रहे, अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करता रहे। पांचवें यह कि हर आदमी अपने मुल्क को तरक्की की बुलंदियों तक पहुंचाने का स्वप्न देखे और एक यह भी कि भारत में ऊंच-नीच का भेदभाव बिल्कुल ना रहे। इसके साथ ही चौधरी साहब ने एक ठोस आर्थिक नीति का मॉडल प्रस्तुत किया जिससे देश की गरीबी और बदहाली को दूर करने का रास्ता सुझाया जा सके।

गांधीवादी परंपरा के चौधरी चरण सिंह अपने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत संपत्ति के आग्रह से पूरी तरह दूर रहे। चौधरी साहब के प्रिय शिष्य 1974 में उत्तर प्रदेश की राजनीति में दो नौजवान छात्रनेता सतपाल मलिक और राजेंद्र चौधरी आज भी उस धारा के प्रकाश बिंदु के रूप में क्रमशः पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री के रूप में उस वैचारिकी को जीवंत बनाए हुए हैं। बीते कुछ वर्षों में जिस तरह किसानों के मुद्दों और उनका दखल एक दबाव समूह के रूप में उभरा है उसे चौधरी साहब की नीतियों के आधार पर समाजवादी विचार परंपरा के वाहक अखिलेश यादव राजनीति के केंद्र में बनाए हुए है। आज जब राजनीति व्यवसाय, विचारहीनता और पदलोलुपता के मकड़जाल में उलझता चला जा रहा है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह की याद बेपटरी हो चुकी राजनीति में एक प्रकाशपुंज की भांति प्रतीत होती है जिनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में समृद्धि और समरसता कायम की जा सकती है। चौधरी साहब की पुण्यतिथि पर सबसे सच्ची श्रद्धांजलि उनके किसानोंन्मुख छवि पर आम जनता में विमर्श करते हुए किसानों की मूलभूत समस्याओं के विषय में मौलिक एवं सहज समाधान प्राप्त करने के माध्यम से किया जा सकता है।

विश्व में भुखमरी की स्थिति

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

2022में भारत ग्लोबल इंडेक्स में 107वे नम्बर पर था, जो 2023,में 111वे स्थान पर खिसक गया है। यह स्थिति तो तब है जब अन्न योजना के अंतर्गत सरकार 81 करोड़ लोगों को लगातार अनाज वितरण का काम कर रही है।

विश्व में भूख दिवस यानी हंगर डे हर साल 28 मई को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 2011 में की गई थी और उद्देश्य था भुखमरी को दूर करना। ताकि हर व्यक्ति को दो समय की रोटी मिल सके। उद्देश्य यह भी था कि आगामी 2030 तक विश्व पटल से भूखमरी समाप्त की जा सके किंतु ताजा आंकड़ों के अनुसार 820 मिलियन लोग अभी भी भूख, बीमारी और कुपोषण से ग्रस्त बने हुए हैं। मध्य अफ्रीकी देश और मेडागास्कर इस सूची में सबसे प्रभावित देशों में रखे गए हैं, इस विषय में हमारे देश की स्थिति बिल्कुल भी अच्छी नहीं। 2022 में भारत ग्लोबल इंडेक्स में 107वे नम्बर पर था, जो 2023, में 111वे स्थान पर खिसक गया है। यह स्थिति तो तब है जब अन्न योजना के अंतर्गत सरकार 81 करोड़ गरीब जनता को लगातार अनाज वितरण का काम कर रही है। इस इंडेक्स के अनुसार पड़ोसी छोटे देश श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल भी बेहतर स्थिति में हैं। हालांकि भारत सरकार हंगर इंडेक्स के इन आंकड़ों को सही नही मान रही। परंतु यह एक विचारणीय विषय है कि इस स्थिति में सुधार कैसे किया जा सके। अब देखना है कि आने वाले दिनों में हमारे देश की स्थिति में कैसे सुधार होगा, देश की बड़ी आबादी को भुखमरी और कुपोषण की संख्या से निकालने के लिए अथक प्रयासों की जरूरत है ताकि देश हंगर इंडेक्स में बेहतर स्थान प्राप्त कर सके।

एक नजर

जीप की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

उदयपुर। राजस्थान में उदयपुर जिले के फलासिया थाना क्षेत्र में जीप की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके के गरनवास गांव से आमोड़ गांव में बरात आयी थी। सोमवार देर शाम बरातियों को लेकर एक जीप जैसे ही तुंदर से उदयपुर-आबू रोड नेशनल हाईवे पर पहुंची। इसी दौरान तुंदर मोड़ पर फलासिया की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक और जीप में भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार तुंदर निवासी सुनील (20), राहुल (17) और दीपक (18) की मौके पर ही मौत हो गयी। इसी दौरान दोनों वाहनों की टक्कर से चिंगारी से आग लग गयी और जिससे जीप में सवार छह लोग झुलस गये।

गहरे गड्ढे में गिरे बच्चे को सुरक्षित निकाला

जयपुर। राजस्थान के अलवर जिले में मंगलवार को एक गहरे गड्ढे में गिरे चार साल के बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस के अनुसार बच्चा बोरवेल के पास लगभग 50 फुट गहरे गड्ढे में गिर गया था। थानाधिकारी श्रीराम मीणा ने बताया कि लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र के कनवाड़ा गांव में चार साल का गोलू मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे खेत में बोरवेल के पास लगभग 50 फुट गहरे गड्ढे में गिर गया था। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दो घंटे में उसे सुरक्षित निकाल लिया।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-विवाद मामले की सुनवाई कल

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से अधिवक्ता तस्लीमा अजीज अहमदी ने मंगलवार को एक वाद में लिखित जवाब दाखिल किया। इस मामले से जुड़े अन्य वादों में जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगे जाने पर कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 30 मई सुनिश्चित की है।

तालिबानी शासन लाना चाहता है इंडी गठबंधन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पटना साहिब से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित

फतुहा (बिहार), एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया देश में तालिबानी शासन लाना चाहता है। पटना साहिब से भाजपा के उम्मीदवार एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के पक्ष में फतुहा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए, योगी ने कहा, कांग्रेस और इंडिया का घोषणा पत्र कहता है कि अगर उसकी सरकार आई तो पर्सनल लॉ लागू कर देंगे। रविशंकर जी ने जिस लड़ाई को अदालत में लड़कर तीन तलाक

पटना साहिब में जनसभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी के रविशंकर प्रसाद के साथ योगी आदित्यनाथ।

की प्रथा को समाप्त करवाया। ये चाहते हैं कि तीन तलाक प्रथा फिर से चालू हो जाए।

उन्होंने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन तालिबानी शासन लाना चाहता है जिसमें महिलाओं को स्कूल, कॉलेज और दफ्तरों में जाने की आजादी नहीं होगी और उन्हें हमेशा बुर्का पहनने के लिए मजबूर किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरखपुर स्थित गोरखधाम मंदिर के महंत योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद राम-भक्त मथुरा में भगवान कृष्ण का एक भव्य मंदिर बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। कांग्रेस और बिहार में उसकी सहयोगी राजद इसे कभी पूरा नहीं कर सकती क्योंकि उन्हें वोट (मुसलमानों के) चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन दलितों और अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण छीनकर और इसे

यूपी में गुंडे मांग रहे दया की भीख

योगी ने दावा किया कि जब से उन्होंने यूपी में सत्ता संभाली है गुंडे दया की भीख मांग रहे हैं, अपने गैरकानूनी धंधे छोड़ने और दूसरा कारोबार शुरू करने का वादा कर रहे हैं। जो लोग खुद को सुधारना नहीं चाहते उनका राम नाम सत्य हो जाता है। जमीन हड़पने वालों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाया जाता है। उन्होंने आतंकवाद को खत्म करने का श्रेय भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया और दावा किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस और राजद की सरकार के कार्यकाल के दौरान अयोध्या और काशी में आतंकी हमला हुआ करते थे। पटना में सिलसिलेवार धमाके भी हुए। योगी ने कहा, मैं पाकिस्तान का राग अलापने वाले कांग्रेस और राजद के लोगों से कहना चाहता हूं काहे भारत पर बोझा बने हुए हो, जाओ पाकिस्तान। हिंदुस्तान में मोदी जी तो 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दे रहे हैं, पाकिस्तान में तो कोई भीख भी नहीं देगा क्योंकि वहां खुद लोग भूखे मर रहे हैं।

कथित तौर पर मुसलमानों को देना चाहता है, लेकिन देश बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान के अनुसार चलेगा जो धर्म के आधार पर आरक्षण प्रदान नहीं करता है। उन्होंने हाल ही में कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले का भी हवाला दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार द्वारा कई मुस्लिम उप-समूहों को दिए गए ओबीसी दर्जे को रद्द कर दिया गया था।

झामुमो-कांग्रेस ने झारखंड को बना दिया लूट खंड

दुमका, एजेंसी

- झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने महा विजय संकल्प जनसभा को किया संबोधित

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में उनकी पार्टी ने आदिवासी और मूलवासियों की जनाकांक्षाओं को जमीन पर उतारने के उद्देश्य से अलग झारखंड राज्य का निर्माण किया लेकिन कांग्रेस और झारखंड मुक्ति पार्टी ने खनिज संपदा सम्पन्न इस राज्य को लूट खंड बना दिया है।

मंगलवार को दुमका में भाजपा की ओर से दुमका से पार्टी प्रत्याशी सीता सोरेन, गोड्डा प्रत्याशी निशिकांत दूबे और राजमहल क्षेत्र के प्रत्याशी ताला मरांडी के पक्ष में आयोजित महा विजय संकल्प जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस- झामुमो के साथ मिलकर देश में लगातार 55 वर्षों तक शासन करती रही लेकिन अलग झारखंड राज्य का निर्माण नहीं किया। लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने यहां के लोगों के चिरप्रतिक्षित अलग झारखंड राज्य निर्माण के सपनों को साकार किया। उन्होंने झारखंड को लूट से बचाने के लिए भाजपा को वोट देने का आह्वान किया।

युवक को पहनाए महिलाओं के कपड़े, मूत्र भी पिलाया

गुना (मध्य प्रदेश), एजेंसी

- विवाद के बाद अपहरण कर युवक को राजस्थान ले गए थे आरोपी
- तीन दिन में 20 लाख रुपये देने की शर्त पर छोड़ा, सात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

मध्य प्रदेश के गुना जिले में कुछ लोगों ने विवाद के बाद कथित तौर पर एक रिश्तेदार का अपहरण कर लिया और उसे वे राजस्थान ले गए जहां उन्होंने उसे जबरन मूत्र पिलाया और महिला के कपड़े पहनाकर उसे घुमाया।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) संजीव सिन्हा ने कहा कि यह घटना 22 मई को पड़ोसी राज्य राजस्थान में हुई, लेकिन चूंकि व्यक्ति का अपहरण गुना से किया गया था, इसलिए सोमवार देर रात यहां फतेहगढ़ थाने में सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पीड़ित व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने यातना का एक वीडियो भी शूट किया था, इसे सोशल मीडिया पर साझा किया। आरोपियों ने पीड़ित व्यक्ति से 25 लाख रुपये की मांग भी की। फतेहगढ़ के थाना प्रभारी कृपाल सिंह ने कहा कि 10-12 लोगों ने कथित तौर पर उस व्यक्ति का अपहरण कर लिया और उसे एक जीप से राजस्थान के झालावाड़ और पाटन ले गए, जहां उन्होंने उसकी पिटाई की, उसे जूतों की माला और महिलाओं के कपड़े पहनाए और उसे मूत्र पीने के लिए मजबूर किया। सिंह के अनुसार आरोपियों ने अमानवीय व्यवहार का वीडियो भी बनाया और उससे 25 लाख रुपये की मांग की। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने उस व्यक्ति को इस शर्त पर रिहा कर दिया कि वह उन्हें तीन दिनों के भीतर 20 लाख रुपये देगा। एसपी ने कहा कि हमने घटना का संज्ञान ले लिया है। इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, विपक्षी कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव राज्य और अपने (गृह) विभाग को संभालने में असमर्थ हैं। कांग्रेस ने उनके इस्तीफे की मांग की।

चंगुल से छूटने के बाद युवक ने एसपी से की शिकायत

एसपी ने बताया कि आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद शिकायतकर्ता उनके पास आया जिसके बाद उसे फतेहगढ़ थाने भेजा। उसके साथ राजस्थान में मारपीट की गई थी लेकिन उसके अपहरण का अपराध यहां हुआ था इसलिए इस मामले में गुना जिले में मामला दर्ज किया गया है। सिन्हा ने कहा कि धारा 506 (आपराधिक धमकी), 365 (अपहरण) और 34 (एक समान्य इरादे को आगे बढ़ाने में कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कृत्य) सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न संबंधित धाराओं के तहत सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, विपक्षी कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव राज्य और अपने (गृह) विभाग को संभालने में असमर्थ हैं। कांग्रेस ने उनके इस्तीफे की मांग की।

प्रेमिका से मिलने घर पहुंचे युवक की पीटकर हत्या, हत्यारोपी फरार

संवाददाता, बेहजम (लखीमपुर खीरी)

- मृतक के पिता बोले, सरकारी नल पर पानी पीने गया था बेटा

अमृत विचारः प्रेमिका से मिलने मंगलवार की तड़के उसके घर पहुंचे एक युवक को प्रेमिका के घर वालों ने पकड़ लिया। इसके बाद लाठियों से पीटकर-पीटकर उसकी हत्या कर दी। प्रेमिका के घर वाले फरार हैं।

थाना नीमगांव के गांव मिर्जापुर निवासी नागेश (22) का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों आपस में रिश्तेदार थे। मंगलवार की तड़के करीब 4:30 बजे नागेश अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। बताते हैं कि घर वालों ने दोनों को पकड़ लिया और घर के अंदर खींच ले गए। जहां युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। उस पर धारदार हथियारों से भी कई प्रहार किए। प्रेमी युगल के शोर मचाने पर युवक के परिवार व आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर बमुश्किल घर का दरवाजा खुलवाया और खून से लथपथ मरणासन्न हालत में पड़े नागेश को घर से बाहर निकालकर सीएचसी बेहजम जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया, रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सीओ मितौली शम्भू बहादुर सिंह, एसओ नीमगांव श्रद्धा सिंह समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। उधर मृतक के परिवार वालों का कहना है कि नागेश सुबह 4:30 बजे उठकर घर के पड़ोस में स्थित सरकारी हैंडपंप पर पानी पी रहा था। तभी पास में रहने वाली उसकी प्रेमिका के पिता ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर नागेश को पकड़ लिया और उसे अपने घर खींच ले गए। घर के अंदर लाठी-डंडों और कुदाल से ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी।

कठुआ-राजौरी के जंगल में आग लगी

जम्मू : जम्मू-कश्मीर के कठुआ और राजौरी जिलों में जंगल में आग लगने की घटना से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है। मंगलवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आग कठुआ जिले के बासोली क्षेत्र के धारा डोगानो इलाके में लगी और जल्द ही आसपास के क्षेत्रों तक फैल गई। वन विभाग के अधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने आग बुझाने के लिए एक अभियान शुरू किया जिससे कठुआ वन क्षेत्र में कई घंटों के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी जिले के सावनी सस्सालकोट इलाके में आग लगी और तेज हवाओं के कारण आसपास के इलाकों में फैल गई।

लोस चुनाव के बाद नीतीश एक बार फिर पलटी मारेंगे : तेजस्वी

पटना, एजेंसी

- बोले-चार जून के बाद नीतीश कुमार ले सकते हैं बड़ा फैसला

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक बार फिर पलटी मारने की भविष्यवाणी करते हुए दावा किया कि लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष एक बड़ा फैसला ले सकते हैं।

उन्होंने कहा, हमारे चाचा (जदयू प्रमुख नीतीश कुमार) पिछड़ों की राजनीति और पार्टी बचाने के लिए कोई भी बड़ा फैसला चार जून के बाद ले सकते हैं। नीतीश कुमार के महागठबंधन से नाता तोड़कर चले जाने के कारण तेजस्वी यादव को इस साल जनवरी में उप मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देना पड़ा था। यह पूछे जाने पर कि क्या वह जदयू अध्यक्ष के साथ फिर से गठबंधन करेंगे तेजस्वी ने यादव ने कहा, यह बाद में देखा जाएगा। तेजस्वी ने यह भी दावा किया कि चार जून के बाद नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। देश में एक नयी सरकार होगी, जो रोजगार सृजन की बढ़ती जरूरत के प्रति संवेदनशील होगी। पिछले एक दशक में नीतीश कुमार ने दो मौकों पर भाजपा से नाता तोड़ तेजस्वी यादव के पिता लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राजद के साथ गठबंधन किया।

चिलचिलाती गर्मी के दौरान राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोगों को पीने के पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। मंगलवार को विवेकानंद कैंप में पानी का टैंकर पहुंचा तो पानी लेने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। • एजेंसी

मोदी सत्ता में आए तो हर विपक्षी नेता को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आप नेता आतिशी की गिरफ्तार किए जाने की जताई आशंका

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पार्टी की नेता आतिशी की गिरफ्तारी की आशंका व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर सत्ता में आए तो हर एक विपक्षी नेता को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

उन्होंने दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी को कोर्ट का समन मिलने पर एक्स पर लिखा, मैंने पहले कहा था कि वह अगली बार आतिशी को गिरफ्तार करेंगे। वह अब ऐसा करने की योजना बना रहे हैं। पूरी तरह से कमजोर, तुच्छ और झूठे मामलों में वह एक-एक करके आप के नेताओं को गिरफ्तार कर रहे हैं। अगर मोदी जी दोबारा सत्ता में आए तो हर एक विपक्षी नेता को गिरफ्तार कर लिया जाएगा आप महत्वपूर्ण नहीं है, अपने प्यारे देश को तानाशाही से बचाना महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि मानहानि मामले में आतिशी को अदालत से समन मिलने पर केजरीवाल ने उनकी गिरफ्तारी की आशंका जताई है।

प्रवेश देने से इनकार का पूछा यथोचित कारण

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ईडब्ल्यूएस श्रेणी में अनिवार्य शिक्षा कानून के तहत प्राइमरी स्कूल में प्रवेश देने से इनकार करने पर इस मामले में सरकार से उचित कारण सहित जानकारी मांगी है।

कोर्ट ने आगे कहा कि अगर प्रवेश से इंकार करने का यथोचित कारण नहीं बताया जाता है तो कोर्ट दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेगी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला ने मास्टर अमान अहमद व तीन अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले की अगली सुनवाई आगामी 29 मई सुनिश्चित की गई है। मालूम हो कि याची कैराना का निवासी है और उसने प्राइमरी स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन किया था, लेकिन बिना किसी उचित कारण के उसे प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया। ईडब्ल्यूएस श्रेणी में प्रवेश से जुड़े मामले में कोर्ट ने कहा कि मांगी गई जानकारी देने में अधिकारी सावधानी बरतें। अगर इस मामले में उचित कारण सामने ना आया तो दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

दिल्ली के अस्पतालों के पंजीकरण की जांच करेगी एसीबी

नई दिल्ली, एजेंसी

- विवेक विहार में हुई घटना के बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिया जांच का आदेश

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी में निजी नर्सिंग होम के पंजीकरण और नियामक प्रबंधन की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) से जांच कराने का आदेश दिया है। राजनिवास के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार के एक अस्पताल में आग लगने से छह नवजात शिशुओं की मौत के बाद यह आदेश दिया गया है।

निजी अस्पताल में आग लगने की घटना के संदर्भ में मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में सक्सेना ने कहा, मैंने इस मामले में बहुत सख्त रुख अपनाया है। व्यापक जनहित को देखते हुए और अधिकारियों के एक वर्ग द्वारा गंभीरता की कमी के कारण मुझे कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। नोट में कहा गया, आग लगने और नर्सिंग होम से संबंधित मामले में एसीबी को शहर में नर्सिंग होम के पंजीकरण की व्यापक जांच करने का निर्देश दिया गया है, ताकि यह आकलन किया जा सके कि कितने नर्सिंग होम वैध पंजीकरण के बिना काम कर रहे हैं और जिनके पास वैध पंजीकरण है वे दिल्ली नर्सिंग होम पंजीकरण अधिनियम-1953 के तहत निर्धारित मानदंडों का अनुपालन कर रहे हैं या नहीं। जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंजीकरण की मंजूरी या उसका नवीनीकरण 100 प्रतिशत स्थल निरीक्षण के बाद किया गया है। सक्सेना ने पत्र में कहा कि 1,190 नर्सिंग होम हैं, जिनमें से एक चौथाई से अधिक बिना वैध पंजीकरण के चल रहे हैं।

केरल में अगले चार दिनों में दस्तक देगा मानसून

नई दिल्ली, एजेंसी

- अगले सात दिनों तक पूर्वोत्तर राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार

दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले तीन-चार दिनों में केरल और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में पहुंचने वाला है, जिससे देश भर में भीषण गर्मी और लू की तपिश से बेहाल लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि पूर्वी बांग्लादेश से अब चक्रवात रेमल पूर्व-उत्तरपूर्व की ओर बढ़ गया है। तूफान मंगलवार शाम तक पूर्वी असम और आसपास के क्षेत्र में चिह्नित निम्न दबाव क्षेत्र में कमजोर हो जाएगा। दक्षिण-पश्चिम मानसून बंगाल और बंगलादेश से गुजरने के बाद अगले सात दिनों तक पूर्वोत्तर राज्यों में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और गरज के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। मंगलवार को पूर्वी असम, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान है। उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में लू के 30 मई से धीमा पड़ने के आसार हैं।

प्रज्ज्वल की कथित वीडियो वितरित करने वाले दो गिरफ्तार

बेंगलुरु। हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

इन दोनों व्यक्तियों ने जनता दल (एस) नेता द्वारा कई महिलाओं का कथित तौर पर यौन शोषण किये जाने के वीडियो वाले पेन ड्राइव वितरित किये थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों व्यक्तियों को उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वे उच्च न्यायालय पहुंचे। एसआईटी अधिकारी उन्हें पूछताछ के लिए अपने साथ ले गए। प्रज्वल, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पोते हैं। जिनके यौन उत्पीड़न से जुड़े वीडियो वायरल हुए थे।

फुलप्रूफ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की स्थायी व्यवस्था करें सुनिश्चित : रतूड़ी

ब्यूरो, देहरादून

- मुख्य सचिव ने किया ऋषिकेश रजिस्ट्रेशन ऑफिस का दौरा

अमृत विचार : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि चारधाम यात्रा के साथ ही प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं हेतु फुलप्रूफ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की स्थायी व्यवस्था विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने चारधाम यात्रा प्रबंधन से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके लिए प्रतिष्ठित आईटी कन्सलटेंसी कंपनी की मदद लें। चारधाम यात्रा के सुव्यवस्थित प्रबंधन तथा स्थायी समाधान में टेक्नोलॉजी ही मददगार हो सकती है।

मुख्य सचिव ने मंगलवार को ऋषिकेश स्थित यात्रा रजिस्ट्रेशन ऑफिस तथा ट्रांजिट कैंप पहुंचकर सभी अधिकारियों विशेषकर फील्ड पर कार्य करने वाले कनिष्ठ अधिकारियों से यात्रा प्रबंधन हेतु बनने वाली एसओपी के लिए सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि फील्ड अधिकारियों के कुशल प्रबंधन से राज्य में चारधाम यात्रा आरंभ में कुछ चुनौतियों के बाद पुनः सुचारू, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। वर्तमान में ऋषिकेश हरिद्वार के हॉल्डिंग प्वाइंट में लगभग 3000 श्रद्धालु मौजूद हैं, जिन्हें धामों में भेजा जा रहा है। चारधाम से सभी श्रद्धालु यात्रा के पश्चात सकुशल वापस लौट रहे हैं।

हरिद्वार से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पुनः शुरू किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने चारधाम यात्रा से संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों को नए ठहराव स्थलों को चिह्नित करने के साथ ही वहां पार्किंग स्थल विकसित करने के निर्देश दिए।

स्याल्दे में खाई में गिरी कार, पति-पत्नी व बेटी की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

स्याल्दे के चचरौटी में खाई में गिरी कार।

- मंगलवार तड़के घायल 11 वर्षीय बेटे के ऊपर आने पर हादसे का पता चला
- सोमवार शाम से हो रही खोज, 12 घंटे बाद हादसे की सूचना से मचा हड़कंप
- हादसे का मंजर देख दहल गए स्थानीय लोग व राहत कर्मी

अमृत विचार : जिले के स्याल्दे विकास खंड में चचरौटी के पास कार तीन सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में सीएचसी देघाट में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी उनके चिकित्सक पति और आठ साल की बेटी की मौत हो गई। सोमवार शाम को हुए इस हादसे की सूचना मंगलवार तड़के तब मिली जब जैसे-तैसे ऊपर पहुंचे उनके ग्यारह साल के घायल बेटे ने आपबीती बताई। हादसे की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया और आनन-फानन में स्थानीय लोग व राहत दल बचाव को पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार रुड़की में निजी क्लीनिक चलाने वाले डॉ. मुनेंद्र सिंह (46) पुत्र ईश्वर सिंह निवासी निजामपुर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देघाट में कार्यरत अपनी पत्नी नर्सिंग अधिकारी शशि सैनी (41) को छोड़ने के लिए कार (यूके08 यू 6028) से देघाट की ओर आ रहे थे। कार में बेटा अर्णव (11) और बेटी अदिति (8) भी थी। शाम करीब पांच बजे के आसपास अचानक स्याल्दे के चचरौटी के पास डॉ मुनेंद्र कार से नियंत्रण खो बैठे और कार करीब तीन सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतने सुनसान इलाके में हुआ था कि किसी को इसका पता नहीं चला। इधर, शाम से ही रुड़की में रह रहे परिजन मुनेंद्र व शशि का फोन मिला रहे थे। तीन बजे के बाद से उनका संपर्क नहीं हो रहा था। घंटों कॉल करने के बाद कोई रिस्पांस नहीं मिला तो शशि के भाई ने इस बार में अल्मोड़ा पुलिस को सूचित किया।

एसएसपी देवेंद्र पींचा ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को लोकेशन के अनुसार मौके पर भेजा, पर सर्च अभियान चलाने के बाद भी किसी का कोई पता नहीं चला। न ही कहीं हादसे जैसे कोई संकेत ही मिले। इधर, मंगलवार की तड़के तुराचौरा मार्ग पर एक बाइक सवार को अर्णव घायल हालत में मिला। जिसने बाइक सवार को हादसे की जानकारी दी। बाइक सवार ने तत्काल देघाट सीएचसी में इसकी जानकारी दी। हादसे की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया और स्थानीय लोग रेस्क्यू में जुट गए। रेस्क्यू टीम बमुश्किल मौके पर पहुंची।

हादसे में मुनेंद्र, उनकी पत्नी शशि और मासूम बेटी अदिति की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। रेस्क्यू टीम ने शवों को खाई से निकाला और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए रानीखेत भिजवाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हादसे की सूचना परिजनों को दे दी गई है। जबकि घायल अर्णव का अस्पताल में उपचार कराया गया। हादसे का कारण पता नहीं लग पा रहा है। जिस स्थान पर हादसा हुआ वहां सड़क काफी चौड़ी है।

मारपीट के आरोपी अधिवक्ताओं के आपराधिक इतिहास की मांगी जानकारी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय परिसर में वादकारियों से मारपीट करने के मामले में आरोपी अधिवक्ताओं के खिलाफ जारी आपराधिक अवमानना नोटिस का जवाब दाखिल करने के लिए सुनवाई की अगली निर्धारित तिथि तक का समय दिया है।

सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर, प्रयागराज को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस उपायुक्त से नीचे के किसी पदाधिकारी द्वारा अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर

▸▸ अदालत कक्ष में घुसकर वादकारियों को बेरहमी से पीटने का है आरोप

सभी अवमाननाकर्ता/अधिवक्ताओं के आपराधिक इतिहास तथा ऐसे मामलों के संबंध में जांच के चरण को स्पष्ट करें। इसके अलावा कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि नोटिस सही व्यक्ति को तामील की जाए, जैसा कि एक अवमाननाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि इस न्यायालय द्वारा सईद आफताब अहमद को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उक्त अवमाननाकर्ता के बजाय नोटिस अन्य अधिवक्ता को तामील कर दी गई। मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई 2024 को सुनिश्चित की गई है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने जिला न्यायाधीश द्वारा भेजी गई एक रिपोर्ट में कथित घटना में शामिल 10 अधिवक्ताओं के नाम पर कार्रवाई करते हुए पारित किया। मालूम हो कि जिला न्यायालय परिसर के अदालत कक्ष में घुसकर वादकारियों को बेरहमी से पीटने और पीठासीन अधिकारी द्वारा अपनी सुरक्षा के लिए अपने कक्ष से भागने जैसी गंभीर स्थितियां उत्पन्न होने के कारण कोर्ट ने दोषी अधिवक्ताओं के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उपरोक्त आदेश पारित किया।

रिकवरी एजेंट की सेवा लेने पर जताई नाराजगी

हाई कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन को व्यक्तिगत तौर पर स्थिति स्पष्ट करने का दिया निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ऋण के एक मामले में निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन को व्यक्तिगत तौर पर यह बताने का निर्देश दिया है कि सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद ऋण वसूली के लिए बैंक के अधिकारियों ने कैसे रिकवरी एजेंटों को लगाया?

आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों, जसमिंदर चहल और तीन अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक

▸▸ मामले में अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी

के अधिकारी इस तथ्य से अच्छी तरह वाकिफ थे कि वे किसी रिकवरी एजेंट को नहीं लगा सकते, इसके बावजूद उन्होंने 2013 में रिकवरी एजेंटों की सेवाएं लीं, जबकि इससे छह वर्ष पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने रिकवरी एजेंटों से ऋण वसूली पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक बनाम प्रकाश कौर (2007) के मामले में स्पष्ट रूप से कहा था कि बैंक ऋण वसूली के लिए रिकवरी एजेंटों की सेवाएं नहीं लेंगे और उन्हें कानून के तहत निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना होगा।

चूंकि आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन इस याचिका में पक्षकार नहीं हैं, कोर्ट ने आवेदकों को उन्हें इस याचिका में पक्षकार बनाने के लिए कहा। तथ्यों के अनुसार राहुल सिंह नाम के एक व्यक्ति ने आईसीआईसीआई बैंक से ऋण लिया था, जिसकी अदायगी उन्होंने ब्याज सहित कर दी थी। इसके बावजूद बैंक ने उन्हें चूककर्ता के तौर पर दिखाया, जिसके परिणामस्वरूप वह आगे ऋण लेने में विफल रहे, जिससे उनका कारोबारी हित प्रभावित हुआ। यही नहीं, बैंक ने कानपुर नगर में राहुल सिंह के खिलाफ एक दीवानी मुकदमा दायर कर दिया और रिकवरी एजेंट का इस्तेमाल किया।

प्रतिवादी (राहुल सिंह) के अनुसार जब वह अमेरिका में थे तो रिकवरी एजेंट उनके पैतृक घर गए, जहां उन्होंने अपशब्द बोलते हुए उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल की। इससे परेशान होकर प्रतिवादी ने जिला न्यायालय में एक आपराधिक मुकदमा दाखिल किया, जिसने आईसीआईसीआई अधिकारियों को समन जारी किया।

इस प्रकार से उक्त बैंक के अधिकारियों ने अपने खिलाफ लंबित मुकदमे पर रोक लगाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में यह याचिका दायर की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने बैंक के चेयरमैन को यह स्पष्ट करने को कहा कि कैसे शिकायतकर्ता राहुल सिंह के खिलाफ दीवानी वाद दायर किया गया, विशेषकर तब जब ब्याज सहित पूरे ऋण की अदायगी कर दी गई। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 10 जुलाई 2024 तय की।

दो अधिवक्ताओं को किया निलंबित

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने दो अधिवक्ताओं के खिलाफ मिल रही शिकायतों और पेशेवर कदाचार के कारण उन्हें सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए कार्यकारिणी द्वारा दोनों अधिवक्ताओं सोनू मलिक और उलझन सिंह बिन्द को एक महीने के लिए बार एसोसिएशन से निलंबित कर दिया गया है। तथा महानिबंधक, इलाहाबाद हाई कोर्ट को भी इस आशय का एक पत्र भेजा गया है कि उक्त अवधि तक उनका एडवोकेट रोल नंबर भी निलंबित किया जाए, साथ ही उपरोक्त दोनों अधिवक्ताओं को अंतिम चेतावनी दी गई है। यह जानकारी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव (प्रेस) पुनीत कुमार शुक्ला ने दी।

सीएल गुप्ता के ठिकानों पर आईटी का छापा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/अमरोहा

अमृत विचार : देश के बड़े निर्यातक सीएल गुप्ता ग्रुप के मुरादाबाद और अमरोहा की फर्म, हास्पिटल, स्कूल पर मंगलवार की सुबह दिल्ली से आई आयकर की टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी की। छापेमारी से सीएल गुप्ता ग्रुप से जुड़े लोग सकते में आ गए। कोई कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। कार्रवाई सुबह छह बजे से लेकर रात तक चली। इसके अलावा टीम ने शहर के शुभम नर्सिंग होम पर भी छापेमारी की।

मंगलवार की सुबह छह बजे कई गाड़ियां सीएल गुप्ता ग्रुप के मुरादाबाद और अमरोहा समेत

▸▸ आईटी अधिकारियों की गाड़ियों पर चिपका था चुनाव ड्यूटी का स्टीकर

सभी ठिकानों पर एक साथ पहुंची। गाड़ियों पर चुनाव ड्यूटी लिखे स्टीकर चिपके थे। महानगर में सीएल गुप्ता के कटघर स्थित आवास, रामगंगा विहार स्थित फार्म हाउस और सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान, सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल पर कई टीमें अचानक पहुंचीं। प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई को देखते हुए केंद्रीय पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा बलों ने किसी को भी अंदर से बाहर आने से रोक दिया। आयकर विभाग के सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार फर्म पर बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी को लेकर कार्रवाई की गई है। सीएल गुप्ता एक्सपोर्ट फर्म का देश विदेश में हस्तशिल्प उत्पादों का निर्यात का कारोबार है। छापेमारी देर रात चली। आयकर विभाग के अधिकारियों व उनके साथ आई केंद्रीय सुरक्षा बल की टीम ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। टीम ने अमरोहा में भी सीएल गुप्ता के निर्यात फर्म पर छापेमारी की। टीम में शामिल अधिकारियों ने सीएल गुप्ता परिवार के सदस्यों और फर्म, स्कूल, नेत्र संस्थान के कर्मचारियों से भी पूछताछ की। वहीं टीम ने महानगर के पीलीकोठी स्थित शुभम नर्सिंग होम पर भी कार्रवाई के लिए पहुंची। खबर लिखे जाने तक छापेमारी में क्या निकला यह जानकारी टीम की ओर से नहीं दी गई।

महिला इंस्पेक्टर 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : एंटी करप्शन टीम ने थाने में 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते इंस्पेक्टर क्राइम सिमरजीत कौर को गिरफ्तार किया। उन्होंने रंगदारी, धमकाने और आइटी एक्ट की आरोपी और दुष्कर्म पीड़िता से मुकदमे में एफआर लगाने के बदले दो लाख रुपये की मांग की थी। पीड़िता ने एक लाख रुपये दे दिए थे लेकिन इंस्पेक्टर और एक लाख रुपये देने का दबाव बना रही थी। इंस्पेक्टर के खिलाफ बिनावर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इंस्पेक्टर ने आरोपी महिला से एफआर लगाने के एवज में दो लाख रुपये की मांग की। परेशान महिला ने बरेली एंटी करप्शन में शिकायत की थी।

कोटे के तहत निजी विद्यालय में प्रवेश को लेकर दाखिल विशेष अपील खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक निजी विद्यालय में एडमिशन के मामले में कहा कि याची को समायोजित करने की संभावना न होने के कारण विपक्षियों को कोई निर्देश जारी नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने एकल न्यायाधीश के आदेश में कोई अवैधता या दुर्बलता ना देखते हुए वर्तमान विशेष अपील को खारिज कर दिया।

उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास की खंडपीठ ने मंगलवार को मास्टर अरजीत प्रताप सिंह की विशेष अपील को खारिज करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार अरजीत प्रताप सिंह का जन्म मार्च 2020 में हुआ। याची अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित था और उसके विकलांग

▸▸ प्रवेश के लिए दूसरे वार्ड स्थित स्कूल में याची ने किया था आवेदन

पिता की मासिक आय 6000 रुपए प्रतिमाह थी। उक्त प्रमाण पत्रों के साथ याची ने मुरादाबाद स्थित आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में प्री-नर्सरी में वंचित समूह के लिए आरक्षित 25 प्रतिशत कोटा के तहत प्रवेश हेतु आवेदन किया। फरवरी 2024 को स्कूल के आवंटन के लिए लॉटरी आयोजित की गई थी, जिसमें याची के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया गया और कहा गया था कि वह उसी वार्ड के स्कूल में आवेदन करे। इसे ही याची ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर एकलपीठ ने स्कूल को याची के एडमिशन पर विचार करने का निर्देश देते हुए कहा था कि अगर संबंधित स्कूलों में संबंधित वार्ड के सभी आवेदनों पर विचार करने के बाद भी प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने से पहले सीटें उपलब्ध हैं और प्रवेश प्रक्रिया पहले ही समाप्त हो चुकी है तो याची को अगले शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जाने की स्वतंत्रता होगी। मालूम हो कि याची मुरादाबाद के वार्ड संख्या 15 का निवासी है जबकि उपरोक्त स्कूल वार्ड संख्या 16 में स्थित है। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया था कि याची का आवेदन पत्र गलत तरीके से खारिज कर दिया गया था। कोर्ट के पूर्व आदेश पर कोई कार्यवाही न होने पर याची ने वर्तमान विशेष अपील दाखिल की।

महिला सिपाही ने एसओ की आंखों में मिर्च झोंकी, डंडे से पीटा

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

अमृत विचार : खजुरिया थाने में तैनात महिला सिपाही की शिकायत पर कार्रवाई न करना थाना प्रभारी को भारी पड़ गया। गुस्साई महिला सिपाही ने थाना प्रभारी की आंखों में लाल मिर्च पाउडर झोंककर डंडे से पीटा। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि आरोपी महिला सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच कराई जाएगी।

खजुरिया थाने में महिला सिपाही आरजू काफी समय तैनात है। सोमवार की शाम साथी

▸▸ थानाध्यक्ष ने शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं की तो दिखाया गुस्सा, एसपी ने किया निलंबित

सिपाही अमृता भूषण उसकी स्कूटी मांगकर ले गई थी। इस दौरान किसी वाहन की टक्कर से आरजू की स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। इसे लेकर दोनों महिला सिपाहियों में विवाद हो गया। पुलिसकर्मियों ने बताया कि स्कूटी लेकर गई अमृता ने कहा कि वह एजेंसी पर स्कूटी ठीक करा देगी, मगर आरजू नहीं मानी। इस पर खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार को दखल देना पड़ा।

मंगलवार को गुस्साई महिला सिपाही आरजू ने थाने में आकर पहले थाना प्रभारी राजीव कुमार की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और फिर डंडे के ताबड़तोड़ वार करके उन्हें घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर मौके पर पहुंचे। घटना के बाद सीओ इस बारे में कुछ भी बताने से कतराते रहे। उधर घटना में घायल थाना प्रभारी राजीव कुमार दोपहर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपना मेडिकल कराने पहुंचे। वहीं एसपी राजेश द्विवेदी ने महिला सिपाही आरजू को निलंबित कर जांच शुरू करा दी है।

सड़क पर दो बाघों में संघर्ष दहाड़ सुन सहमे राहगीर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में मंगलवार सुबह दो बाघों के बीच आपसी संघर्ष हो गया। बाघों को भिड़ता और उनकी दहाड़ सुनकर राहगीरों में हड़कंप मच गया। जानकारी लगते ही डिप्टी डायरेक्टर ने टीम के साथ मौके पर कमान संभाली। बताते हैं कि संघर्ष में बाघों को चोट भी लगी है। फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि से टीमों को निगरानी के लिए लगाया गया है।

माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर मंगलवार सुबह करीब नौ बजे अचानक दो बाघ अचानक आ पहुंचे। इनमें से एक बाघ के खून टपक रहा था। मार्ग पर आते ही दोनों बाघ तेज दहाड़ के साथ आपस में भिड़ गए। घटना की जानकारी क्षेत्रीय वनकर्मियों को मिली तो वह तत्काल मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि वनकर्मियों ने बमुश्किल बाघों को अलग किया। आपसी संघर्ष में बाघ घायल भी हो गए। जिन पर टीम द्वारा निगरानी रखी जा रही है।

अपने बच्चों के लिए नौकरी चाहिए या जुमलेबाज सरकार : डिंपल

मऊ, एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) की नेता डिंपल यादव ने मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि 'डबल इंजन' सरकार ने समस्या पैदा कर दी है, इसलिए इनसे सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि ये दोनों दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। उन्होंने जनता से पूछा कि क्या उन्हें अपने बच्चों के लिए नौकरी चाहिए या जुमलेबाज सरकार।

उन्होंने लोगों से संविधान बचाने के लिए सपा और इंडी गठबंधन को वोट देने का आह्वान किया। डिंपल यादव घोसी संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी राजीव राय के लिए प्रचार

घोसी संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी राजीव राय के समर्थन में जनसभा को संबोधित करती सपा सांसद डिंपल यादव

▸▸ आज पूरा देश परिवर्तन की लहर देख रहा है

कर रही थीं। जनता को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए डिंपल यादव लगातार भोजपुरी में अपना संवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले 10 वर्षों के शासन में किसानों, युवाओं और बेरोजगारों के कल्याण के लिए बहुत कम काम किया है। सपा नेता डिंपल यादव ने कहा कि इस चुनाव में देश ने परिवर्तन की लहर देखी है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी इस बात की है कि आज पूरा देश परिवर्तन की लहर देख रहा है देश में नया सूर्योदय होने जा रहा है। हमारे युवाओं का भविष्य उज्जवल होने जा रहा है। मेरी माताओं-बहनों का भविष्य उज्ज्वल होगा। हमारी गठबंधन की सरकार बनने पर हम महिलाओं को एक लाख रुपये देने का काम करेंगे। एसपी प्रवक्ता राजीव राय का मुकाबला सुभासपा उम्मीदवार अरविंद राजभर से है। बसपा ने इस सीट से बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतारा है। घोसी में अंतिम चरण में एक जून को मतदान है।

वर्ग पहेली-84

बाएं से दाएं

4. 1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5. 1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल-चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9. 1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10. 1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

ऊपर से नीचे

1. 1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2. 1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3. 1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7. 1. छोटी लता 2. बेल।

8. 1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है।



वर्ग पहेली -83 का हल

1 श	रा	स	न	■	■	2 पु
■	■	■	■	3 बं	द	नी
■	■	4 ब	■	दा	■	ता
■	5 म	हा	ज	न	■	■
6 दं	दा	ना	■	7 वा	क	या
■	र	■	■	ज़	■	■
■	■	8 खा	टी	■	9 धे	री

सुडोकू -163

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1			4			
6								
	2							8
8				7				4
								9
	4				5			

सुडोकू -162 का हल

1	2	3	4	8	5	9	6	7
7	8	5	9	2	6	4	3	1
6	4	9	7	1	3	2	8	5
5	3	1	6	9	8	7	4	2
9	6	2	5	4	7	8	1	3
8	7	4	1	3	2	5	9	6
3	5	7	8	6	4	1	2	9
2	1	8	3	7	9	6	5	4
4	9	6	2	5	1	3	7	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 13.39 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 08.38 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज कार्यक्षेत्र की अव्यवस्था को दूर करने को लेकर आप काफी प्रतिबद्ध रहेंगे। रक्तचाप के रोगी अपनी सेहत का ध्यान रखें। अधिकारी वर्ग की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है। यदि विदेश में नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आज का दिन काफी अनुकूल रहेगा।

वृष — आज धार्मिक कृत्यों का दिखावा करने से बचें। पिता को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। कृषि से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। स्थान-परिवर्तन की योजना बना सकते हैं। कारोबार में बड़ा बदलाव करने से आपको बचना चाहिए।

मिथुन — आज व्यवसाय से जुड़े लोगों को ग्राहकों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। पैर में चोट लगने की आशंका है। आपको नौकरी में बदलाव करने की जरूरत महसूस होगी, किन्तु यह समय किसी निर्णय लेने का नहीं है।

कर्क — आज व्यवसाय में बदलाव के लिए प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। अटके हुए मामलों को सुलझाने में लगे हुए होंगे। बुजुर्ग लोगों की बातों का बुरा न मानें। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

सिंह — आज सरकारी कार्यों में बाधा आ सकती है। सेहत को लेकर बिल्कुल भी लापरवाही न करें। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं, लेकिन आप स्थितियों को अपने नियंत्रण में लाने में भी सफल रहेंगे।

कन्या — आज आपको प्रेम संबंधों में परेशानियों का अनुभव होगा। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर कुछ कन्फ्यूज हो सकता है। जीवनसाथी आपसे प्रेम की अपेक्षा रखेगा। किन्तु आपकी व्यस्तता काफी ज्यादा होगी। व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें।

तुला — आज आप थोड़े गुस्से में रहेंगे। परिस्थितियां आपके लिए कुछ कठिन रहेंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। अधिकारियों को लेकर आपके मन में रोष रहेगा। आय के दूसरे विकल्पों पर आप काम करेंगे। नकारात्मक प्रकृति के लोगों से दूरी बनाकर रखें।

वृश्चिक — आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो उसकी तैयारी अच्छी रखें। आप जल्दबाजी में कुछ सामान भूल सकते हैं। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिलने की सम्भावना है।

धनु — आज आपकी अपेक्षाओं पर लोग खरे नहीं उतरेंगे। प्रेम संबंधों में तनाव होने की आशंका है। यदि आप धैर्यवान रहते हैं तो आप सम्पत्ति विवादों को सुलझा सकते हैं। ज्यादा धूप और गर्मी में निकलने से बचें। शरीर में पोषक तत्वों की कमी देखने को मिल सकती है।

मकर — आज शेयर मार्केट के माध्यम से बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। मित्रों के सहयोग से आप कई रुके हुए कार्य करवा सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारी आपका काफी ध्यान रखेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है।

कुंभ — आज परिवार में धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। नशे जैसी गंदी आदतों से जितना हो सके दूर रहें। इससे आपकी छवि बुरी तरह से खराब हो सकती है। शान्तिपूर्वक समय निकालना बुद्धिमत्ता होगी। शाम को आप मनोरंजन के साधनों का आनन्द लेंगे।

मीन — आज आप दिन भर आराम करना पसन्द करेंगे। धार्मिक विषयों पर आप लोगों को काफी सहायता दे सकते हैं। व्यवसाय में विस्तार करने में सफलता मिलेगी। भाई-बहनों को लेकर परेशानी दूर होगी। सन्तान के व्यवहार से आप प्रसन्न रहेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
खिलाड़ी 1992 — सुबह : 11.42
बधाई हो बधाई — शाम : 06.23

SONY PIX
बेबी ड्राइवर — सुबह : 08.49
हैनकॉक — रात : 09.00

&pictures
फुकरे रिटर्न्स — सुबह : 10.50
रश्मी रॉकेट — रात : 08.00

ZEE CINEMA
अटैक 2016 — सुबह : 10.25
राम लखन — रात : 08.30

colors CINEPLEX
दोस्ताना — सुबह : 11.57
आंखे — रात : 08.46

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मां – बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है
बेटी – मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां – बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या ?
बेटी खुश होके – हां मां बहुत पसंद है
मां – तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू– "राहों में उनसे मुलाकात हो गई, जिससे डरते थे वही बात हो गई ...इस गाने का क्या मतलब है?
मिंटू– इसका मतलब है कि गायक का चालान कट गया है।

कमजोर संगठन के साथ बसपा के दांव से मुश्किल में कांग्रेस

देवरिया में चार दशक का सूखा खत्म करने की चुनौती

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार । महान संत देवरहा बाबा की धरती देवरिया में चुनावी घमासान अब जीत-हार के दावों के बीच जातीय गुणा-भाग में बदल गया है। भाजपा के पास इस बार देवरिया लोकसभा सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने तो सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही कांग्रेस के सामने 40 साल से बना सूखा समाप्त करने का मौका है। कांग्रेस को इस सीट पर आखिरी बार 1984 में जीत मिली थी। पार्टी कई चुनावों में चौथे नंबर पर पिछड़ती रही है। ऐसे में कांग्रेस की सारी उम्मीदें सपा के वोट बैंक पर ही टिकी हैं, जिसमें बसपा के यादव जाति के प्रत्याशी द्वारा की जा रही सेंधमारी से राह आसान नहीं नजर आ रही है।

देवरिया में सबसे बड़ा मुद्दा समस्या चीनी मिलों को चालू करना और बेरोजगारी है। बातचीत में लोग सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी समस्याएं बताने के साथ बाढ़ से छुटकारा दिलाने के उपाय करने और रिंग रोड बनाए जाने की जरूरत बताते हैं। इसी तरह जनता के एजेंडे में नया जिला अस्पताल, विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा संस्थान खोले जाने जैसी मांगें भी हैं। पिछले दो चुनावों से यहां भाजपा जीत रही है। लेकिन दोनों सांसद बाहरी माने जाते थे, शायद लोगों की इसी नाराजगी को भांपकर भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी की जगह स्थानीय प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने यहां अपने पूर्व विधायक और राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह पर दांव लगाया है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक आनंद यादव के पुत्र संदेश यादव तीसरा कोण बनाने की कोशिश के साथ कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किल बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

देवरिया में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी भले ही पहला चुनाव लड़ रहे हों, लेकिन उनका परिवार राजनीति से जुड़ा रहा है। शशांक के दादा विधान परिषद सदस्य और उनके चाचा विधायक रहे हैं, तो पिता लेफ्टिनेंट जनरल प्रकाश मणि त्रिपाठी सेवानिवृत्त होने के बाद दो बार भाजपा से सांसद चुने जा चुके हैं। शशांक मणि पिछले काफी समय से क्षेत्र में उद्यमिता विकास के लिए सक्रिय हैं। वह युवाओं को स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार दिलाने में आगे रहे हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं। वह वर्ष 2012 में बांसगांव की रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। लेकिन उनके द्वारा इलाके में कराए गए विकास कार्यों को लोग आज भी याद करते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि बसपा प्रत्याशी संदेश यादव जो जिला पंचायत सदस्य भी हैं, जिस तरह सजातीय मतों में सेंध लगाने का प्रयास कर रहे हैं, उससे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप की मुसीबत बढ़ रही है। देवरिया सीट से 2019 के चुनाव में भाजपा के रमापति राम त्रिपाठी ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,80,644 मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से मैदान में उतरे बसपा के बिनोद कुमार जयसवाल ने 3,30,713 वोट पाए थे। कांग्रेस के नियाज अहमद खान को 51,056 वोट मिले थे। देवरिया लोकसभा सीट पर 17.54 लाख मतदाता हैं। इनमें इस सीट ब्राह्मण, राजपूत और कुर्मी वोटर निर्णायक भूमिका में माने जाते हैं। लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 51 फीसदी ओबीसी वोटर हैं। करीब 13 फीसदी मुस्लिम वोटर माने जाते हैं। अनुसूचित जाति के वोटर 14 फीसदी से कुछ अधिक और अनुसूचित जनजाति के करीब तीन फीसदी वोटर गिने जाते हैं। सामान्य श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 19% के आसपास है।


शशांक मणि त्रिपाठी।


अखिलेश प्रताप सिंह।

सभी पांचों विधानसभा सीटों पर खिला था कमल

देवरिया लोकसभा सीट के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें कुशीनगर जिले की तमकुही राज और फाजिल नगर भी शामिल है। देवरिया जिले की पथरदेवा, रामपुर कारखाना और देवरिया सीट हैं। विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी।

- भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के सामने फंसे नजर आ रहे कांग्रेस नेता अखिलेश प्रताप

2014 में 51% वोट पाकर जीते थे कलराज

- 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा नेता कलराज मिश्रा ने जीत हासिल की थी। उन्हें 4,96,500 (51.1%) वोट मिले थे। कलराज ने बसपा प्रत्याशी नियाज अहमद 2,65,386 (27.3%) मत को हराया था। तीसरे स्थान पर सपा के बलेश्वर यादव 1,50,852 (15.5%) वोट थे। कांग्रेस प्रत्याशी चौथे स्थान था।

सपा के सहारे भगवा गढ़ में जातीय घेरेबंदी

महाराजगंज लोकसभा सीट

अमृत विचार। गोरखपुर मंडल में आने वाली महाराजगंज लोकसभा सीट से मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं। इस बार उनका मुकाबला करने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव में फरेंदा से जीते अपने विधायक वीरेंद्र चौधरी को उतारा है। महाराजगंज सीट से पंकज चौधरी भाजपा से छह बार सांसद चुने जा चुके हैं और राजनीति के दिग्गज खिलाड़ी माने जाते हैं। 1991 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें पहली बार यहां से टिकट दिया था, इसके बाद से पार्टी अब तक नौ बार उन पर भरोसा जता चुकी है, जिसमें आधा दर्जन बार पंकज चौधरी ने कमल खिलाया है। साल 2014 को चुनाव में पंकज चौधरी को 44.65 और 2019 में 59.20 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस सीट पर 2009 में जीत दर्ज की थी। पिछले दो चुनावों में पार्टी एक लाख मत पाने के लिए तरसती रही है। ऐसे में यहां चर्चाओं में भाजपा को एक बार फिर भारी माना जा रहा है। हालांकि कांग्रेस इस सीट को हल्के में नहीं ले रही है। वीरेंद्र चौधरी के नामांकन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा महासचिव शिवपाल सिंह मौजूद रहे थे।

पंकज चौधरी।

वीरेंद्र चौधरी ।

- अब तक छह चुनाव जीत चुके केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को चुनौती दे पाएंगे कांग्रेस के विधायक वीरेंद्र चौधरी
- बसपा से किस्मत आजमा रहे मोहम्मद मौसमे आलम सपा-कांग्रेस गठबंधन की बढ़ा रहे मुश्किल

चार विधानसभा सीटें भाजपा के पास

महाराजगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से चार पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों का कब्जा है तो एक सीट कांग्रेस के पास है।

18% वोटों के अंतर से भाजपा ने पिछली बार सपा-बसपा का गठबंधन होने पर जीती थी सीट

2019 का परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	पंकज चौधरी	7,26,349	59.20
सपा	अखिलेश सिंह	3,85,925	31.45
कांग्रेस	सुप्रिया श्रीनेत	72,516	5.91
-	-	-	-

2014 का जनादेश

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	पंकज चौधरी	4,71,542	44.65
बसपा	काशी नाथ शुक्ल	2,31,084	21.88
सपा	अखिलेश सिंह	2,13,974	20.26
कांग्रेस	हर्ष वर्धन	57,193	5.42

दो चौधरी, असमंजस में कुर्मी वोटर

महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी वोटरों की बहुलता है, जिनका एकमुश्त समर्थन पंकज चौधरी को मिलता रहा है। लेकिन इस बार कांग्रेस से वीरेंद्र चौधरी के चुनाव लड़ने के कारण कुर्मी मतों में बंटवारा होना तय माना जा रहा है। वीरेंद्र चौधरी अब तक पांच बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण क्षेत्र में पहचान और प्रभाव रखते हैं। 2017 के चुनाव में वह मात्र दो हजार वोट से हार गए थे। इसके चलते इलाके में कुछ लोग इसे दो चौधरियों की जंग भी बता रहे हैं।

लेकिन इस लड़ाई में बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मोहम्मद मौसमे आलम पर दांव लगाकर इंडिया गठबंधन की चुनौती को कमजोर करने का प्रयास किया है। देवरिया सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लगभग 25% मतदाता हैं, इनमें कुर्मी वोटर 10% और यादव 9% गिने जाते हैं। अनसूचित जाति के 18% और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं की संख्या 17% है।

ब्राह्मण लगभग 8%, वैश्य और निषाद मतदाता 7-7 % तथा क्षत्रिय मतदाताओं की संख्या लगभग 3% है। भाजपा और कांग्रेस दोनों तरफ से जातीय समीकरण साधने का प्रयास हो रहा है।

हिमाचल में दो मोर्चों पर छिड़ा चुनावी घमासान

सरकार का संघर्ष

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट डाले जाएंगे। यहां सभी सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला देखने में आ रहा है। भाजपा ने साल 2014 और 2019 के चुनाव में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था, पार्टी इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के साथ विधानसभा की छह सीटों पर भी कमल खिलाने की पुरजोर कोशिश में लगी है, ताकि राज्य में कांग्रेस की सुक्खू सरकार के पतन का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की चार सीटें हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और शिमला हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने सभी चारों सीटें जीती थीं, लेकिन साल 2021 में मंडी सीट से भाजपा के सांसद रामस्वरूप शर्मा का निधन हो जाने के बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने जीत का परचम लहरा दिया था। इस बार प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह मंडी लोकसभा सीट पर भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का मुकाबला कर रहे हैं। मंडी सीट को राज्य की सबसे हॉट सीट माना जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने यहां अपनी प्रतिष्ठा लगा रखी है। बसपा ने मंडी में डॉ. प्रकाश चंद भारद्वाज को उतारा है। लेकिन सीधा और दिलचस्प संघर्ष भाजपा तथा कांग्रेस के बीच ही हो रहा है।

शिमला लोकसभा सीट पर भाजपा के सुरेश कुमार कश्यप के सामने कांग्रेस से विनोद सुल्तानपुरी चुनाव लड़ रहे हैं। यहां बसपा से अनिल कुमार मंगेट प्रत्याशी हैं। हमीरपुर लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को कांग्रेस से सतपाल रायजादा चुनौती दे रहे हैं। यहां बसपा से हेमराज चुनावी मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक यहां अनुराग ठाकुर को कांग्रेस के मुकाबले बढ़त मानी जा रही है। राज्य की कांगड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. राजीव भारद्वाज को दिग्गज कांग्रेस नेता आनंद शर्मा की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। आनंद शर्मा पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। देर से टिकट घोषित होने के कारण पूरे क्षेत्र में प्रचार नहीं कर पाए हैं। यहां बसपा ने रेखा चौधरी पर दांव लगा रखा है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ।

भाजपा नेता जयराम ठाकुर।


मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह।

मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत।

- 2014 और 2019 में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में
- मंडी सीट पर कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह और भाजपा उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के मुकाबले पर सभी की नजर

कांग्रेस के लिए छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव जीतना बेहद जरूरी

- हिमाचल में कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के नेताओं की लोकसभा चुनाव से ज्यादा दिलचस्पी छह सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर दिख रही है। इसकी वजह यह है कि इन छह सीटों के परिणाम राज्य में सत्ता परिवर्तन या मौजूदा सरकार का भविष्य तय करेंगे। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले हुए राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस विधायकों की बगावत की वजह से सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार संकट में फंस गई थी। प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट के चुनाव में कांग्रेस के छह विधायकों की बगावत के कारण राज्यसभा पार्टी के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गए थे और भाजपा के हर्ष महाजन को जीत मिली थी। बाद में विधानसभा के स्पीकर ने इन छह बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। इसी कारण इन न सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। कांग्रेस के सभी बागी विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे और भाजपा ने इन्हें टिकट देकर कमल निशान से चुनावी मैदान में उतार रखा है। ऐसे में उपचुनाव वाली सभी सीटों पर कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है, ताकि जीत हासिल करके सरकार पर आने वाला संकट टला जा सके।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

सलेमपुर में बसपा की चुनौती से बना त्रिकोणीय संघर्ष

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। सलेमपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने दो बार के सांसद रवींद्र कुशवाहा को मैदान में उतार कर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। यहां उनका मुकाबला सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर से है। रमाशंकर राजभर साल 2009 में बीएसपी के टिकट पर सांसद चुने गए थे। लेकिन बसपा ने यहां भीम राजभर को चुनावी मैदान में उतार कर राजभर वोटों में सेंध लगा रखी है। सलेमपुर लोकसभा सीट पर पिछड़ी जातियों का दबदबा है। इसमें 32 प्रतिशत माने जाने वाले कुर्मी और राजभर मतदाता जीत-हार का गणित तय करते हैं। यहां 18 फीसदी कुर्मी, मौर्य और कुशवाहा तो 14 फीसदी राजभर मतदाता गिने जाते हैं। अनुसूचित जाति के मतदाता 15 फीसदी हैं। साल 2019 के चुनाव में भाजपा के रवींद्र कुशवाहा ने 4.67 लाख वोट पाकर बसपा के आरएस कुशवाहा को 1.12 लाख वोटों से हराया था। सुभासपा के राजाराम को 33 हजार और कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार मिश्रा को 27 हजार से कुछ अधिक वोट मिले थे। सलेमपुर लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में तीन सीटों पर भाजपा तथा समाजवादी पार्टी और सुभासपा ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की थी।

दीदी का रोड मार्च पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए कोलकता में सड़क मार्च करके टीएमसी समर्थकों में जीत का जोश भरा।

हम में है दम बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जनसभा करके वोट मांगे।

ओडिशा में सरकार बनाने के दावों से साधी दिल्ली की लड़ाई

6 सीटों का रण

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। ओडिशा में सातवें और अंतिम चरण में छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर के साथ इनसे संबंधित 42 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इस बार राज्य में बीजद और भाजपा दोनों ने सरकार बनाने के दावे के साथ सरकार गठन के शपथ ग्रहण के दिन की घोषणा भी कर रखी है। साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए आठ सीटें जीती थीं, जबकि बीजद की सीटों की संख्या घटकर 12 रह गई थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में बीजद ने 20 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा एक ही सीट जीत पाई थी। सामान्यतया लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ होने पर अधिकांश मौकों पर मतदाता एक ही पार्टी को चुनते रहे हैं, शायद यही वजह है कि भाजपा और बीजद लोकसभा चुनाव का प्रचार तो कर रहे हैं, लेकिन असली लड़ाई का मोर्चा विधानसभा चुनाव में खोल रखा है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और उनके करीबी सहयोगी वीके पांडियन पर भाजपा खासी हमलावर है। गृह मंत्री अमित शाह से लेकर चुनाव प्रचार में भाजपा का हर बड़ा नेता ओडिशा के गौरव और सम्मान का सवाल उठाकर यह आरोप लगाता रहा है कि एक तमिल बाबू ओडिशा में शासन कर रहे हैं। एक तमिल व्यक्ति ओडिशा पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। भाजपा सत्ता में आने पर युवा उड़िया भाषी को मुख्यमंत्री बनाएगी।

- भाजपा और बीजद दोनों ने राज्य में सरकार के शपथ ग्रहण के दिन की कर रखी है घोषणा
- साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने लोकसभा की आठ और बीजद ने जीती थीं 12 सीटें

बालासोर में इस बार फिर हो रहा है त्रिकोणीय मुकाबला

- बालासोर में इस बार फिर त्रिकोणीय मुकाबला हो रहा है। यहां भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी को मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस से पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत कुमार जेना कर रहे हैं। यहां बीजद ने भाजपा से आईं लेखाश्री सामंतसिंघर पर दांव लगाया है। 2014 के चुनाव में बीजद उम्मीदवार ने 41.33 प्रतिशत वोट हासिल करेक भाजपा उम्मीदवार को हराया था। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 41.79 प्रतिशत वोट पाकर बीजद को हराया था।

राष्ट्रपति मुर्मू के मयूरभंज में फिर जीतेगी भाजपा ?

- आदिवासी बहुल मयूरभंज लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम से जानी जाती है। राष्ट्रपति का गृहनगर होने के नाते इस सीट पर हर किसी की नजर है। वर्तमान में यहां भाजपा सांसद बिश्वेश्वर टुडू हैं। लेकिन भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू के विश्वासपात्र नबा चरण माझी को मैदान में उतारा है, जो रायरंगपुर से विधायक हैं। रायरंगपुर सीट का राष्ट्रपति मुर्मू ने 2009 तक दो बार प्रतिनिधित्व किया था। बीजद ने मयूरभंज सीट पर सुदाम मारंडी को उतारा है। इंडिया गठबंधन से इस सीट पर झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन की बेटी अंजलि सोरेन एक बार फिर किस्मत आजमा रही हैं। अंजिल 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ी थीं।

जाजपुर में बीजद और भाजपा का संघर्ष

- जाजपुर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। भाजपा ने रवींद्र नारायण बेहरा और कांग्रेस ने आंचल दास को मैदान में उतारा है। 2019 में बीजद की शर्मिष्ठा सेठी ने 1,01,693 वोटों से सीट जीती थी। शर्मिष्ठा सेठी को 5,44,020 वोट मिले थे और उन्होंने भाजपा के अमियकांता मलिक को हराया था।

ओडिशा वोट शेयर 2019 पार्टी	सीट	वोट %
बीजद	12	42.8
भाजपा	8	38.4
कांग्रेस	01	13.8

भद्रक में फिर से रोमांचक मुकाबले की तस्वीर

- भद्रक लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भद्रक से बीजद को जीत मिली थी। बीजद की मंजूलता मंडल ने भाजपा प्रत्याशी अविमन्यू सेठी को 28,803 मतों के अंतर से हरा दिया था। मंजूलता को 5,12,305 तो अविमन्यू सेठी को 4,83,502 वोट मिले थे। कांग्रेस की मधुमिता सेठी ने 2,07,811 वोट हासिल किए थे। भाजपा ने इस बार भी यहां बीजद सांसद मंजूलता मंडल के सामने पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजद नेता अर्जुन चरण सेठी के बेटे अविमन्यु सेठी को ही मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इस बार वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद अनंत प्रसाद सेठी को मौका दिया है।

जगतसिंहपुर में भाजपा को पहली जीत की तलाश

- जगतसिंह पुर आरक्षित लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद बिभू प्रसाद तराई, कांग्रेस के रवीन्द्र कुमार सेठी का मुकाबला बीजद की सांसद डॉ. राजश्री मल्लिक से हो रहा है। यहां भाजपा को अपनी पहली जीत की तलाश है। बीजद की राजश्री मल्लिक ने 2019 में चुनाव भाजपा के विभु प्रसाद तराई को हराया था। बीजद और भाजपा को क्रमश: 50.44% और 28.34% वोट मिले थे। 2014 में बीजद प्रत्याशी कुलमणि सामल इस सीट से जीते थे। उन्होंने तब कांग्रेस में रहे बिभू प्रसाद तराई को हराया था। कांग्रेस यहां 1998 से जीत के लिए तरस रही है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 980 फ्लैग 1095 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल रजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

चौथी तिमाही में आर्थिक विकास दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान: एसबीआई

बैंक ने रिपोर्ट में समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के 8 प्रतिशत रहने की जताई संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक ने आज अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में इसके आठ प्रतिशत रहने का अनुमान है।

एसबीआई के ग्रुप मुख्य अर्थशास्त्री डॉ.सौम्य कांति घोष ने आज जारी एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही में जीडीपी के 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है, जबकि एसबीआई ने इसके 7.4 प्रतिशत रहने और मार्च 2024 के समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के आठ प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जताई है। उसने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी के 7.5 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान जताया है जबकि आरबीआई इसके सात प्रतिशत रहने की बात पहले ही कह चुकी है।

उसने कहा है कि 30 उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ इन-हाउस विकसित एसबीआई आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क (एएनएन) मॉडल चौथी तिमाही जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का संकेत दे रहा है। प्रमुख संकेतक शहरी/ग्रामीण परिदृश्य में निरपेक्ष विकास की प्रवृत्ति दिखाते हैं, हालांकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी बनी हुई है। जनवरी 24 से संकेतकों का प्रतिशत 80 से ऊपर बना हुआ है, शहरी संकेतकों ने हाल के महीनों में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है।

भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत

भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाओं के जोखिमों के बावजूद आशावाद आगे चलकर अशांत प्रतिकूल परिस्थितियों में बदल सकता है। इसके अलावा, अच्छे दिनों के अग्रदूत के रूप में, सामान्य से ऊपर मानसून वालों, तिलहन और अनाज की घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 2024 के मानसून सीजन के उत्तरार्ध के दौरान ला नीना विकसित होने की उम्मीद है, जबकि हिंद महासागर डिपोल (आईओडी) सकारात्मक होने की उम्मीद है, जो दोनों ही अच्छे मानसून का संकेत देते हैं। कॉर्पोरेट भारत ने मजबूत आंकड़े दर्ज करना जारी रखा, हालांकि बैलेंस शीट की मजबूती के लंबे तिमाही दौर के बाद लाभप्रदता पर कुछ दबाव सामने आया।

वर्ष 2024-25 में बैंकों की ऋण वृद्धि घटकर 14 प्रतिशत रह जाएगी

मुंबई। देश की बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में दो प्रतिशत घटकर 14 प्रतिशत हो सकती है। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत थी।

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, इस कमी से वित्त वर्ष 2024-25 में (सकल घरेलू उत्पाद) जीडीपी वृद्धि दर में घटकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 7.6 प्रतिशत थी। क्रिसिल ने कहा कि धीमी जमा अभिवृद्धि ऋण वृद्धि पर नियंत्रण रख सकती है। हालांकि एजेंसी ने माना कि पिछले वर्ष जमा और ऋण वृद्धि के बीच का अंतर कम हुआ है। एजेंसी ने कहा-इस राजकोषीय वृद्धि को उच्च आधार प्रभाव, जोखिम भार में संशोधन और कुछ हद तक कम सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि से नियंत्रित किया जाएगा।

केएएल एयरवेज, कलानिधि के किए गए दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- स्पाइसजेट ने नुकसान के दावे को बताया निराधार

विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन के 1,323 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान के दावे निराधार हैं और इनका कोई कानूनी औचित्य नहीं है। केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन ने सोमवार को कहा था कि वे स्पाइसजेट और उसके प्रमुख अजय सिंह से 1,323 करोड़ रुपये से अधिक का हर्जाना मांगेंगे। साथ ही दोनों पक्षों के बीच जारी विवाद मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती देंगे।

स्पाइसजेट ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह केएएल एयरवेज और मारन द्वारा 1,323 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगने के दावों का दृढ़ता से खंडन करता है। विमानन कंपनी ने कहा- इन दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं है। वे मध्यस्थ न्यायाधिकरण और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही खारिज किए गए दावों को दोहरा रहे हैं। स्पाइसजेट ने कहा-केएएल एयरवेज और मारन ने शुरुआत में मध्यस्थता कार्यवाही के दौरान 1,300 करोड़ रुपये से अधिक के मुआवजे की मांग की। इस दावे की गहन जांच की गई और बाद में उच्चतम न्यायालय के तीन सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	95,400
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,125
गिन्नी (प्रति नग)	55,250-55,450
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड (प्रति 10 ग्राम)	72,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	90,500
चांदी तैयार	90,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,700
सोना जेवरात गिन्नी	71,700
चांदी पक्की	900 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,800
चांदी आभूषण	89,800।

भारत-अमेरिका सीईओ फोरम ने शुरू किया ज्ञान साझा करने वाला मंच

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्यमिता, समावेशी विकास और छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने पर भारत-अमेरिका सीईओ फोरम के एक कार्यसमूह ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई एवं स्टार्टअप के एकीकरण के लिए ज्ञान साझा करने वाला एक मंच शुरू किया है। यह मंच यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टिट्यूट (यूएसआई) और साइबरपीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। फोरम ने मंगलवार को एक बयान में ज्ञान साझा करने वाले इस मंच के गठन की जानकारी दी।

फोरम ने कहा-भारत-अमेरिका सीईओ मंच के कार्यसमूह-7 (डब्ल्यूजी7) ने यूएसआई और साइबरपीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में 27 मई को भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय ज्ञान-साझाकरण मंच पेश किया है। इस कार्यसमूह की शेरपा सुबी चतुर्वेदी ने कहा कि यह मंच भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाएगा और उनके बीच व्यापार की संभावनाएं पैदा करेगा। यह स्टार्टअप को सशक्त बनाकर और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई का एकीकरण कर समावेशी विकास को बढ़ावा देगा।

मानसून, गन्ना उत्पादन पर निर्भर चीनी निर्यात की अनुमति का मामला

नई दिल्ली। भारत 2024-25 सत्र में अंतिम गन्ना बुआई और उत्पादन का आकलन करने के बाद चीनी निर्यात की अनुमति दे सकता है। ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक देश भारत अगले सत्र में चीनी उत्पादन कम यानी तीन करोड़ टन रहने की उम्मीद कर रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि सितंबर में समाप्त होने वाले मौजूदा 2023-24 सत्र में चीनी उत्पादन अबतक 3.15 करोड़ टन तक पहुंच गया है, अंतिम उत्पादन 3.18 करोड़ टन तक पहुंचने की संभावना है क्योंकि तब तक तमिलनाडु और कर्नाटक में मिलें पेराई बंद कर देंगी।

चांदी के दाम में 3,100 और सोने में 130 रुपये का उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गई चांदी की कीमत

मजबूत वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ 95,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोना 130 रुपये मजबूत हुआ।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार दूसरे दिन चांदी में मजबूती आई। इसकी कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर 95,950 रुपये प्रति किग्रा हो गई। सोमवार को चांदी 92,850 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। इस बीच, सोना 130 रुपये मजबूत होकर 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,346 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर अधिक है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-कमजोर अमेरिकी डॉलर की मदद से मंगलवार को यूरोपीय कारोबारी घंटों में सोना मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। उन्होंने कहा-व्यापारी अब महत्वपूर्ण अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं, जो इस बात पर प्रकाश डाल सकता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व कितनी जल्दी ब्याज दरों में कमी कर सकता है। इससे आगे सोने की कीमतों को दिशा मिलेगी। विदेशी बाजारों में चांदी भी बढ़कर 31.50 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी की कीमतें बढ़कर 31 डॉलर के स्तर को पार कर गई, जो नरमी के दौर के अंत का संकेत है।

एक नजर

अदालत ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने धन शोधन के एक मामले में जमानत (डिफॉल्ट बेल) देने का अनुरोध करने वाली, जेल में बंद पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब देने के लिए कहा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे मामले पर एक स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा। अदालत ने जेल प्राधिकारियों से जैन का रिकॉर्ड भी मांगा और मामले पर अगली सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तारीख तय की। जैन पर कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिए धन शोधन करने का आरोप है।

सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। ईडी ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन ने सोमवार को उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दाखिल कर मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की पीठ के समक्ष सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता सोरेन राजनीतिक साजिश का शिकार हैं।

जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक धार्मिक जुलूस के दौरान मामूली बात पर दो समूहों के बीच हुई झड़प के बाद 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि सोमवार रात भिवंडी के सरावली गांव में हुई घटना के संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे एक धार्मिक जुलूस के दौरान गुलाल फेंकने को लेकर समूहों में झड़प हो गई। अधिकारी ने कहा कि घटना के संबंध में 25 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

भाजपा 200 सीट के आंकड़े को भी नहीं कर पाएगी पार: खरगे

शाह के नौकरी गंवा देने वाले तंज पर कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया जवाब

चंडीगढ़, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी के 400 पार के दावे को बकवास करार देते हुए खारिज कर दिया और कहा कि पार्टी लोकसभा चुनाव में 200 सीट के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाएगी। खरगे ने अमृतसर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आम चुनाव की तुलना में भाजपा की सीट घट रही हैं जबकि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बढ़त बना रहे हैं। जबकि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दावा कर रहा है कि उसे लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट मिलेंगी।

भाजपा के इस दावे से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए खरगे ने कहा-जब आपकी (सीट) घट रही है और हमारी बढ़ रही है। 400 पार भूल जाओ, यह बकवास है। वे सरकार भी नहीं बना सकते और 200 सीट से आगे नहीं बढ़ पाएंगे। खरगे ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में अस्तित्वहीन है और कर्नाटक में मजबूत नहीं है। उन्होंने सवाल किया, आप महाराष्ट्र में कमजोर हैं, जबकि पश्चिम बंगाल और ओडिशा में एक हद तक हैं। आपको 400 सीट कैसे मिल रही हैं? केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस तंज का जवाब देते हुए कि चुनाव में भाजपा की हार के बाद खरगे अपनी नौकरी गंवा देंगे। खरगे ने कहा-मैं नौकरी करने के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मैं बचपन से ही लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में हूं, अब मुझे उतने ही साल हो गए हैं जितनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उम्र है। खरगे ने कहा-उन्हें चार जून के बाद अपनी नौकरी के बारे में सोचना चाहिए।

कांग्रेस प्रमुख खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए कृषि ऋण माफी और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी पर पार्टी के चुनावी वादों को दोहराया। उन्होंने साथ ही बेरोजगारी के मुद्दे और अग्निपथ योजना पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना भी साधा।

चार जून के बाद ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री कहलाएंगे नवीन पटनायक: अमित शाह

भद्रक/जाजपुर (ओडिशा)। गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को चुटकी लेते हुए कहा कि नवीन पटनायक चार जून के बाद ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री हो जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा 147 सदस्यीय विधानसभा में 75 से अधिक सीट हासिल कर राज्य में अगली सरकार बनाएगी। शाह ने भद्रक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चांदबाली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि भाजपा ओडिशा की 21 लोकसभा सीट में से 17 सीट पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा-चार जून को नवीन बाबू मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, वह पूर्व मुख्यमंत्री बन जाएंगे... भाजपा ओडिशा में 17 लोकसभा सीट और 75 विधानसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हो रहे हैं। शाह ने यह भी कहा कि भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि अगला मुख्यमंत्री उड़िया भाषा में पारंगत हो और राज्य की भाषा, संस्कृति तथा परंपरा को समझता हो। स्पष्ट रूप से पटनायक के करीबी सहयोगी एवं बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी के पांडियन के संदर्भ में शाह ने कहा-क्या तमिल बाबू को पर्दे के पीछे से सरकार चलानी चाहिए... कमल के निशान पर अपना वोट देकर एक अधिकारी की जगह राज्य पर शासन करने के लिए एक जनसेवक को लाएं।

नाराज वादी ने न्यायाधीश की ओर फेंकी जूतों की माला

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर की जिला अदालत में दीवानी मुकदमा खारिज किए जाने से नाखुश 65 वर्षीय एक वादी ने मंगलवार को एक न्यायाधीश की ओर कथित रूप से जूतों की माला फेंक दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक मोहम्मद सलीम (65) ने जिला अदालत में यह आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था कि आजाद नगर क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करते हुए एक मस्जिद का निर्माण किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विनोद कुमार दीक्षित ने संवाददाताओं को बताया कि जिला अदालत के एक न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर के बाद सलीम का दीवानी मुकदमा खारिज करने का फैसला सुनाया और पाया कि मस्जिद अतिक्रमण करके नहीं बनाई गई है।

छठे चरण में हुआ 63.37 प्रतिशत मतदान

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने कहा-सात करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मताधिकार का किया इस्तेमाल

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों में 58 सीट पर 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को 11.13 करोड़ योग्य मतदाताओं में से 7.05 करोड़ ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

आम चुनाव में अब तक हुए छह चरणों के मतदान में, 87.54 करोड़ निर्वाचकों में से लगभग 57.77 करोड़ ने वोट दिया। विश्व में सर्वाधिक संख्या में 96.88 करोड़ निर्वाचक भारत में हैं। निर्वाचक नामावली में शामिल नागरिकों को निर्वाचक माना जाता है जबकि मतदान करने वालों को मतदाता कहा जाता है। मौजूदा लोकसभा चुनाव के अब तक के छह चरणों में, चौथे चरण में सर्वाधिक मतदान हुआ जबकि पांचवें चरण में सबसे कम वोट पड़े। निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, छठे चरण में 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, पूर्व में आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चौथे चरण में 69.16 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो अब तक हुए छह चरणों के चुनाव में सर्वाधिक है। पिछले लोकसभा चुनाव में, छठे चरण में (सात राज्यों में 59 सीट पर) 64.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग के अनुसार, 20 मई को हुए पांचवें चरण के मतदान में 62.2 प्रतिशत मतदान हुआ था। चौथे चरण में 69.16 प्रतिशत मतदान हुआ था जो 2019 के चुनाव में चौथे चरण में हुए मतदान से 3.65 प्रतिशत अधिक है। तीसरे चरण में 65.68 प्रतिशत मतदान हुआ था जबकि 2019 के चुनाव में तीसरे चरण में 68.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। मौजूदा चुनाव के दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ था जबकि 2019 में दूसरे चरण में 69.71 प्रतिशत मतदान हुआ था। पहले चरण में 66.14 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2019 में पहले चरण में 69.43 प्रतिशत मतदान हुआ था। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में, एक जून को आठ राज्यों में 57 सीट पर मतदान होना है।

कविता गवाहों को कर सकती हैं प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी घोटाला

- सीबीआई और ईडी ने कविता की जमानत याचिका का उच्च न्यायालय में किया विरोध

सीबीआई और ईडी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में गिरफ्तार बीआरएस की नेता के.कविता की ओर से दायर जमानत याचिका का दिल्ली उच्च न्यायालय में मंगलवार को विरोध किया। केंद्रीय एजेंसियों ने अदालत से कहा कि वे बहुत ही प्रभावशाली और ताकतवर हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं। कविता की ओर से पेश वकील ने कहा कि वह महिला हैं और उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

कोर्ट में जांच एजेंसियों ने कहा कि उन्होंने घोटाले की साजिश में अहम भूमिका निभाई और वह सक्रिय नेता एवं तेलंगाना विधानसभा की सदस्य होने के नाते कमजोर महिला होने का दावा कर जमानत नहीं मांग सकती हैं। ईडी, सीबीआई और कविता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने बीआरएस नेता की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सीबीआई के वकील ने दलील दी कि कविता केवल महिला नहीं हैं बल्कि प्रभावशाली महिला हैं और गवाहों को प्रभावित करने के मामले में काफी ताकतवर हैं, गवाहों में शामिल एक व्यक्ति ने दावा किया है कि उन्होंने उसको धमकी दी थी। ईडी के वकील ने भी दलील दी कि कविता घोटाले की सह साजिशकर्ता और लाभार्थी हैं और अपराध की कड़ी सीधे तौर पर उनसे जुड़ती है।

उपराज्यपाल ने नर्सिंग होम के रजिस्ट्रेशन की जांच का दिया आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी में निजी नर्सिंग होम के पंजीकरण और नियामक प्रबंधन की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) से जांच कराने का आदेश दिया है। राजनिवास के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार के एक अस्पताल में आग लगने से छह नवजात शिशुओं की मौत के बाद यह आदेश दिया गया है। निजी अस्पताल में आग लगने की घटना के संदर्भ में मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में सक्सेना ने कहा-मैंने इस मामले में बहुत सख्त रुख अपनाया है। व्यापक जनहित को देखते हुए और अधिकारियों के एक वर्ग द्वारा गंभीरता की कमी के कारण मुझे कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। नोट में कहा गया, आग लगने और नर्सिंग होम से संबंधित मामले में... एसीबी को शहर में नर्सिंग होम के पंजीकरण की व्यापक जांच करने का निर्देश दिया गया है, ताकि यह आकलन किया जा सके कि कितने नर्सिंग होम वैध पंजीकरण के बिना काम कर रहे हैं।

यौन उत्पीड़न के वीडियो वितरित करने को लेकर दो व्यक्ति गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी

रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला

हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इन दोनों व्यक्तियों ने जनता दल (सेक्युलर) नेता द्वारा कई महिलाओं का कथित तौर पर यौन शोषण किए जाने के वीडियो वाले पेन ड्राइव वितरित किए थे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों व्यक्तियों को उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वे उच्च न्यायालय पहुंचे। एसआईटी अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए अपने साथ ले गए। इन दोनों व्यक्तियों ने कथित तौर पर वे पेन ड्राइव वितरित किए थे, जिनमें मौजूद वीडियो में प्रज्वल रेवन्ना (33) को महिलाओं का कथित यौन उत्पीड़न करते देखा जा सकता है। प्रज्वल, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पोते हैं। वहीं राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की। कर्नाटक राज्य महिला आयोग ने आरोपों की जांच के लिए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को एक पत्र लिखा था, जिसके बाद यह कदम उठाया गया था।

हैदराबाद में उपमुख्यमंत्री के आवास पर बम विस्फोट की धमकी

हैदराबाद। हैदराबाद में एक अज्ञात व्यक्ति ने मंगलवार को पर फोन कर बताया कि तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री एम. बी. विक्रमार्क के आधिकारिक आवास प्रजा भवन पर बम विस्फोट होने वाला है, जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कर आगाह किया कि हैदराबाद शहर में प्रजा भवन में बम फटने वाला है। पुलिस ने तुरंत बम निरोधक दस्ते की मदद से परिसर की तलाशी शुरू कर दी। वहीं महिला एवं बाल कल्याण मंत्री डी. अनसूया प्रजा भवन पहुंचीं और मामले पर चर्चा की।

भोजन के बाद हालत बिगड़ने से तीन की मौत

जयपुर, एजेंसी

- उदयपुर जिले में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे 80 लोग

राजस्थान में उदयपुर जिले के कोटड़ा थाना क्षेत्र में एक कार्यक्रम में भोजन के बाद अचानक हालत बिगड़ने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 36 अन्य का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस ने यह जानकारी दी। थानाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सावन क्यारा गांव में सोमवार को एक कार्यक्रम में करीब 80 लोग शामिल हुए थे। उनके अनुसार रात को भोजन के कुछ देर बाद कई लोगों को उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया जहां एक महिला और दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान बाबू गमार (30), मसरू गमार (28) और अमिया पारगी (35) के रूप में की गई है। कोटड़ा के ब्लाक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ शंकरलाल चव्हाण ने बताया कि सावन क्यारा में एक कार्यक्रम में खाने में बकरे का मटन, मिक्स वेज, बैंगन, टमाटर, मक्के का दलिया, दाल गुड़ आदि का भोजन में साथ लोगों को देशी और अंग्रेजी शराब भी परोसी गई थी। उन्होंने बताया कि भोजन करने और शराब का सेवन के कुछ देर बाद लोगों की तबीयत खराब हो गई थी।

दो आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में स्थानीय दो आतंकवादी आकाओं की अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया। दोनों आतंकवादी आका पाकिस्तान में रह कर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने बताया कि दोनों हैंडलर वर्तमान में पाकिस्तान में हैं, जहां से वे घाटी में आतंकवादी समूहों और आतंकी मॉड्यूल को संचालित करते हैं।

विश्वकप में गेंदबाजों का पलड़ा भारी

आईपीएल के विपरीत अमेरिका-वेस्टइंडीज के मैदानों में बल्लेबाजों पर हावी हो सकते हैं स्पिनर

01 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की जमीं पर शुरू होगा टी-20 विश्वकप का घमासान।

बेंगलुरु, एजेंसी

आईपीएल में काफी महंगे साबित हुए गेंदबाज क्या अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में थोड़ी राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस प्रश्न की उत्पत्ति आईपीएल के नवीनतम सत्र में टी-20 बल्लेबाजी में आए बदलाव के कारण हुई है। आईपीएल 2024 से पहले लीग में केवल एक बार 250 रन का आंकड़ा पार किया गया था लेकिन हाल ही में समाप्त हुए सत्र में टीमें आठ बार ऐसा करने में सफल रहीं।

आईपीएल में बल्लेबाजी को नया आयाम देने वाले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाज अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी खेलते हुए नजर आएंगे। इसलिए प्रशंसकों का एक बार फिर बल्लेबाजों के दबदबे की उम्मीद करना स्वाभाविक है, लेकिन कई कारणों से उनका रवैया विश्व कप में उतना एक आयामी नहीं हो सकता जितना कि आईपीएल में था।

सबसे पहले तो टीमों को विश्व कप में इंपेक्ट खिलाड़ी की सुविधा नहीं मिलेगी। मिचेल स्टार्क ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरा आईपीएल खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाने के बाद उस बात को स्वीकार किया। स्टार्क ने कहा था आईपीएल में इंपेक्ट खिलाड़ी नियम है और टी-20 विश्व कप में ऐसा नहीं होगा। आईपीएल के शुरुआती हिस्से में चेन्नई सुपरकिंग्स ने तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे को इंपेक्ट खिलाड़ी नियम के माध्यम से एक बल्लेबाज के रूप में इस्तेमाल किया था। दुबे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और नाइट राइडर्स के खिलाफ कुछ मैच विजेता पारियां खेलीं, लेकिन विश्व कप में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को अंतिम एकादश में जगह पाने के लिए अपने गेंदबाजी कौशल का भी इस्तेमाल करना होगा क्योंकि उप कप्तान हार्दिक पंड्या भी इसी तरह की भूमिका निभाते हैं और पहली पसंद बने हुए हैं। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा ने यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी है।

एक अनुभवी क्यूरेटर ने बताया वेस्टइंडीज की पिचें अब वैसी नहीं हैं जैसी 80 या 90 के दशक में हुआ करती थीं। अब वे धीमी हैं और कई बार गेंद रुककर भी आती है। मुझे यकीन है कि गेंदबाज, विशेषकर स्पिनर आईपीएल की तुलना में कहीं अधिक भूमिका निभाएंगे, विशेषकर टूर्नामेंट के दूसरे सप्ताह से। क्यूरेटर ने कहा भारत ने अपनी टीम में चार स्पिनरों को शामिल किया है। यह शायद वेस्टइंडीज की पिचों की प्रकृति के कारण था। इसलिए मुझे नहीं लगता कि हम वहां 250 का स्कोर देख पाएंगे। भारतीय स्पिनर जडेजा, कुलदीप और चहल में वो काबिलियत है कि वे अपने दम पर मैच को बदल सकते हैं, जो निर्णायक मुकाबलों में किसी चमत्कार से कम नहीं होगा।

अमेरिका में केवल फ्लोरिडा के पास हाई प्रोफाइल क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने का पूर्व अनुभव है। न्यूयॉर्क और टेक्सास पहली बार इस खेल की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं।

वेस्टइंडीज में अंतर्राष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का अपार अनुभव रखने वाले ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने इससे सहमति व्यक्त की। वार्नर ने कहा कैरेबिया में पिचें सूखी होने के कारण पिचें खुरदरी हो जाएंगी और स्पिन करने लगेंगी। मैंने वहां काफी क्रिकेट खेला है और सीपीएल (कैरिबियाई प्रीमियर लीग) में भी खेला हूं। विकेट धीमे और कम उछाल वाले होते जाते हैं। जैसा कि कुछ आंकड़ों से पता चलेगा वेस्टइंडीज के स्टेडियम अलग तरह के हैं।

चोटों के बावजूद भारत सबसे मजबूत टीम : मोर्गन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि भारत का प्रतिभा का भंडार और टीम के भीतर जबरदस्त गहराई उन्हें आगामी टी-20 विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार बनाती है। भारत लगभग उसी टीम के साथ उतर रहा है जो पिछले टी-20 विश्व कप में खेली थी। हालांकि युवा यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। मोर्गन ने कहा चोटों के बावजूद टूर्नामेंट में भारतीय टीम सबसे मजबूत है। उनकी मजबूती और गइराई शानदार है। वे मेरे लिए प्रबल दावेदार हैं, कागजों पर उनका स्तर। अगर वे मैदान पर भी ऐसा करते हैं तो मुझे लगता है कि वे टूर्नामेंट में किसी को भी आसानी से हरा सकते हैं। विकल्पों की अधिकता के कारण भारत शुभमन गिल और लोकेश राहुल जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल नहीं कर पाया। अगर मैं टीम का चयन कर रहा होता तो एकमात्र फैसला जो अलग होता वह यह होता कि मैं यशस्वी जायसवाल पर शुभमन गिल को तरजीह देता। मैं उसके साथ खेला हूं, मुझे पता है कि वह कैसे सोचता है। मुझे पता है कि वह कैसे काम करता है। भारत लगभग हर टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतरता है लेकिन एक दशक से अधिक समय से उसने आईसीसी का कोई खिताब नहीं जीता है।

भारत-पाकिस्तान मैच देखने न्यूयॉर्क जा सकते हैं तेंदुलकर

नई दिल्ली। चैंपियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर भारत और पाकिस्तान के बीच नौ जून को न्यूयॉर्क में होने वाले टी-20 विश्व कप के मुकाबले को देखने के लिए पहुंच सकते हैं। आईसीसी के करीबी सूत्रों ने बताया कि उसके प्रमुख प्रायोजकों में से एक ब्रांड से जुड़े तेंदुलकर न्यूयॉर्क के नासाउ क्रिकेट काउंटी मैदान पर यह मैच देखने जा सकते हैं। सूत्र ने बताया सब कुछ ठीक रहा तो सचिन न्यूयॉर्क में यह मैच देखेंगे और भारतीय टीम की हौसलाअफजाई भी करेंगे। यह नहीं पता है कि वह मैच से पहले खिलाड़ियों से मिलेंगे या नहीं लेकिन दर्शक दीर्घा में उनकी मौजूदगी ही रोहित शर्मा की टीम का मनोबल बढ़ाने के लिए काफी होगी। टेस्ट और वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन बना चुके तेंदुलकर ने 1992 से 2011 के बीच में 50 ओवरों के छह विश्व कप खेले हैं। वह 2015 वनडे विश्व कप में आईसीसी के ब्रांड दूत भी रह चुके हैं।

आईसीसी ने अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट को दिया लिस्ट-ए का दर्जा

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमेरिका में टी-20 प्रारुप में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) को आधिकारिक लिस्ट-ए का दर्जा प्रदान किया। एमएलसी का दूसरा सत्र पांच जुलाई से शुरू होगा। इसका उद्देश्य खेल के सबसे बड़े बाजारों में से एक में इसकी लोकप्रियता को बढ़ावा देना है।

आईसीसी के इस कदम से एमएलसी को आधिकारिक टी-20 लीग और अमेरिका के पहले विश्व स्तरीय घरेलू टूर्नामेंट का दर्जा मिल गया। अमेरिका एक जून से 29 जून तक खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप का सह-मेजबान है और एमएलसी का आयोजन विश्व कप के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर शुरू होगा। एमएलसी के मुताबिक अब हर शतक, अर्धशतक, रन-आउट, जीत, हार और चैंपियनशिप को खेल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रारूप में आधिकारिक करियर आंकड़ों के रूप में दर्ज किया जाएगा। इस लीग के पहले सत्र में 19 मैच खेले गए थे लेकिन एमएलसी के सीईओ विजय श्रीनिवासन ने हाल ही में कहा कि 2025 से इसमें 34 मुकाबले खेले जाएंगे।

बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए से भिड़ेगा भारत-ए

मेलबर्न। भारत-ए इस साल के अंत में प्रतिष्ठित बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। सीए ने कहा कि ये मुकाबले 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैकाय के ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और सात से 10 नवंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले जाने हैं। इन अभ्यास मैचों से दोनों टीम के उभरते हुए खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करने का मौका मिलेगा। सीए के क्रिकेट संचालन और कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा नवीनीकृत ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और एमसीजी में इन ए मैचों की मेजबानी इन 'ए' मैचों को महत्वपूर्ण दर्जा देती है और दोनों टीम के खिलाड़ियों को चयन के लिए दावा मजबूत करने का शानदार अवसर प्रदान करेगी।

नामीबिया, ओमान और कनाडा ने जीते अपने-अपने अभ्यास मैच

तरौबा/डलास, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में चार जून से शुरु होने जा रहे टी-20 विश्वकप 2024 के अभ्यास मैच के पहले दिन नामीबिया ने युगांडा, ओमान ने न्यू पापुआ गिनी और कनाडा ने नेपाल पर जीत दर्ज की।

नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी युगांडा की टीम ने रोजर मुकासा नाबाद (51) और रोबिन्सन ओबुआ की 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में युगांडा की टीम 18.5ओवर में पांच विकेट पर 135 रन ही बना सकी। वहीं कनाडा बनाम नेपाल के अभ्यास मैच में कनाडा ने शानदार खेल मुजाहिरा करते हुए नेपाल को 63 रनों से हराया। कनाडा ने सात विकेट पर 183 रनों का स्कोर खडा किया। जवाब में नेपाल की पूरी टीम 19.3 ओवर में 120 रन पर ढ़ेर हो गई। तीसरा मैच पापुआ न्यू गिनी बनाम ओमान के बीच खेला गया। इस मुकाबले में ओमान ने पापुआ न्यू गिनी को तीन विकेट से हराया। पापुआ न्यू गिनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में ओमान ने 19.1ओवर में सात विकेट पर 141 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया।

छक्कों के मामले में अभिषेक चौकों के लिए हेड रहे अव्वल

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल 2024

आईपीएल 2024 में चौके और छक्कों के मामले में इस बार सनराइजर्स हैदराबाद के दो धाकड़ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 42 छक्कों तथा ट्रैविस हेड 64 चौकों के साथ अव्वल रहे।

छक्कों और चौकों की बात की जाये दूसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और हेनरिक क्लासेन का नाम आता है। विराट इस बार 38 छक्के और 62 चौके जड़े हैं। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने भी 38 छक्के जड़े है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 36 छक्के के साथ तीसरे नंबर पर आते है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार, कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 33-33 छक्कों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदरबाद के ट्रैविस हेड 32 छक्के लगाकर पांचवें स्थान पर है। वहीं अगर चौकों की बात की जाये तो चेन्नई सुपर किंग्स के ऋतुराज गायकवाड़ 58 चौकों के साथ तीसरे स्थान रहे। चौथे नंबर पर है 54 चौकों के साथ राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जयसवाल है। केकेआर के सुनील नारायण और फिल साल्ट ने 50- 50 चौके जड़े। दोनों संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं।

सऊदी प्रो लीग में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बनाया सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड

रियाद। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग फुटबॉल सत्र का अंत सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड के साथ किया। अल नासर की अल इतिहाद पर 4-2 की जीत के दौरान रोनाल्डो ने विजेता टीम की ओर से दो गोल दागे। इसके साथ ही लीग में उनके गोलों की संख्या 35 हो गई जो 2019 में बनाए अब्दररजाक हमदल्लाह के पिछले रिकॉर्ड से एक गोल अधिक है। अल नासर की टीम 82 अंक के साथ लीग में दूसरे स्थान पर रही। टीम स्थानीय दावेदार अल हिलाल से 14 अंक पीछे रही जिसने दो हफ्ते से भी अधिक समय शेष रहते चैंपियनशिप जीत ली थी और सोमवार को सत्र का अंत 34 दौर की लीग में अजेय रहते हुए किया। टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में अल वेहदा को 2-1 से हराया। अल हिलाल की टीम नेमार की गैरमौजूदगी में भी विरोधी टीमों पर आसानी से दबदबा बनाने में सफल रही। नेमार पिछले साल अगस्त में पेरिस सेंट जर्मेन को छोड़कर इस टीम से जुड़े थे लेकिन अक्टूबर में एसीएल की चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए।

वेतन न मिलने पर तीन महिला खिलाड़ियों ने छोड़ी अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम

ब्यूनस आयर्स। अर्जेन्टीना की तीन महिला खिलाड़ियों ने दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैचों से पहले शिविर में वेतन और परिस्थितियों को लेकर विवाद के बाद राष्ट्रीय टीम छोड़ दी। राष्ट्रीय टीम में नियमित तौर पर खेलने वाली गोलकीपर लॉरिना ओलिविरोस, डिफेंडर जूलिएटा क्रूज और मिडफील्डर लोरेना बेनिटेज ने अपने कदम की घोषणा की जबकि टीम ने शुक्रवार और तीन जून को कोस्टा रिका के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए तैयारी शुरू कर दी है। क्रूज ने इंस्टाग्राम पर लिखा हम एक ऐसे बिंदू पर पहुंच गए हैं जहां हम अन्याय से थक गए हैं, हमें महत्व नहीं दिया जा रहा, हमारी बात नहीं सुनी जा रही और इससे भी बदतर, अपमानित किया जा रहा है। हमें अर्जेंटीना की महिला फुटबॉल राष्ट्रीय टीम में सुधार की जरूरत है और मैं केवल वित्त के बारे में बात नहीं कर रही। मैं ट्रेनिंग, दोपहर के भोजन, नाश्ते के बारे में बोल रही हूं। क्रूज और बेनिटेज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के ट्रेनिंग सत्र के दौरान उन्हें हैम (एक प्रकार का मांस), पनीर सैंडविच और केला मिला जो उनका मानना है कि उच्च प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों के लिए अपर्याप्त है। अर्जेंटीना के फुटबॉल संघ ने उन्हें बताया कि उन्हें दो मैत्री मैचों के लिए भुगतान भी नहीं किया जाएगा क्योंकि खेल ब्यूनस आयर्स में घरेलू मैदान पर होंगे। बेनिटेज ने कहा कि खिलाड़ियों को भुगतान ना करने के अलावा उनके परिवार के सदस्यों से टिकटों के लिए 5,000 पेसो (पांच डॉलर) का शुल्क लिया जा रहा था और ऐसी लाखों चीजें हैं जिनसे हम गुजरे हैं।

खेल डायरी

भारत ने जीता द. एशियाई टेटे चैंपियनशिप का खिताब

नई दिल्ली। भारत की अंडर-19 लड़कियों की टीम और अंडर-15 लड़कों की टीम ने श्रीलंका की टीम को हराते हुए दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अपने खिताब का बचाव किया। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने बताया कि अंडर-19 लड़कियों की टीम ने मेजबान श्रीलंका को 3-0 से हराकर दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नेपाल की टीम को 3-0 से हराया था। श्रीलंका के कैंडी में कल रात खेले गये मुकाबले में भारत की सयाली वानी ने श्रीलंका की बिमांडी बंडारा को, प्रिथा वर्तिकार ने तमादी कविंड्या को और तनीषा कोटेचा ने दिव्या धरणी को हराकर खिताब जीता। वहीं अंडर-15 वर्ग के फाइनल में भी भारत की दिव्यांशी बोमिक ने श्रीलंका की योशिनी जयवर्धने को हराया, इसके बाद सिंड्रेला दास ने शान्या मुथुली को हराया। अंडर-15 लड़कों के फाइनल में भारत के सार्थक आर्य ने अपने दोनों एकल मुकाबलों में जीत दर्ज की।

निशांत ने ओटगोंबाटार को दो मिनट में हराया

बैंकॉक। भारत के निशांत देव ने मंगोलिया के ओटगोंबाटार बियाम्बा अर्डेनेटो को महज दो मिनट में हराकर दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में 71 किलो के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि अबिनाश जामवाल हारकर बाहर हो गए। पिछले क्वालीफायर में मामूली अंतर से ओलंपिक कोटे से चूके देव ने पहले ही मिनट में अपने प्रतिद्वंद्वी पर घूंसों की बौछार कर दी। पहले दौर में 58 सेकेंड का खेल बाकी रहने पर ही रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। इससे पहले जामवाल को 63 .5 किलो के मुकाबले में कोलंबिया के जोस मैनुअल वियाफारा फोरी ने हराया। जामवाल ने तीसरे और आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन करके अंकों के आधार पर बराबरी कर ली थी। नियमों के तहत इसके बाद जजों से प्रदर्शन के फिर आकलन के लिये कहा गया। सभी ने फोरी के पक्ष में वोट किया जो 5-0 से जीत गया।

नॉर्वे शतरंज में प्रज्ञानानंदा ने अलीरेजा को दी मात

स्टेवेंगर (नॉर्वे)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने मंगलवार को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। सामान्य टाइम कंट्रोल में आसान ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलते हुए 10 मिनट मिले जबकि अलीरेजा को सात लेकिन शर्त यह थी कि उन्हें जीत दर्ज करनी थी क्योंकि ड्रॉ होने पर काले मोहरों से खेलने वाले को अतिरिक्त अंक मिलते। प्रज्ञानानंदा ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने गत विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से क्लासिकल बाजी 14 चाल में ड्रॉ खेलने के बाद 68 चाल में आर्मागेडोन बाजी ड्रॉ करके पलड़ा भारी रखा। हिकारू नाकामूरा ने आर्मागेडोन बाजी में हमवतन अमेरि की फाबियानो करूआना को हराया।

फ्रेंच ओपन में हार के बाद कोर्नेट लिया संन्यास



पेरिस। फ्रांस की महिला टेनिस खिलाड़ी एलिजे कार्नेट ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन से हार के बाद संन्यास ले लिया है। आज खेले गए मुकाबले में कार्नेट को चीन की क्विनवेन ने 6-2, 6-1 से हराया। फ्रांसीसी खिलाड़ी कॉर्नेट को टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था। उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। कार्नेट ने अपने टेनिस करियर में 69 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेले है। मैच के बाद आयोजित समारोह में कोर्नेट ने परिवार और प्रशंसकों का समर्थन के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा आपने मुझे अविश्वसनीय भावनाओं से ओतप्रोत किया है। यह विश्वास करना मुश्किल है कि ऐसा मैं आखिरी बार महसूस कर रही हूं। कार्नेट के नाम पर लगातार 69 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेलने का महिला रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 2007 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन से लेकर इस साल फ्रेंच ओपन तक प्रत्येक ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। वह हालांकि कभी क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई।

बॉलीवुड हलचल

अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडेय की वेब सीरीज कॉल मी बे ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर 6 सितंबर को रिलीज होगी। अनन्या अपना वेब सीरीज डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अनन्या कॉल मी बे सीरीज में दिखाई देने वाली हैं, जिसकी अनाउंसमेंट बीते साल हुई थी। धर्माटिक प्रोडक्शन ने एक पोस्टर शेयर कर इस सीरीज को लेकर अपडेट दिया है। धर्माटिक प्रोडक्शन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कॉल मी बे का एक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि हम अपने खास को, हर किसी का खास बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा द्वारा निर्मित और कॉलिन डी कुन्हा द्वारा निर्देशित ''कॉल मी बे'' धर्माटिक एंटरटेनमेंट का प्रोडक्शन है। यह सीरीज इसी साल 6 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। अनन्या पांडे के अलावा इस सीरीज में वीर दास, गुरफतेह परिजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं।

14 जून को ओटीटी पर रिलीज होगी महाराज

मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के पुत्र जुनैद खान की डेब्यू फिल्म महाराज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून को रिलीज हो सकती है। आमिर खान के लाडले जुनैद खान फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म महाराज में दिखाई देने वाले हैं। जुनैद ने बीते साल ही वाईआरएफ की फिल्म महाराज की शूटिंग पूरी कर ली थी। कहा जा रहा है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। जुनैद खान की डेब्यू फिल्म का ट्रेलर अगले महीने 5 जून को रिलीज हो सकता है। इस फिल्म में जुनैद खान के साथ जयदीप अहलावत, शरवरी वाघ और शालिनी पांडे भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाली हैं। महाराज सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून, 2024 को रिलीज हो सकती है।

सिंगापुर ओपन के राउंड ऑफ 32 में हारे सात्विक-चिराग

कल्लांग, एजेंसी

भारत स्टार और दुनिया की नंबर वन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी को मंगलवार को सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2024 बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के नंबर वन बैडमिंटन जोड़ी चिराग और सात्विक, डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की 34वीं रैंकिंग वाली डेनमार्क जोडी से 47 मिनट चले मुकाबले में 20-22, 18-21 से हार गई।

फ्रेंच और थाईलैंड ओपन जीतने के बाद साल के अपने तीसरे खिताब की तलाश में उतरे चिराग-सात्विक ने धीमी शुरुआत की और 4-9 से पिछड़ गए। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने इसके बाद कुछ अंक ज़रूर जुटाए लेकिन करीबी गेम में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दूसरे गेम में भी दोनों टीमें एक समय 16-16 की बराबरी पर थीं, लेकिन अंत में लुंडगार्ड और वेस्टरगार्ड ने मैच को जीत कर अगले राउंड में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

दूसरे दौर में डेनमार्क के खिलाड़ियों का मुकाबला चीन के हे जी टिंग और रेन जियांग यू से होगा। वहीं महिला एकल वर्ग में भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप को राउंड ऑफ 32 में निराशा हाथ लगी। विश्व रैंकिंग की 41 नंबर की भारतीय खिलाड़ी को थाईलैंड की पोर्नपिचा चोईकीवोंग से 19-21, 20-21 से हार हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत भी प्रतियोगिता के अगले राउंड में जगह नहीं बना सके। भारतीय शटलर को हांगकांग के ली चेऊक यू से शिकस्त मिली। वहीं, पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत, लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय बुधवार से अपना अभियान शुरू करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

पुलिस ने भेष बदलकर मारा पब-बार पर छापा

पुणे कार दुर्घटना

नागपुर, एजेंसी

पुणे कार दुर्घटना के मद्देनजर महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस अधिकारियों ने पहचान छिपाकर शहर में नियमों का उल्लंघन करने वाले पब और बार पर छापा मारा।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि नागपुर पुलिस की विशेष टीम ने पब, बार और क्लब पर छापा मारा और महाराष्ट्र निषेध अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वालों का पता लगाया। पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने बताया कि अधिकारियों के निष्कर्षों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट दर्ज होगी और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत उल्लंघन के लिए पब और क्लबों के प्रबंधन को नोटिस जारी किये जाएंगे। अन्य अधिकारी ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त सहित कम से कम 13 वरिष्ठ अधिकारी ग्राहक बनकर पब में गए और निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों ने रविवार रात कुल 13 जगहों पर छापा मारा और कई स्थानों पर भीड़भाड़ और कम उम्र के ग्राहकों को शराब परोसने जैसे नियमों का उल्लंघन होते हुए पाया। अधिकारी ने बताया कि पब के कुछ हिस्सों को निगरानी मुक्त रखने के लिए कुछ स्थानों पर बेहद चालाकी से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि कानून के मुताबिक, जिन पब या फिर बार में शराब परोसी जाती है वहां मार्शल को तैनात करना जरूरी होता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहक शराब पीकर गाड़ी न चलाएं लेकिन कोई भी पब और बार इस नियम का पालन करते हुए नहीं पाया गया।

- सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त पहुंचे ग्राहक बनकर
- नियमों के उल्लंघन पर पब और क्लबों के प्रबंधन को जारी किए जाएंगे नोटिस

गिरफ्तार डॉक्टर के लिए विधायक का सिफारिश पत्र सामने आया

पुणे। पोर्श कार दुर्घटना मामले में ससून जनरल अस्पताल के डॉ. अजय तावड़े की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता एवं महाराष्ट्र के विधायक सुनील टिंगरे का 2023 का वह पत्र सामने आया है जिसमें उन्होंने डॉ. तावड़े को चिकित्सा अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार देने की सिफारिश की थी। पुलिस ने सरकारी अस्पताल के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय तावड़े, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हलनोर और डॉ. तावड़े के अधीन काम करने वाले अतुल घाटकाम्बले को इस मामले में गिरफ्तार किया है। पुणे में 19 मई की सुबह पोर्श कार की टक्कर से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। यह कार 17 वर्षीय नाबालिग चला रहा है। जिस समय हादसा हुआ, उस समय किशोर नशे में था। किशोर को किशोर न्याय बोर्ड ने जमानत दे दी थी और उसे दुर्घटनाओं पर निबंध लिखने को कहा था लेकिन आलोचना और पुलिस द्वारा पुनरीक्षण याचिका के बाद उसे 5 जून तक हिरासत केंद्र में भेज दिया गया।

चालक के अपहरण में नाबालिग का पिता पुलिस हिरासत में

पुणे। पुणे की अदालत ने मंगलवार को पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर के पिता को परिवार के चालक के कथित अपहरण और बंधक बनाने के मामले में 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कोर्ट ने इसी मामले में आरोपी किशोर के दादा की पुलिस हिरासत भी 31 मई तक बढ़ा दी। दोनों आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एए पांडे के समक्ष पेश किया गया। पुणे शहर के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई की सुबह कथित तौर पर नाबालिग द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्श कार की चपेट में आने से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

बांग्लादेश सांसद हत्याकांड

कोलकाता में फ्लैट के सेप्टिक टैंक से मिले मांस और बाल के नमूने

कोलकाता। प. बंगाल की सीआईडी ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें कोलकाता के पास न्यू टाउन इलाके में एक फ्लैट के सेप्टिक टैंक से मांस के टुकड़े और बाल मिले हैं। संदेह है कि फ्लैट में ही बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या हुई थी। पुलिस ने सांसद के शव को टुकड़ों में काटने के आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है। आरोपी ने बांग्लादेशी सांसद के शरीर को 80 टुकड़ों में काटा और उन्हें हल्दी के साथ मिलाकर न्यू टाउन के आसपास एक नहर सहित कई स्थानों पर फेंक दिया। अधिकारी ने बताया कि सेप्टिक टैंक से करीब 3.5 किग्रा मांस और कुछ बाल बरामद हुए हैं। इनकी फोरेंसिक जांच की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये अनार की हैं या नहीं। पुलिस ने ये मानकर जांच की कि हत्या के बाद सांसद का खून शौचालय के रास्ते बहाया गया होगा और टीम ने नाली के पाइप और सेप्टिक टैंक की जांच की।

भारत दे रहा महंगी बीमारियों का सस्ता इलाज

भारत को फार्मा की राजधानी कहा जाता है और यह सस्ते चिकित्सा उपायों की उपलब्धता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत कई महंगी कैंसर की दवाओं का उत्पादन करता है और उन्हें विदेशी बाजारों में सस्ती कीमत पर बेचता है। भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनियां जेनरिक दवाओं का उत्पादन करती हैं, जो ब्रांडेड दवाओं की तुलना में काफी सस्ती होती हैं। आइए जानते हैं कुछ प्रमुख महंगी कैंसर की दवाओं और उनके जेनरिक संस्करणों के बारे में....

भारत सबसे बड़ा जेनेरिक का उत्पादक

भारत 20% वैश्विक जेनेरिक दवाओं का उत्पादन करता है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा जेनेरिक दवाओं का निर्यातक बन गया है। ब्रांडेड दवाओं की तुलना में जेनेरिक दवाएं 30-80% तक सस्ती होती हैं।

देश में निर्मित कैंसर की दवाएं

- **ग्लिवेक** : नोवार्टिस द्वारा निर्मित भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, डॉक्टर रेड्डीज, सन फार्मा, और लुपिन सोरेलिक
- **नेक्सावर** : बायर द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, ग्लेनमार्क, और डॉक्टर रेड्डीज, ट्रास्टुज़ुमैब
- **हेरसेप्टिन** : रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : बायोकॉन,
- **बेवासिजुमैब अवास्टिन** : रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता बायोकॉन, सिप्ला लेनालिडोमाइड
- **रेवलेमिड** : सेल्जीन द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : नेटको फार्मा, हेटेरो एर्बिटुक्स

स्रोत और आंकड़े

- **भारतीय फार्मास्युटिकल एलायंस** : यह संगठन भारत में फार्मा उद्योग के विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करता है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन** : भारत जेनेरिक दवाओं के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है। विभिन्न फार्मा मैगजीन और रिपोर्ट्स में भारत के फार्मा उद्योग और सस्ते चिकित्सा उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है। इन सबके माध्यम से भारत दुनिया भर के लोगों को सस्ती चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में भूमिका निभा रहा है।

एक नजर

श्रद्धा वालकर हत्याकांड में पूरक आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ और अधिक डिजिटल तथा फॉरेंसिक सबूतों के साथ एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। अदालत के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला के समक्ष करीब 3,000 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया गया। पूनावाला ने मई 2022 में राष्ट्रीय राजधानी के महरौली में वालकर की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर उन्हें शहर के अलग-अलग इलाकों में फेंक दिया था।

तीन खनिक अवैध खदान में तीसरे दिन भी फंसे रहे

डिब्रूगढ़ (असम)। असम के तिनसुकिया जिले में अवैध खदान में तीन खनिक तीसरे दिन मंगलवार को भी फंसे रहे और उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं। तिनसुकिया के आयुक्त स्वप्निल पॉल ने कहा कि अधिकारियों के अलावा, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ खनिकों का पता लगाने के लिए खोज और बचाव के अभियान में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि तीन कोयला खनिक अब भी लापता हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की एक-एक टीम और स्थानीय बचाव कर्मी लापता खनिकों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

पाकिस्तान में सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार देर रात एक जीप के गहरी खाई में गिरने से एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। क्षेत्र के जिला पुलिस अधिकारी इमरान खान ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना के शांगला जिले में तब हुई, जब एक मोड़ पर जीप के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। अधिकारी ने बताया कि मारे गए लोगों में तीन बच्चे, चार महिलाएं और चालक शामिल है। श्री खान ने कहा कि बचाव दल और स्थानीय स्वयंसेवकों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये निकटवर्ती अस्पताल ले गए। उन्होंने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार सड़क की खराब स्थिति के कारण यह हादसा हुआ।

बाकिर कालीबाफ फिर बने ईरान की संसद के अध्यक्ष

दुबई। ईरान की संसद ने मंगलवार को एक बार फिर मोहम्मद बाकिर कालीबाफ को अध्यक्ष चुना। संसद में कुल 287 सांसदों ने मतदान किया, जिनमें से 198 ने कालीबाफ को पद पर बरकरार रखने के पक्ष में वोट दिया। कालीबाफ 2021 में संसद के अध्यक्ष चुने गए थे। राष्ट्रपति चुनावों में मिली असफलताओं के बाद वह संसद के अध्यक्ष बने थे। इससे पहले वह ईरान की राजधानी तेहरान के मुखिया थे। कालीबाफ को 1999 में रिवॉल्यूशनरी गार्ड का जनरल रहते हुए ईरानी विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जाना जाता है।

अमेरिका में आए तूफान से 22 लोगों की मौत

ह्यूस्टन (अमेरिका)। मध्य और दक्षिणी अमेरिका में गत सप्ताहांत में एक के बाद एक आए शक्तिशाली तूफानों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी, बड़ी संख्या में मकान एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से तबाह हो गये और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। टेक्सास, ओक्लाहोमा, अर्कांसस और केंटकी में विनाशकारी तूफानों के कारण लोगों ने अपनी जान गंवाई। दक्षिण टेक्सास से फ्लोरिडा तक तेज गर्मी और लू ने नया रिकॉर्ड बनाया। मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान जताया है कि सोमवार के बाद ईस्ट कोस्ट में मौसम खराब हो सकता है और छुट्टियां मनाने गए लोगों से वहां से लौटने की सलाह दी गई है।

स्पेन, नॉर्वे और आयरलैंड ने फिलिस्तीन को दी मान्यता

इजराइल ने की आलोचना, कहा- कार्रवाई पर नहीं पड़ेगा इसका कोई असर

बार्सिलोना, एजेंसी

- यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच लिया गया फैसला
- इजराइल पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने का विचार करने के लिए आयरलैंड ने कहा

यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच स्पेन, नॉर्वे और आयरलैंड ने मंगलवार को फिलिस्तीन को आधिकारिक रूप से राष्ट्र की मान्यता दी। संघ में शामिल देश इजराइल पर गाजा में हमले रोकने के लिए दबाव बना रहे हैं। दर्जनों देशों ने फिलिस्तीन को मान्यता दी है लेकिन किसी बड़े पश्चिमी देश ने ऐसा नहीं किया है। वहीं, इजराइल ने इस कदम की आलोचना की और कहा, गाजा में आक्रामक कार्रवाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मैड्रिड में प्रधानमंत्री आवास के द्वार पर खड़े होकर कहा कि यह एक ऐतिहासिक फैसला है जिसका एकमात्र लक्ष्य इजराइल और फिलिस्तीन के लोगों को शांति स्थापित करने में मदद करना है। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने 'एक्स' पर किए पोस्ट में स्पेन पर हमला बोला और कहा कि सांचेज की सरकार यहूदियों के खिलाफ नरसंहार को भड़काने और युद्ध अपराधों में शामिल हो रही है। स्पेन की तर्ज पर आयरलैंड और नॉर्वे ने भी फिलिस्तीन को मान्यता देने की घोषणा की। आयरलैंड की राजधानी डबलिन में संसद के बाहर फिलिस्तीनी झंडा लहराया गया। मंत्रिमंडल की बैठक से पहले आयरलैंड के प्रधानमंत्री सिमोन हैरिस ने कहा कि मुझे लगता है कि यह दुनिया को एक संकेत भेजता है कि द्विराष्ट्र समाधान की उम्मीद बनाए रखने और इसे साकार करने में मदद के लिए एक देश के रूप में आप कुछ व्यावहारिक कदम उठा सकते हैं, जबकि कुछ अन्य लोग दुखद रूप से इसे भुला रहे हैं।

नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईदे ने कहा कि 30 से अधिक वर्षों से, नॉर्वे फिलिस्तीनी के प्रबल समर्थकों में से एक है। जब नॉर्वे ने फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दी है, तो यह नॉर्वे और फलस्तीन के संबंधों में एक मील का पत्थर है। 140 देशों ने फिलिस्तीन को राष्ट्र की मान्यता दी है, लेकिन पश्चिम के किसी प्रमुख देश ने ऐसा नहीं किया है। तीन यूरोपीय देशों का मान्यता देना फिलिस्तीनी के लिए जनमत बनाने का संकेत साबित हो सकता है और यूरोपीय संघ के देश जैसे फ्रांस और जर्मनी को भी अपने रुख पर पुनर्विचार करने का दबाव बन सकता है। आयरलैंड के नेता हैरिस ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि यूरोपीय संघ को इजराइल पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने पर विचार करना चाहिए। स्पेन का कहना है कि राफा में हमलों के लिए इजराइल पर प्रतिबंध लगना चाहिए। इजराइली विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने स्पेन से कहा है कि यरूशलम में उसके वाणिज्य दूतावास को फिलिस्तीनियों की मदद करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

बंदूकधारियों के हमले में सात की मौत, 150 लोगों का अपहरण

- नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में हुआ हमला

अबुजा। नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में एक समुदाय पर बंदूकधारियों के हमले में चार स्थानीय सुरक्षा कर्मियों सहित कम से कम सात लोग मारे गए। नाइजीरियाई मीडिया के अनुसार मुन्या सरकारी क्षेत्र के कुची समुदाय में हुई घटना के दौरान भारी हथियारों से लैस बंदूकधारियों ने 150 से अधिक निवासियों का अपहरण कर लिया था। ब्लूप्रिंट समाचार पत्र ने मुन्या सरकारी क्षेत्र के प्रमुख अमीनू नाजूम ने बताया कि बंदूकधारियों ने भारी बारिश के दौरान समुदाय पर धावा बोल दिया और घर-घर जाकर लोगों को अगवा किया। भागने का प्रयास करने वाले तीन ग्रामीणों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुठभेड़ में सरकार समर्थित सुरक्षा टास्क फोर्स के चार सदस्य भी मारे गए। उन्होंने मुन्या पर हो रहे हमलों पर दुख व्यक्त किया और सरकार से निवासियों को आतंकित करने वाले डाकुओं के खिलाफ सुरक्षा प्रयासों को मजबूत करने का आग्रह किया। पुलिस ने अभी तक नवीनतम घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

इजराइल के साथ युद्धविराम को लेकर बातचीत नहीं होगी: हमास

गाजा, एजेंसी

- इजराइली के राफा में विस्थापितों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया फैसला

हमास ने कहा है कि रविवार की रात दक्षिणी गाजा शहर राफा पर इजराइल के हमले के बाद वह गाजा पट्टी में युद्धविराम या कैदी विनिमय समझौते के लिए किसी भी बातचीत में भाग नहीं लेगा। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक हमास ने यह निर्णय इजराइली सेना द्वारा राफा के उत्तर-पश्चिम में विस्थापित नागरिकों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया है, जिसमें 10 से अधिक लोग मारे गए और घायल हो गए।

सूत्रों ने कहा कि हमास को बातचीत फिर से शुरू करने के संबंध में मिस्र या कतर में मध्यस्थों से कोई आधिकारिक अधिसूचना नहीं मिली है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक राफा शहर के पास विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इजराइली हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 45 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। हमास के वरिष्ठ अधिकारी ओसामा हमदान ने सोमवार को बेरूत में कहा कि मध्यस्थों को प्रस्तुत की गई हमारी शर्तों को छोड़कर इजराइल को कभी उसके नागरिक वापिस नहीं मिलेंगे। स्थायी युद्धविराम सहित किसी समझौते पर पहुंचने के लिए हमास की शर्तें पहले जैसी ही रहेंगी।

इजराइली हमले में 37 की मौत

दीर अल बलाह। इजराइल ने गाजा के राफा शहर पर हमले किए हैं, जिसमें कम से कम 37 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा और फिलिस्तीनी रेड क्रीसेंट ने यह जानकारी दी। दोनों के मुताबिक, रात में किए हमलों में उत्तर पश्चिम राफा के तेल अल-सुल्तान इलाके में 37 लोगों की मौत हो गई। इजराइल का कहना है कि वह गाजा-मिस्र सीमा के पास पूर्वी राफा में सीमित अभियान चला रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि राफा के पश्चिमी हिस्सों में रातभर बमबारी हुई है।

राफा में हल्के बम का प्रयोग, आग अन्य विस्फोट से लगी: इजराइली सेना

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। इजराइली सेना ने कहा है कि दक्षिणी गाजा के राफा शहर के शिविर में घातक आग लगने की घटना की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग हवाई हमले में इस्तेमाल बम से नहीं, बल्कि अन्य विस्फोट से लगी थी। सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने मंगलवार को कहा कि हमास के दो उग्रवादियों के ठिकाने पर केवल 17 किग्रा का बम दागा गया था। इतने छोटे बम से आग लगने की आशंका नहीं है और सेना इसकी पड़ताल कर रही है कि संबंधित क्षेत्र में हथियार एवं गोला-बारूद का भंडार रखा था। फिलिस्तीनी अधिकारियों के अनुसार, रविवार को हमले में 45 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। इस हमले को लेकर इजराइल के करीबी सहयोगियों सहित व्यापक तौर पर आक्रोश देखा गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे दुखद हादसा बताया।

संदेशखालि: शेख के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने ईडी की टीम पर हमले के संबंध में की कार्रवाई

सीबीआई ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर भीड़ के किए हमले के संबंध में निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और पांच पर आपराधिक साजिश और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मामले में एजेंसी का पहला आरोपपत्र सोमवार को बशीरहाट विशेष अदालत के समक्ष दायर किया गया। पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में शेख के घर पर छापेमारी करने गई ईडी की टीम पर 1,000 लोगों की भीड़ ने हमला किया था। टीम शेख को गिरफ्तार करने भी गई थी क्योंकि घोटाले में जांच के घेरे में आए, गिरफ्तार पूर्व राज्य खाद्य मंत्री ज्योति प्रिय मलिक के साथ उसके कथित संबंध थे। आरोप पत्र में सात लोगों के नाम हैं, जिनमें शेख, उसका भाई आलमगीर और सहयोगी जियाउद्दीन मुल्ला, मफुजर मुल्ला और दीदारबख्श मुल्ला शामिल हैं। सीबीआई ने आरोपियों पर आपराधिक साजिश और हत्या का प्रयास के अलावा दंगा समेत कई आरोप लगाए हैं।

इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत

ज्येष्ठ की तपती गर्मी ने सभी को बेहाल कर रखा है। सभी इससे राहत पाने के लिए कई प्रकार के उपाय कर रहे हैं। वहीं कुल लोग इस गर्मी में पशुओं को राहत पहुंचाने के लिए कई उपाय कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में गर्मी से हाथी को निजात दिलाने की कोशिश करता चिड़ियाघर संचालक। जो हाथी को पानी के बौछार से राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। ● एजेंसी

भारतीय पर्वतारोही ने एक ही सत्र में एवरेस्ट और ल्होत्से को किया फतह

काठमांडू, एजेंसी

भारतीय पर्वतारोही सत्यदीप गुप्ता

भारतीय पर्वतारोही सत्यदीप गुप्ता एक ही सत्र में दो बार माउंट एवरेस्ट और माउंट ल्होत्से को फहत करने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। वह 11 घंटे 15 मिनट में दोनों चोटियों पर चढ़ने वाले पहले भारतीय हैं।

पर्वातारोहण का आयोजन करने वाले पायनियर एडवेंचर एक्सपीडिशन के मुताबिक गुप्ता ने सोमवार दोपहर में 8,516 मीटर ऊंचे माउंट ल्होत्से और देर रात 12:45 बजे 8,849 मीटर ऊंचे माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की। यह पहली उपलब्धि है जब एक ही सत्र में दुनिया की सबसे ऊंची और चौथी सबसे ऊंची चोटियों पर किसी ने दो बार चढ़ाई की है। उन्होंने एवरेस्ट से ल्होत्से की चढ़ाई 11 घंटे 15 मिनट में करने वाला पहला भारतीय बनकर कीर्तिमान स्थापित किया है। गुप्ता के साथ पर्वतारोही गाइड पेस्टेम्बा शेरपा और नीमा उंगडी शेरपा भी थे। गुप्ता ने इससे पहले 21 मई को एवरेस्ट और 22 मई को ल्होत्से की चढ़ाई की थी।

खगोलशास्त्र हमारे सौर मंडल के नौवें ग्रह के अस्तित्व के साक्ष्य मिले

पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमय ग्रह

संवाददाता, नैनीताल

इस तरह का हो सकता है नौवां ग्रह। (काल्पनिक चित्र)

अमृत विचार : रहस्यमय ढंग से छिपे हमारे सौर मंडल के नौवे ग्रह की मौजूदगी के साक्ष्य खगोल वैज्ञानियों ने खोज निकाले हैं। इस ग्रह के अस्तित्व के सबूत क्षुद्रग्रहों से मिले हैं, जो नौवे ग्रह के गुरुत्वाकर्षण से बंधे हैं। खगोलविदों को उम्मीद है कि इसे जल्द खोज लिया जाएगा।

प्रथम दृष्टया प्लैनेट 9 नेप्च्यून के आकार का है, जो हमारे सौर मंडल के बाहरी इलाके में छिपा हुआ है। कैलटेक यूनिवर्सिटी और साउथवेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने शोध के जरिए साक्ष्य जुटाए हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार ग्रह 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण नेपच्यून से परे छोटे पिंडों का एक समूह एक साथ जुड़ जाता है। ये सुदूर सौर मंडल के पिंड क्षुद्रग्रह बेल्ट के चट्टानी पत्थर अपनी कक्षा में प्लैनेट 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण समान रूप से फैले हुए नहीं हैं। ज्ञातव्य हो कि इसी तरह आठवें ग्रह नेपच्यून की खोज की गई थी।

नेपच्यून यूरेनस की कक्षा में घूम था। गणितीय आधार पर नेप्च्यून की खोज हुई थी। हैरानी की बात है कि इसकी मौजूदगी का पता चलने के सौ साल बाद इसे देखा गया। प्लैनेट 9 भी इसी तरह खोजा जा सकता है। इसके नजदीकी क्षुद्रग्रहों की गति व कक्षा की निगरानी शुरू करने की तैयारी हो रही है। संभव है कि यहीं से प्लैनेट 9 की पुष्टि हो सकेगी। शोधकर्ताओं के अनुसार यह ग्रह पांच पृथ्वियों के आकार का होगा (नेप्च्यून के बराबर) और पृथ्वी की तुलना में सूर्य से 400 से 800 गुना अधिक दूर होगा। इस खोज को एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स ने प्रकाशन के लिए पेपर स्वीकार कर लिया है।

रुबिन वेधशाला टेलेस्कोप से होगी खोज

वेरा रुबिन वेधशाला दूरबीन नौवें ग्रह की खोज में लगाई जाएगी। इस दूरबीन को अगले वर्ष स्थापित किया जाएगा। इस दूरबीन को खासकर हमारे सौर मंडल के छोटे ब्लैक होल की खोज के लिए ईजाद किया जा रहा है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि प्लैनेट 9 की खोज में यह दूरबीन कारगर साबित होगी। प्लैनेट 9 के अस्तित्व को लेकर लंबे समय से वैज्ञानिकों के बीच चर्चा होते रही हैं। इस ग्रह को प्लैनेट एक्स नाम भी दिया गया है। इसे सौर मंडल का बेहद रहस्यमय ग्रह माना जाता है।

बांग्लादेश में रेमल के कहर से पांच और लोगों की मौत

ढाका, एजेंसी

- तेज हवाओं से पेड़ उखड़े और बिजली के खंभे गिरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सोमवार रात चक्रवाती तूफान रेमल के कारण अलग-अलग इलाकों में तेज हवाओं के साथ पेड़ उखड़ने और बिजली के खंभे गिरने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी।

ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस चौकी प्रभारी बच्चू मिया ने मंगलवार को मौतों की पुष्टि की। ढाका में आए चक्रवाती तूफान रेमल का प्रभाव आज सुबह तक देखा गया और राजधानी में बारिश और तेज हवाएं चल रहीं है। ढाका से 259 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में, खगराचारी जिले में चक्रवाती तूफान के कारण उखड़े हुए पेड़ों को हटाते समय आज तड़के अग्निशमन कर्मी की बिजली के तारों की चपेट में आने से मौत हो गयी। बांग्लादेश का तटीय क्षेत्र तूफान की तेज़ हवाओं से प्रभावित हुआ है। चक्रवाती तूफान से पेड़ और घरों और इमारतों की छतें उड़ गईं और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई है।

कथित तौर पर देश के दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में चक्रवाती तूफान से बाढ़ सुरक्षा तटबंध क्षतिग्रस्त हो गए हैं। देश के आपदा प्रबंधन और राहत राज्य मंत्री मोहम्मद मोहिबुर रहमान ने सोमवार को कहा कि चक्रवाती तूफान रेमल के बांग्लादेश के समुद्र तट से टकराने और बाद में इसके कमजोर पड़ने के दौरान कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी।

वीजा के दुरुपयोग पर 8 भारतीय श्रीलंका की हिरासत में

कोलंबो। श्रीलंका के आव्रजन अधिकारियों ने द्वीप राष्ट्र में सूचना प्रौद्योगिकी व्यवसाय संचालित कर पर्यटक वीजा का दुरुपयोग के आरोप में एक महिला सहित आठ भारतीयों को हिरासत में लिया है। इन व्यक्तियों को हाल ही में आव्रजन एवं उत्प्रवासन विभाग के अधिकारियों ने सिनामन गार्डन के पॉश आवासीय क्षेत्र में एक घर पर छापेमारी के दौरान पकड़ा था जहां वे सूचना प्रौद्योगिकी व्यवसाय संचालित करते पाए गए थे। हिरासत में लिए गए सभी व्यक्तियों के पास पर्यटक वीजा था। एक व्यक्ति अपने वीजा अवधि से अधिक समय तक रुका हुआ था। उन्होंने कहा कि आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद हिरासत में लिए गए एक महिला समेत आठ लोगों को स्वदेश भेज दिया जाएगा।